आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी 10:58 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 12 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 53, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

माधवन-फातिमा के साथ फिल्म बनाएंगे करण जौहर 15

मंगल पर क्षुद्रग्रहों की टक्कर से पृथ्वी अछूती नहीं 16

## बधाई/अवकाश सूचना

समस्त सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

विजयादशमी के अवसर पर अमृत विचार कार्यालय में दिनांक 12 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 14 अक्टूबर को प्रकाशित होगा। –संपादक

# अखिलेश बोले–देखता हूं कब तक रहेगी पुलिस, माल्यार्पण तो करूंगा

**जेपी पर गरमाई राजनीति**

## सपा प्रमुख ने सरकार को ललकारा, अपने घर के बाहर लोकनायक की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

- **अखिलेश के आवास और नेशनल कन्वेंशन सेंटर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अपने आवास के बाहर जेपी नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी और भाजपा सरकार के मध्य बीती रात से चल रहा हाई-वोल्टेज ड्रामा शुक्रवार को भी जारी रहा। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पूर्व नियोजित दौरे से पहले जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) को सील कर दिया गया है। भारी पुलिस बल तैनात करने के साथ बैरिकेडिंग कर दी गई। अखिलेश के घर के बाहर भी फोर्स खड़ी रही। इस बीच सपा प्रमुख ने अपने आवास के बाहर सड़क पर ही जेपी नारायण की एक प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही यह भी कहा कि बैरीकेडिंग सपा कार्यकर्ताओं को रोक नहीं पाएगी। पुलिस कब तक यहां रहेगी, जब हटेगी तब हम वहां माल्यार्पण करेंगे।

अखिलेश यादव शुक्रवार को जयप्रकाश नारायण की जयंती पर गोमती नगर स्थित जेपीएनआईसी का दौरा करने वाले थे। उन्होंने कहा कि जेपी जयंती के दिन सपा कार्यकर्ता उनके म्यूजियम में जयंती मनाते हैं। लेकिन हमें दो बार से माल्यार्पण करने से रोका जा रहा है। दरअसल, बीते साल भी यही स्थिति थी, लेकिन पांच फुट ऊंची दीवार लांघ कर अखिलेश ने माल्यार्पण किया था। इधर, विरोध प्रदर्शन के बीच पुलिस अधिकारी अखिलेश से बात करने के लिए उनके निजी आवास के अंदर गए। इसके बाद अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यह सरकार इस सेंटर को बेचना चाहती है। उन्होंने कहा कि बैरीकेडिंग सपा के कार्यकर्ताओं को रोक नहीं पाएगी। पुलिस कब तक यहां रहेगी। जब पुलिस वहां से हटेगी तब हम वहां माल्यार्पण करेंगे। इसी कड़ी में उन्होंने जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से समर्थन वापस लेने की मांग की।



सत्ता के मद में चूर भाजपा लोकतंत्र की बैरिकेडिंग करना चाहती है। सत्ता का तंत्र कभी लोक के तंत्र पर भारी नहीं हो सकता। अतीत से सबक लीजिए सरकार! लोकतंत्र में तानाशाही लंबी नहीं चलती। – **शिवपाल यादव**, राष्ट्रीय महासचिव, सपा



मुझे लगता है कि प्रदेश सरकार जेपीएनआईसी को भी ध्वस्त करने और किसी बड़े व्यवसायी को बेचने की कोशिश में हैं। यह सरकार मनमाने तरीके से काम कर रही है। लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जा रही है। मूर्तियों पर माल्यार्पण करने पर रोक लगाई जा रही है। – **अजय राय**, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस



लखनऊ में बड़ा बवाल खड़ा करने की सपा की कोशिशों को योगी सरकार ने नाकाम कर दिया है तो बौखलाए अखिलेश पुलिस को धमका रहे हैं। जेपी का नाम लेकर वह नौटंकी कर रहे हैं। सपा को जेपी की जयंती मनाने का नैतिक अधिकार नहीं है। उनकी सरकार के कार्यकाल में बनाया गया अर्धनिर्मित जेपीएनआईसी भ्रष्टाचार का सजीव उदाहरण है। उन्होंने भ्रष्टाचार के मामले में जेपी को भी नहीं बख्शा। – **भूपेन्द्र सिंह चौधरी**, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा

## एक नजर

### जिम कॉर्बेट पार्क का ढिकाला जोन 15 नवंबर को खुलेगा

**रामनगर।** जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क का ढिकाला जोन 15 नवंबर से सैलानियों के खुल जाएगा। लेकिन, जोन खुलने से पहले ही रात्रि विश्राम कक्ष पैक हो गए हैं। 15 से 21 नवंबर तक ऑनलाइन बुकिंग फुल हो गई है। कॉर्बेट नेशनल पार्क खुलने का देश–विदेश के पर्यटक इंतजार कर रहे हैं। पर्यटकों की पहली पसंद कॉर्बेट पार्क के ढिकाला जोन की जैव विविधता व वन्यजीवों का दीदार करना होता है। ढिकाला जोन को हर साल मानसून सीजन में 15 जून को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया जाता है। पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए अब यह 15 नवंबर को खुल जाएगा।

### लापता पायलट का पार्थिव शरीर एक महीने बाद मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लापता पायलट कमांडेंट राकेश कुमार राणा के पार्थिव शरीर का एक महीने से भी अधिक समय के बाद पता लगा लिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर एमके–3 के लापता पायलट कमांडेंट राणा का पार्थिव शरीर पोरबंदर के तट से लगभग 55 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में मिला है। कमांडेंट राणा पिछले महीने आपात लैंडिंग करने वाले हेलीकॉप्टर के पायलट–इन–कमान थे।

### नवनिर्मित नवी मुंबई हवाई अड्डे पर उतरा पहला विमान

**मुंबई।** नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को एयरबस सी295 विमान को सफलतापूर्वक उतारने का परीक्षण किया गया। भारतीय वायुसेना का परिवहन विमान सी295 दोपहर 12:14 बजे हवाई अड्डे के दक्षिणी रनवे–26 पर उतरा।

# स्वतंत्र-समावेशी हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र में शांति के लिए महत्वपूर्ण

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

- **कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता**

विएंतियान (लाओस), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के विभिन्न भागों में जारी संघर्षों का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ने का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को यूरेशिया और पश्चिम एशिया में यथाशीघ्र शांति एवं स्थिरता की बहाली का आह्वान किया। मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) को संबोधित करते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता। क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र में शांति तथा प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में है।

मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि समुद्री गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत संचालित की जानी चाहिए। नौवहन और वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक मजबूत और प्रभावी आचार संहिता बनाई जानी चाहिए और इससे क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर कोई अंकुश नहीं लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा दृष्टिकोण विकासवाद का होना चाहिए, न कि विस्तारवाद का। उन्होंने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों के कारण सबसे अधिक नकारात्मक रूप से प्रभावित देश 'ग्लोबल साउथ' के हैं। उन्होंने कहा कि यूरेशिया और पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने की सामूहिक इच्छा है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द आम तौर पर लैटिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशिनिया के क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना आवश्यक

प्रधानमंत्री ने कहा, क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण से हमें संवाद और कूटनीति पर अधिक जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वबंधु की जिम्मेदारी निभाते हुए भारत इस दिशा में हरसंभव योगदान देता रहेगा। उनकी यह टिप्पणी यूरेशिया में यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष तथा पश्चिम एशिया में इजराइल–हमास युद्ध के बीच आई है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि इसका मुकाबला करने के लिए मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को एक साथ आना होगा।

### म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली के लिए उठाए जाएं कदम

मोदी ने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संघ) की एकता और प्रमुखता का समर्थन किया है। कहा कि आसियान भारत के हिंद–प्रशांत दृष्टिकोण और क्वाड सहयोग के केन्द्र में भी है। उन्होंने कहा कि भारत की हिंद–प्रशांत महासागर पहल और हिंद–प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के बीच गहरी समानताएं हैं। मोदी ने कहा कि हम म्यांमार की स्थिति के प्रति आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। हम पांच सूत्रीय सहमति का भी समर्थन करते हैं। वहां मानवीय सहायता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने वहां लोकतंत्र की बहाली के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि इसके लिए म्यांमार को शामिल किया जाना चाहिए, अलग–थलग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के रूप में भारत अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा।

## रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल होंगे टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन



- **निदेशक मंडल की बैठक में किया गया चयन**

**मुंबई।** दिवंगत रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा अब टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन होंगे। यह विभिन्न परमार्थ-संस्थाओं का एक समूह है जो अप्रत्यक्ष रूप से 165 अरब अमेरिकी डॉलर के नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाले समूह को नियंत्रित करता है। उद्योगपति रतन टाटा (86) का बुधवार रात आयु संबंधी समस्याओं से निधन हो गया था जिसके बाद उनके उत्तराधिकारी की तलाश शुरू की गई। टाटा ट्रस्ट्स में शामिल विभिन्न ट्रस्ट के न्यासियों ने शुक्रवार को मुंबई में एक संयुक्त बैठक की और टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया। बैठक में न केवल टाटा समूह के लिए बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण सेवाओं को याद किया। इसके बाद हुई बैठकों में सर्वसम्मति से नोएल नवल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स और उसके तहत आने वाले अन्य सभी ट्रस्ट का चेयरमैन नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। इसमें कहा गया कि उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभावी होगी।

# तोप का गोला फटने से दो अग्निवीरों की मौत

नासिक, एजेंसी



अग्निवीर गोहिल विश्वराज सिंह और सैकत

- **नासिक आर्टिलरी सेंटर में परीक्षण के दौरान हुआ हादसा**
- **कारण पता करने को सेना ने शुरू की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी**

महाराष्ट्र के नासिक जिले के आर्टिलरी सेंटर में परीक्षण के दौरान एक गोले के फट जाने से दो अग्निवीरों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सेना ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि हैदराबाद आर्टिलरी सेंटर के गनर गोहिल विश्वराजसिंह (20) और गनर सैकत (21) की नासिक जिले के देवलाली में परीक्षण के दौरान मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि अग्निवीरों की एक टीम तोप से गोले छोड़ रही थी, तभी एक गोला फट गया, जिससे दो अग्निवीर घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें देवलाली के सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि हवलदार अजीत कुमार की शिकायत के आधार पर देवलाली कैंप पुलिस थाना में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है तथा जांच जारी है। सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना के सभी रैंक के अधिकारी बहादुर अग्निवीर (गनर) गोहिल विश्वराजसिंह और अग्निवीर (गनर) सैकत के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं, जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सेना ने बताया कि दुर्घटना के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

सेना ने कहा कि वह गहरी संवेदना व्यक्त करती है तथा दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

### दोनों अग्निवीरों को शहीद का दर्जा मिले

एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने एक्स पर लिखा कि ये घटना बेहद दुखद है। इन दोनों जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। रक्षा मंत्रालय को इन दोनों जवानों को शहीद का दर्जा देना चाहिए। साथ ही उनके परिवारों को मुआवजा भी दें।

## जापानी संगठन निहोन हिदान्क्यो को शांति का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** इस साल का शांति का नोबेल पुरस्कार द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर हुए अमेरिकी परमाणु बम हमलों के पीड़ितों के संगठन निहोन हिदान्क्यो को परमाणु शस्त्रों के विरुद्ध उनके कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। नॉर्वे नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वात्ने फ्रिदनेस ने शुक्रवार को जापानी संगठन को पुरस्कार देने की घोषणा करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर रोक को लेकर बनी सहमति पर दबाव है और इसलिए इस संगठन को पुरस्कार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नोबेल समिति उन सभी जीवित बचे लोगों को सम्मानित करना चाहती है, जिन्होंने शारीरिक पीड़ा और दर्दनाक यादों के बावजूद, शांति के लिए आशा तथा जुड़ाव पैदा करने के वास्ते अपने अनुभवों का उपयोग करने का विकल्प चुना है। हिदान्क्यो के अध्यक्ष तोमोयूकी मिमाकी यह खबर मिलते ही खुशी से झूम उठे और उनकी आंखें नम हो गईं।

# महादेव सट्टा एप का मुख्य आरोपी सौरभ गिरफ्तार

रायपुर, एजेंसी

- **इंटरपोल के अधिकारियों ने दुबई से सट्टा किंग को पकड़ा**



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप का मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर दुबई में गिरफ्तार हो गया है। यह कार्रवाई इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर हुई, जिसे प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अनुरोध पर जारी किया गया था।

इस मामले में ईडी, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने मिलकर एक बड़ी कार्रवाई की है। सौरभ जो पहले छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक साधारण जूस की दुकान चलाता था, वह अब महादेव एप के जरिए सट्टेबाजी का बड़ा साम्राज्य खड़ा कर चुका है। उसकी गिरफ्तारी ने इस बड़े घोटाले के प्रमुख कर्ताधर्ता को कानून के शिकंजे में ला दिया है। लगभग डेढ़ महीने पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने इस घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया था। यह निर्णय 22 अगस्त को लिया गया था और अब इस घोटाले के 'किंगपिन' सौरभ की गिरफ्तारी हुई है। महादेव सट्टा एप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल का नाम बाकायदा एफआईआर में भी दर्ज है।

## गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर को होंगे बंद

- **यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि आज तय होगी**

**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। वहीं यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि 12 अक्टूबर (शनिवार) को तय हो जाएगी। गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर को अन्नकूट पर्व के अभिजीत मुहूर्त पर दोपहर 12. 14 बजे शीतकाल के लिए श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद मां गंगा अपने मायके मुखबा में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगी। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर गंगोत्री रावल तीर्थ पुरोहितों ने गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि और मुहूर्त तय किया। गंगोत्री मंदिर के सचिव सुरेश सेमवाल का कहना है कि गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव डोली मायके मुखबा मुखीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं 3 नवंबर को भैया दूज के पावन पर्व पर मां गंगा अपने मायके मुखबा मुखीमठ पहुंचेंगी।



## मुख्यमंत्री योगी ने किया कन्या पूजन

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवास के शक्तिपीठ में नवरात्र की महानवमी पर शुक्रवार को देवी दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा–अर्चना की। गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन भी किया। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, पूजन करके भोजन कराया और उनका आशीर्वाद भी लिया। संबंधित तस्वीर में एक कन्या का पांव पखारते योगी।

## मध्य प्रदेश के देवी मंदिर में शीश चढ़ाने की कोशिश

पन्ना (मप्र), एजेंसी

- **युवक ने ब्लेड से काटी अपनी गर्दन, हालत गंभीर**
- **पन्ना जिले की घटना, अस्पताल में चल रहा इलाज**

मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में धरमपुर थाना क्षेत्र के केवटपुरा गांव के पास शुक्रवार को एक युवक के द्वारा देवी प्रतिमा के समक्ष अपनी गर्दन काटकर चढ़ाने के प्रयास का मामला सामने आया है। उसने ब्लेड से गर्दन काट ली जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।

युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के धरमपुर क्षेत्र का निवासी राजकुमार यादव (24) ने शुक्रवार की सुबह पूजन के उपरांत परिक्रमा के समय देवी मंदिर में प्रतिमा के सामने अपनी गर्दन में ब्लेड मार ली, जिससे चारों ओर खून फैल गया। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को अजयगढ़ अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका उपचार शुरू किया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

**परंपरा** अद्भुत और विख्यात है खजुआ की रामलीला, दशहरे के दिन से शुरू लीला 19 को राम–रावण युद्ध और ब्रह्मभोज तक चलेगी

# यहां राम से पहले होती है रावण की पूजा, नहीं होता पुतला दहन

शैलेश अवस्थी, खजुआ (फतेहपुर)



**अमृत विचार :** दशहरे पर हर जगह राम की पूजा होती है लेकिन यहां पहले लंका नरेश रावण की पूजा की जाती है उसके बाद राम पूजे जाते हैं। दशहरे पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के तौर पर रावण का पुतला जलाया जाता है लेकिन यहां रावण के पुतले को जलाया भी नहीं जाता, बल्कि हज़ारों दीयों की रोशनी के बीच आरती उतारकर पूजा-अर्चना की जाती है।

हम बात कर रहे हैं फतेहपुर जिले के खजुआ कस्बे की जो अद्भुत रामलीला मंचन के लिए प्रसिद्ध है। जिला मुख्यालय से तकरीबन 18 किलोमीटर दूर खजुआ को शिवनगरी भी कहा जाता है। ग्राम प्रधान अरविंद सोनी ने बताया कि जब हर जगह दशहरे पर रावण दहन के बाद रामलीला का लगभग समापन हो जाता है, तब खजुआ की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन गणेश पूजन के बाद शुरू होता है । खास बात यह कि यहां राम से पहले रावण की पूजा की जाती है। इस बार लीला दशहरे से शुरू होकर 19 अक्टूबर राम-रावण युद्ध तक चलेगी। इसके पहले रावण के साथ मेघनाथ, कुम्भकरण के पुतले और रामजी की सवारी निकाली जाएगी। रावण का सिर तांबे का होगा, जिसका भ्रमण पूरे क्षेत्र में सम्मान सहित करवाया जाएगा। इस दौरान रावण की हज़ारा आरती होगी और जगमग रोशनी के बीच उसकी पूजा की जाएगी। कई जिलों के लोग इस अद्भुत परंपरा के साक्षी बनने आते हैं। खजुआ में 118 बड़े-छोटे शिवालय हैं, जो कई साल प्राचीन हैं। यह भी एक कारण है कि यहां के लोग शिवभक्त रावण का पुतला दहन नहीं करते। यह भी कहा जाता है कि एक समय खजुआ ब्राह्मण बहुल था, इस नाते भी पुतला नहीं जलाते। यहां मेघनाथ और कुम्भकरण के पुतले स्थानीय कारीगर ही मिट्टी, कास और पुआल से तैयार कर उनका रंगरोगन करते हैं। लीला मंचन भी कुछ स्थानीय लोग ही करते हैं। राम-रावण युद्ध के बाद रावण वध की लीला होगी, लेकिन दशानन का पुतला नहीं जलाया जाएगा। इसके बाद निर्धारित तिथि पर रावण की तेरहवीं और ब्रह्मभोज होगा, तब लीला का समापन होगा।

### ब्रह्मपुराण में भी है इस स्थान का जिक्र.....

ब्राह्मपुराण में खजुआ का जिक्र है, जो पांच हज़ार साल पुराना है। यहां 118 शिवमंदिर हैं, जिनमें कुछ का जीर्णोद्धार हुआ है। मुग़लकाल में मंदिरों पर आक्रमण हुए, कुछ खंडित हुए, पर कई को किसी तरह सुरक्षित रखा गया। कस्बे में कई तालाब हैं, जिनमें कुछ अभी भी लबालब हैं। एक सर्वे के मुताबिक मंदिर परिसरों की कोई दो हज़ार बीघा ज़मीन पर कब्जे हैं, जिन्हें मुक्त कराने की कोशिश जारी है।

### औरंगजेब ने भाई को मार बनवाई थी सराय

औरंगजेब की बनवाई सराएं भी खजुआ का ऐतिहासिक महत्व बयान करती है। बताते हैं कि औरंगजेब ने अपने भाई शहशुजा को यहीं मारा था और फिर एक बड़ी सराय का निर्माण करवाया था, जिसे बादशाही बाग़ कहते हैं। इसमें जल एकत्र करने को हाऊद और जल निकासी के मुकम्मल इंतज़ाम हैं। चारों ओर बड़े गुम्मदनुमा टावर हैं। इस सराय को भारत सरकार ने राष्ट्रीय महत्व का घोषित कर रखा है।

# शारदीय नवरात्र की महानवमी की धूम, जगह-जगह भंडारे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के महापर्व की महानवमी शुक्रवार को मनाई गई। इसके चलते आस्था की बयार तेजी से बहती नजर आई। जिले भर में भंडारों का आयोजन हुआ तो देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। कहीं हलवा पूड़ी का भोग लगा तो कहीं लोगों ने दही जलेबी से माता को तृप्त कराया। इसके साथ ही महिलाओं ने श्रृंगार सामग्री चढ़ाकर अटल सौभाग्य की मन्नत मैया से मांगी। सन्मार्ग के दुर्गा पंडाल में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

लगातार नौ दिन पूजा अर्चना के बाद अंतिम दिवस शुक्रवार को अष्टमी और नवमी का महापर्व एक साथ मनाया गया। सुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। यह क्रम देर रात तक जारी रहा। नौ दिन का व्रत करने वालों ने हवन के बाद देवी को हलवा पूड़ी, खीर, चना, जलेबी आदि का भोग लगाने के बाद कन्याओं का पूजन किया। तत्पश्चात उन्हें भरपेट भोजन कराने के बाद अपने व्रत का पारण किया।

फूलमती देवी मंदिर, काली देवी मंदिर, काली दुर्गा मंदिर, क्षेमकली माता मंदिर, सिंहवाहिनी देवी मंदिर समेत समस्त देवी मंदिरों में सुबह से पहुंचे महिला पुरुष भक्तों ने माता को भोग लगाने के साथ ही श्रृंगार सामग्री अर्पित की। सन्मार्ग दुर्गा पंडाल में पं. शिवांग अग्निहोत्री ने महाआरती की जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पठकाना के नगरकोट पीतांबरा देवी मंदिर में मंत्री असीम अरुण, आशू दुबे, अवधेश राठौर आदि तमाम विशिष्टजनों ने माता की आरती की। दुर्गा पंडाल में सुबह के समय हवन के पश्चात कन्याओं को भोज कराया गया और फिर भंडारा प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक जारी रहा।

**कन्या भोज के साथ हुआ भंडारा: सौरिख।** कस्बा के बिधूना रोड पर मां दुर्गा सेवा समिति द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में माता रानी की स्थापना कराई गई थी। नवमी पर समिति के लोगों द्वारा हवन पूजन के उपरांत कन्या भोज और फिर भंडारे का आयोजन कराया। कमेटी संयोजक विजय राजपूत लालू ने बताया कि शनिवार को बैंड बाजे के साथ धूमधाम से माता रानी की विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी और खड़नी से निकली गंग नहर के पास विसर्जन किया जाएगा।



सन्मार्ग संस्था के नवदुर्गा उत्सव पंडाल में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु और कन्या भोज में शामिल कन्याएं। अमृत विचार



नगर कोट स्थित पीतांबरा देवी मंदिर की आरती में शामिल मंत्री असीम अरुण, आशू दुबे, अवधेश राठौर और अन्य लोग। अमृत विचार



नवदुर्गा उत्सव में महाआरती करते आचार्य पं. शिवांक अग्निहोत्री।

## सार-संक्षेप

### कड़ी सुरक्षा के बीच निकलेगी दुर्गा प्रतिमा विर्सजन यात्रा

**कन्नौज।** शहर के शनिवार को 33 दुर्गा प्रतिमा विर्सजन यात्रा निकाली जायेंगी। इस के लिये पुलिस ने चाक चौबंध व्यवस्था की है। अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। शहर में करीव 33 मां दुर्गा के पाण्डाल सजाये गये थे। इन में नौ दिन तक धार्मिक आयोजन किये गये। विजय दशहरा के मौके पर 12 अक्टूबर को इन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का पुलिस लाइन रोड अलियापुर के निकट गंगा के रेतीले भाग पर विर्सजन किया जायेगा।अधिक तर यात्रा 10 बजे के बाद निकलेंगी। सबसे बड़ी शक्ति विजय यात्रा, सन्मार्ग संस्था की ओर से होगी। सीओ सदर कमलेश कुमार व कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा विर्सजन यात्रा निकाली जायेगी। चप्पे चप्पे पर पुलिस व पीएसी के जवान मौजूद रहेंगे। ड्रोन कैमरे से पुलिस यात्रा की निगरानी करेगी। यात्रा के साथ पुलिस व पीएसी रहेगी।



कन्याभोज कराते जीतू प्रजापति। अमृत विचार

### भोजन कराकर बेटियों को बांटे उपहार

**गुरसहायगंज।** भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गनाइजेशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश कोषाध्यक्ष व भाजपा ओबीसी मोर्चा कन्नौज के जिला महामंत्री जीतू प्रजापति ने शुक्रवार को कन्याभोज कराया। उन्होने महानवमी के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति कन्याओं को कन्याभोज कराया और कॉपी, किताबें, पेन्सिल, रबर, कटर व बॉक्स आदि भेंटकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने बेटियों को पढ़ लिखकर आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया।



फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ करते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### सपा में व्यापारियों का हक और सम्मान सुरक्षित

**गुरसहायगंज।** व्यापारियों के सामने जीएसटी सबसे बड़ी समस्या है। इसके कारण अधिकतर व्यापारी सीए पर निर्भर हो गये हैं। जीएसटी से छोटे व्यापारियों को खासी परेशानी होती है। यह बात समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने कही। शुक्रवार को ग्राम तेराजाकेट जीटी रोड स्थित निजी प्रतिष्ठान का सपा शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित यादव व जिला महासचिव पिछड़ा वर्ग अरूण कुमार शर्मा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। इस मौके पर मोहित पाठक, अतुल राजपूत, जितेन्द्र कुमार, शिवम गुप्ता, विपिन यादव, प्रभाकांत यादव, श्यामजी राजपूत, नवीन राजपूत आदि मौजूद रहे।

### रेलवे स्टेशन से भरा पानी का नमूना

**कन्नौज।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वच्छ नीर दिवस की थीम पर कन्नौज रेलवे स्टेशन के साथ–साथ रेलवे कालोनियों, कार्यालयों, स्वास्थ्य इकाइयों, प्रशिक्षण केन्द्रों, स्कूलों, रनिंग रुम्स, लाबियों इत्यादि में पानी की टंकियों की साफ–सफाई पर जागरूक किया गया। अभियान के अंतगर्त संबंधित टीम की तरफ से जनमानस को 'जल बचाओ, जीवन बचाओं और पृथ्वी बचाओ' के स्लोगनों पानी की उपयोगिता बताई गई। कुछ रेलवे स्टेशनों पर पानी का नमूना लेकर उसमें क्लोरीन की मात्रा नाप कर जल की शुद्धता की जाँच की गई। इसके अलावा स्टालों पर मौजूद पैक्ड खाद्य पदार्थों, पानी बोतलों एवं स्टेशन परिसर के नल से पानी का नमूना संकलित कर लैब को जांच के लिए भेजा गया।

## ग्वाल मैदान से धूमधाम के साथ निकली प्रभु श्रीराम की बारात, झांकियों ने मोहा मन

# राम जी की निकली सवारी रामजी की महिमा है न्यारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्वालमैदान में चलने वाली राम लीला की राम बारात हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। बारात में शामिल करीब 40 झांकियों ने लोगों का मनमोह लिया।कन्नौज शहर में दो स्थानों पर रामलीला का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में गुरुवार की देर रात ग्वालमैदान की रामलीला कमेटी की तरफ से भव्य रामबारात का आयोजन किया गया है। मंत्री असीम अरुण व पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने भगवान श्रीराम की आरती उतारकर बारात का शुभारंभ किया।

सबसे आगे भगवान गणेश की झांकी शोभायमान थी और पीछे क्रमवार शिव पार्वती, राम दरबार, हनुमान, राम लक्ष्मण, नंदी पर सवार शिव पार्वती व तमाम देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। साउंड पर बज रहे धार्मिक गीतों ने वातावरण को आध्यात्ममय बना दिया। नगर के मुख्य मार्गों पर बारात के स्वागत के लिए पहले से ही लोगों की भीड़ जमा रही। भ्रमण के दौरान छतों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।



नंदी पर शिव–पार्वती की झांकी। अमृत विचार



राम–लक्ष्मण के साथ विश्वामित्र की जीवंत झांकी। अमृत विचार



राम बारात में शामिल खाटू श्याम की झांकी।



शिव–पार्वती की जीवंत झांकी।



श्रीराम की आरती करते व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष। अमृत विचार

### राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**सौरिख।** कस्बा के सब्जी मंडी परिसर में श्री रामलीला नाटक कमेटी पुरातन के तत्वावधान में रामलीला चल रही है। छठवें दिन उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश गुप्ता रामू ने राम दरबार की आरती कर लोगों से भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने का आग्रह किया। वहीं सीता हरण, राम सुग्रीव मित्रता, जटायु मरण, बाल वध, लीला का मंच पर बाहर के कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष जितेंद्र बिहारी हजेला जीतू, चेयरमैन राहुल गुप्ता, राजन सैनी, पंडित मुकेशानंद शास्त्री, लालू राजपूत, अनिल पाल, बासु दुबे, अभिषेक ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

## ओटीपी किसी से भी शेयर नहीं करें

**कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान (फेज-5) के तहत थानों की एन्टीरोमियों टीम ने महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान के लिये विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया गया।

शारदीय नवरात्रि पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत जिले में शुक्रवार को थानों में तैनात एन्टीरोमियो टीमों ने थाना क्षेत्र के बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, कस्बों, मंदिर के लगे पांडालों बीट क्षेत्रों, मोहल्लों, स्कूल, कालेज आदि के आस-पास गश्त, चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक कर उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता की गई। सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदो को चेतावानी देना, महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक किया गया। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम के विषय में व महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में पुलिस की पाठशाला व चौपाल लगाकर जागरूक किया गया।

# यहां पूर्णिमा पर होता रावण का दहन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **दशहरा पर प्रभु राम ने मारा था बाण और शरद पूर्णिमा पर निकले थे रावण के प्राण**

**अमृत विचार।** बुराई पर अच्छाई के दिवस के रूप में दशहरा मनाया जाता है। इस दिन जहां भगवान राम ने बुराई के प्रतीक रावण का अंत किया था वहीं नौ दिन के युद्ध के बाद महामायी ने असुरों का अंत किया था। इसलिए इसे विजय दशहरा के रूप में भी मनाते हैं लेकिन कन्नौज के परिप्रेक्ष्य में खास बात यह है कि यहां शहर में रावण दहन शरद पूर्णिमा के दिन किया जाता है।

राम के बनवास के दौरान लंकापति रावण ने उनकी पत्नी माता सीता का हरण किया था। वन-वन भटके राम के दूत बनकर लंका पहुंचे हनुमान ने सीता की खबर लाकर दी थी। इस दौरान लंका दहन भी किया था।

इसके बाद ही राम ने वानर सेना के साथ समुद्र पर पुल बांध कर लंका पर चढ़ाई की थी। मान्यता है कि विभिन्न राक्षसों के वध के बाद राम का रावण से युद्ध हुआ। कहा जाता है कि आठ दिन तक चला युद्ध तृतीया के दिन प्रारंभ हुआ था जो दशहरे के दिन रावण वध के साथ समाप्त हुआ। तबसे यह दिन दशहरे के रूप में मनाया जाता है। इसके साथ ही इसे विजय दशहरा भी कहा जाता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन माता दुर्गा ने कात्यायनी रूप में महिषासुर का वध किया था। इसलिए इसे विजय पर्व भी कहा जाता है। खास बात यह है कि लगभग पूरे देश में इस दिन रावण का दहन किया जाता है लेकिन कन्नौज शहर में चलने वाली दोनों रामलीलाओं में रावण दहन की परंपरा शरद पूर्णिमा के दिन निभाई जाती है।

बताते हैं कि दशहरे के दिन राम ने रावण के नाभि में तीर मारा था लेकिन उसका प्राणांत शरद पूर्णिमा के दिन जब आकाश से अमृत बरसता है तब हुआ था। इसलिए इस दिन रावण दहन किया जाता है और यह परंपरा 200 साल से चली आ रही है। साथ ही अमृत वर्षा की मान्यता के चलते लोग खीर बनाकर आसमान के तले रखते हैं और सुबह अमृत के रूप में सेवन करते हैं।

## उपकरण वितरण जांच कैंप 16 को

**कन्नौज।** कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर की ओर से तिर्वा के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए दो दिवसीय परीक्षण शिविर 16 और 17 अक्टूबर को लगायाजाएगा।

यह शिविर सौरिख विकास खंड कार्यालय के सभाकक्ष में लगेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि विधायक के प्रयासों से लगने वाले शिविर में परीक्षण के लिए आने वाले लोगों को आधार कार्ड की फोटो कापी व दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड लाना अनिवार्य है। आय प्रमाण पत्र जिनकी सभी स्रोतों से आय 22500 प्रति माह से कम हो या जनप्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र भी मान्य होगा।

**सतर्कता** जिलाधिकारी व एसपी ने दशहरा को लेकर किया भ्रमण, आयोजन स्थल पर ली सुरक्षा की जानकारी

# रावण वध में सुरक्षा इंतजाम रखना जरूरी

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला, प्रशिक्षु आईएएस, पुलिस अधीक्षक ने नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान लोगों को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिया।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसपी अमित कुमार आनन्द, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा,एडीएम आशीष सिंह ने गुरुवार की देर रात धार्मिक आयोजन स्थल पर आयोजकों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आयोजन सुरक्षा उपकरणों को अवश्य रखे। कार्यक्रम को शांति पूर्वक संपन्न करें। अधिकारियों ने नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, फर्रुखाबाद रोड, पावर हाउस, गांधी नगर आदि स्थानों पर भ्रमण कर निरीक्षण किया। रावण वध को लेकर विशेष प्रबंध रखने के निर्देश कोतवाल आलोक कुमार दुबे को दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी, ईओ अनिल पंडित, क्षेत्रीय लेखपाल कौशल पाण्डेय, कस्बा इंचार्ज ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, देवी चरण साहू, हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार, गजेंद्र, प्रशांत बालियान, दीपांशु आदि लोग मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार


# कार्यालय ग्राम पंचायत - नदिहा बुजुर्ग, वि0 ख0- शिवराजपुर, कानपुर नगर।

पत्रांक: मेमों/ पं0 रा0वि0आ0/पन्द्रहवॉ वि0/मनरेगा/ SLWM/ निविदा 2024–25 दिनांक 10/10/2024

## निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत नदिहा बुजुर्ग विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोंग एव पन्द्रहवॉ वित्त आयोग व मनरेगा/ SLWM/ योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 18/10/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 18/10/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 14/10/2024 से दिनांक 16/10/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोनेलाल के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.20 | 00 | 2 माह |
| 2 | विजयपाल के घर से तालाब तक नाली निर्माण। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.30 | 00 | 2 माह |
| 3 | आर. आर. सी. सेन्टर में कायाकल्प कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 4.98 | 00 | 2 माह |
| 4 | कामासी देवी मन्दिर के पास पीपल का चबूतरा निर्माण। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.99 | 00 | 2 माह |
| 5 | धर्मशाला का चबूतरा निर्माण। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.99 | 00 | 2 माह |
| 6 | रामेश्वर मन्दिर से राजाराम शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 4.98 | 00 | 2 माह |
| 7 | ग्राम सचिवालय का सुन्दरीकरण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.98 | 00 | 2 माह |

**नियम व शर्ते :–**
1–उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे ।
2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 16/10/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।
3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
4– दिनांक 18/10/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।
5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
6– बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है ।
7– आवश्यकतानुसार उक्त प्राक्कलन में स्टीमेट की लागत घट–बढ सकती है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत– नदिहा बुजुर्ग**
**शिवराजपुर कानपुर नगर**

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत– नदिहा बुजुर्ग**
**शिवराजपुर कानपुर नगर**

**आज का मौसम**

शनिवार को बादल छाए रहने की संभावना है।

| 33.0° | 23.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 05 | सूर्यास्त 05 : 52 |

## एक नजर

### अदालत के आदेश पर छेड़खानी की रिपोर्ट

**तिर्वा।** मूंगफली फसल में सिंचाई कर रही महिला के साथ दवंगो ने अश्लील हरकत के साथ मारपीट की। मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया कि वह 22 मई की देर शाम को अपने खेत में खडी मूंग फली की फसल में सिंचाई कर रही थी ।उसी दौरान बहसौरा गांव निवासी सहभाग यादव पुत्र सर्वेश, लंबरदार पुत्र रामगोपाल आए और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे ।उसकी पुत्री जब आ गइ तो आरोपी मारपीट करने लगे ।तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए ।पुलिस से शिकायत की पर न्याय न मिला तब उसने न्यायालय की शरण ली न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मेला में लापता हुई बच्ची को पुलिस ने खोजा

**छिबरामऊ।** तालग्राम रोड के बहवलपुर के रहने वाले विकास राठौर की पत्नी नवमी के मौके पर सौरिख रोड की सिद्धपीठ मां कालिका देवी के मंदिर में दर्शन करने आई थी। इनके साथ 3 साल की बेटी राधिका भी थी। मंदिर में भीड़ के चलते राधिका गुम हो गई। बच्ची महिला सिपाही अनुपा तिवारी व हेड कांस्टेबल उमेश चन्द्र ने खोजकर उसकी मां को सौंप दिया जिससे उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### 14 लोगों पर बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज

**सौरिख।** क्षेत्र में बिजली विभाग के अधिकारियों ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिजली चोरी, बिल बकाया और मीटर से छेड़छाड़ करने के आरोप में 14 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जेई सुनील कुमार वर्मा ने शुक्रवार को बिजली चोरी बिल बकाया एवं मीटर से छेड़छाड़ करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ टीम के साथ अभियान चलाया। इस दौरान राजापुर निवासी अफसाना बेगम पत्नी लतीक, सागर अली पुत्र जागीर, फैयाज अली पुत्र रफीक, अख्तयार खान पुत्र मुबारक, अतुल पुत्र राजाराम, अरुणा देवी पत्नी रामेश्वर दयाल, हरीश कुमार पुत्र झब्बूलाल, सुरेंद्र पुत्र श्रीराम, यदुवीर पुत्र जगबीर सिंह, कस्बा के इस्लामनगर निवासी हरिओम चौरसिया, तिर्वा रोड निवासी बलबीर सिंह, बिधूना रोड निवासी अमित शर्मा पर बिजली विभाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दुकान में युवक को पीटने का वीडियो वायरल

**तिर्वा।** दुकान में घुसकर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बे के खैरनगर रोड पर कालिकानगर में एक दुकान पर दवंगई के चलते एक समुदाय के सलाम पुत्र रिजवान, फैजान, शादान एंव कमरूद्दीन के पुत्र असरफ व दो अज्ञात व्यक्ति 10 अक्टूबर की दोपहर में दुकान पर घुस आए और वंहा काम कर रहे भातीपुर गांव निवासी दिनेद्र कुमार पुत्र छोटे सिंह के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में अंदरूनी चोट आ गई। मारपीट की घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। यह सीसीटीबी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने पीड़ित दिनेद्र कि तहरीर पर आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# दुकानें बंद कर भागे 7 खाद दुकानदारों को दी नोटिस

## छिबरामऊ में जिला कृषि अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने तहसील छिबरामऊ में उर्वरक की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण की भनक पाते ही सात दुकानदार दुकान बंद करके भाग गए। इससे उनकी दुकानों का निरीक्षण नहीं किया जा सका। इन सभी को जानबूझकर दुकानें बंद करने पर नोटिस जारी किया है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण की भनक पर राम शंकर प्रदीप कुमार, श्री साईं फर्टिलाइजर, रामकुमार दुबे फर्टिलाइजर गुरसहायगंज, न्यू किसान खाद भंडार, आलम कम्युनिकेशन, जुल्फिकार खाद भंडार तेराजाकेट तथा दुबे फर्टिलाइजर्स कुंवरपुर बनवारी छिबरामऊ जानबूझकर दुकान बंद करके चले गए। इन सभी को नोटिस जारी किया गया। इन सभी के यहां डीएपी की उपलब्धता है जिसके कारण इनके द्वारा कालाबाजारी की आशंका है। यदि जांच में डीएपी एवं अन्य उर्वरक अधिक दाम में बिकते पाई जाती है तो इन विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित करते हुए ई पास मशीन की आईडी बंद कर दी जाएगी।



खाद की दुकान का निरीक्षण करते जिला कृषि रक्षा अधिकारी आवेश सिंह।

उन्होंने समस्त खाद विक्रेताओं को सचेत किया कि वह बिना सूचना के दुकान बंद न करें और किसानों को निर्धारित दरों पर खाद बेंचें। जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता है 1 शनिवार रात तक इफको डीएपी की रैक लगने वाली है। इसके अलावा निजी क्षेत्र के लिएचंबल कंपनी की भी रैक लगेगी। किसानों को सलाह दी कि फास्फोरस की पूर्ति के लिए एनपीके एवं सुपर का प्रयोग करें जिससे आलू का उत्पादन अच्छा होगा। साथ ही साथ में पर्याप्त मात्रा में पोटाश भी डालें।

# लूट के दोषी को जेल में बिताई अवधि की सजा

**कन्नौज।** लूट के मामले में दोषी अभियुक्त को जुर्म स्वीकारोक्ति के बाद विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र इंद्रजीत सिंह ने जेल में बितायी अवधि की सजा से दंडित किया है तथा जुर्माना भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता ब्रजेश शुक्ल ने बताया कि मो. सईद निवासी गढ़े का पुर्वा थाना इंदरगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 फरवरी 2023 को बाइक से पत्नी मदीना व बुआ असगरी के साथ बाजार करने सौरिख जा रहा था। पीछे से बाइक पर आए तीन लोगों ने झपट्टा मारकर पत्नी का मंगलसूत्र छीन लिया। बुआ की कान की झुमकी व छोटे बैग में रखी अंगूठी लूट कर फरार हो गए।

उन लोगों ने पीछा किया, लेकिन लुटेरे भाग निकले। पुलिस ने इसमें मनीष कुमार को गिरफ्तार कर एक अप्रैल 2023 को जेल भेज दिया था। आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए स्वीकारोक्ति के आधार पर लूट का दोषी पाया और जेल में बिताई गई अवधि एक साल छह माह 10 दिन के कठोर कारावस तथा पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर 10 दिन अतिरिक्त सजा होगी।



छिबरामऊ में वर वधू को आशीर्वाद देतीं विधायक अर्चना पांडेय। अमृत विचार

# 137 जोड़े हमसफर बने

**संवाददाता, छिबरामऊ**

**अमृत विचार।** मांगलिक अवसर पर विधायक अर्चना पांडेय और मुख्य विकास अधिकारी आरके चौधरी ने वर-वधू को वैवाहिक जीवन की बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से सभी वर्ग के गरीब लोग लाभांवित हो रहे हैं। यह कार्यक्रम एक ही मंडप में पूरे विधि-विधान व रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हो रहे हैं।

नगर के नेहरू महाविद्यालय में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह की मांगलिक बेला पर 137 जोड़ों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वैवाहिक रस्मों को निभाया गया, जिसमें 8 मुस्लिम समुदाय के जोड़े भी थे, जिन्होंने निकाह कुबूल किया। विधायक अर्चना पाण्डेय ने कहा कि जो लोग अपने बेटे व बेटी का विवाह करने में सक्षम नहीं हैं, ऐसे लोगो के सम्मान के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग की ओर से सामूहिक विवाह योजना चलाई है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 51 हजार की धनराशि खर्च की जाती है, जिसमें 35 हजार कन्या के खाते में और 10 हजार की राशि विवाह संस्कार सामग्री वर-वधू के लिए वस्त्र, आभूषण-चांदी की पायल, बिछिया, डिनरसेट, कुकर, ट्राली बैग एंव लड़के का पैन्ट शर्ट, पगडी, फेटा, वैनिटी किट, दीवार घडी आदि प्रदान किये जाते है।

# आयुक्त तक पहुंचा जमीन का मामला

**छिबरामऊ।** नगर के कस्सावान मोहल्ले में वक्फ की जमीन को लेकर चल रहे विवाद को लेकर समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिन राशिद फारुकी के नेतृत्व में पदाधिकारीयों व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अधिकारियों द्वारा दबाव बनाकर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कानपुर मंडल आयुक्त अमित गुप्ता को ज्ञापन दिया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि नगर के कस्सावान में वक्फ की सम्पत्ति है, जिसका वक्फ नंबर 318 है। यह सम्पत्ति मौजा असालत नगर परगना की गाटा संख्या 372 है, जिसका रकबा 40 डिसमिल है। इसका पुराना गाटा संख्या 288 था। उससे पहले 248 था। यह सम्पत्ति नगर की आबादी में आ जाने के कारण नगर पालिका के अभिलेखों में संख्या 23/269 हो गई है। नगर के भू माफिया व प्रभावशाली नेता अधिकारियों की मदद से सरकारी सम्पत्ति बताकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। कमेटी ने जमीन पर सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए हैं। जमीन पर यथास्थिति कायम रहने और कार्रवाई करने की मांग की है। यहां वरिष्ठ सपा नेता परवेज मंसूरी, आजम इदरीसी, मोहम्मद कुरैशी, मोहम्मद सफर, गनी इदरीसी व शोएब खान आदि रहे।

# डीसीएम की टक्कर से किसान की मौत

**संवाददाता, गुरसहायगंज**

- पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर कराया शव का पोस्टमार्टम
- भाई ने दर्ज कराई अज्ञात चालक के विरुद्ध एफआईआर

**अमृत विचार।** साइकिल से मिर्च बेंचने जा रहे किसान को अनियंत्रित डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी। घायल किसान को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ग्राम रजलामऊ निवासी नीलेश शाक्य (32) पुत्र ब्रजकिशोर साइकिल से शुक्रवार की सुबह लगभग 04 बजे घर से मिर्च बेचने सराय दौलत मण्डी जा रहा था। जैसे ही वह तेराजाकेट स्थित मामा होटल के सामने पहुंचा। पीछे से आ रही डीसीएम के चालक ने तेज गति से चलाते हुए हाइवे पर किसान की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इससे किसान गंभीर रुप से घायल होकर लहूलुहान हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन घायल किसान को छिबरामऊ स्थित सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



नीलेश शाक्य।

इससे परिजनों में चीख पुकार मच गया। सूचना पर पहुंचे समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने वाहन को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की है। परिजनों ने बताया कि नीलेश खेती कर परिवार का पालन पोषण करता था। किसान की मौत से पत्नी हेमलता (32), पुत्री अंशिका (08) व पुत्र देवांशु (12) का बुरा हाल है। मृतक किसान के भाई शिवनाथ शाक्य ने डीसीएम के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# ई रिक्शा की टक्कर से युवक की मौत

**छिबरामऊ।** सौरिख रोड पर तेज रफ्तार ई रिक्शा की टक्कर लगने से पैदल जा रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां एक को मृत घोषित कर दिया गया जबकि दूसरे को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

बांगरमऊ के मियागंज निवासी 27 वर्षीय अविनाश सौरिख रोड स्थित अंकुर इंटरनेशनल स्कूल में स्टाफ के लिए खाना बनाता था। शुक्रवार की रात लगभग 8:30 बजे वह भैनपुरा निवासी दोस्त रोहित पुत्र राधा कृष्ण के साथ नगर के बाजार गया था। वहां से वापस पैदल लौटते समय सौरिख रोड स्थित डॉक्टर गणेश के क्लीनिक के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सक ने अविनाश को देखते ही मृत् घोषित कर दिया। जबकि घायल रोहित को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# निजी हॉस्पिटल संचालक 2 डाक्टर समेत 5 पर रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

- महिला का गलत आपरेशन करने से मौत का मामला
- न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुई सदर कोतवाली में रिपोर्ट

**अमृत विचार।** निजी अस्पताल में महिला का आपरेशन के बाद महिला की मौत के मामले में मेडिकल कालेज के डाक्टर व निजी अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिवाजी नगर निवासी अवधेश कुमार ने सदर कोतवाली में न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस में मेडिकल कालेज तिर्वा के डॉ. शशि गुप्ता, डॉ. वृजेश कुमार, सरायमीरा के विक्रांता हास्पिटल के संचालक, संबंधित डाक्टर व स्टाफ को आरोपी बनाया गया है। आरोप लगाया कि उस ने अपनी पत्नी अल्पना(49) का यूट्रस का आपरेशन कराने के लिये 6 अप्रैल 2024 को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। यहां पांच दिन तक इलाज चलने के बाद डाक्टरों ने आपरेशन करने से मना कर दिया। कहा कि वह सरायमीरा के विक्रांता हास्पिटल में भर्ती करें वही आपरेशन किया जायेगा।

12 अप्रैल को डॉ. शशि गुप्ता ने टीम के साथ मिल कर विक्रांता हास्पिटल में आपरेशन किया। आपरेशन के बाद उस की पत्नी की हालत खराब हो गई। बताते हैं कि आपरेशन के बाद पत्नी एक वार होश में आई। इस के बाद फिर से हालत खराब हो गई। यह देख अस्पताल प्रबंधक ने 17 अप्रैल को डॉ. संतोष कुमार को बुलाया। इस दौरान उन्होंने जांच की तो पाया कि आपरेशन के स्थान से मवाद आ रहा है।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधक व डाक्टरों की लापरवाही व गलत तरह से आपरेशन करने से उस की पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप



पार्टी कार्यालय में लोक नायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाते सपाई।

### लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई

**कन्नौज।** कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष मो0 कलीम खान जिलाध्यक्ष ने की, एवं पूर्व विधायक अरविन्द यादव ने लोकनायक को याद किया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे एवं सपा नेता जय कुमार तिवारी ने कहा आज लखनऊ में पुलिस प्रशासन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री को जयप्रकाश संग्रहालय जाने से रोका। इस पर पार्टी कार्यालय पर भारी विरोध दर्ज कराया। भाजपा सरकार, सपा सरकार में बनकर तैयार हुआ जेपी संग्रहालय आज तक चालू नहीं किया गया। सरकार इसको भी बेचनी कि फिराक में है। इसी कारण कन्नौज सांसद अखिलेश यादव को संग्रहालय जाने नहीं दिया गया। यह बहुत ही निंदनीय है। इससे कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। कार्यक्रम से रजनीकांत यादव पूर्व ब्लाक, हसीब हसन प्रदेश उपाध्यक्ष सयुस, विधानसभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह,कौशर खा, सुनील दिवाकर, अरुण यादव एडवोकेट रामशंकर सिंह लोधी राष्ट्रीय सचिव, अंशू पाल जिलाध्यक्ष युवजन सभा, योगेश शर्मा, यश दोहरे, आनन्द बाबू यादव, कमलेश कटियार, राजेश पाल, राकेश कटियार, रामबाबू यादव, गणेश दुबे, शशिमा सिंह दोहरे, विवेक पाल, राजू यादव, भानू गुप्ता आदि रहे।

### नशे में महिला ने अस्पताल में काटा हंगामा

**कन्नौज।** शुक्रवार दोपहर 12 :45 बजे एंबुलेंस चालक ने मानपुर रोड पर बेहोश पड़ी एक महिला जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। करीव एक घंटे उपचार चला। जिस समय महिला को भर्ती किया गया था उस समय उस का नाम पता नहीं चल सका। करीव एक घंटे के बाद महिला के मुंह पर पानी की छेटे मार कर उसे होश में लाया गया। उसने अपना नाम नीतू यादव पत्नी सतेंद्र यादव निवासी वहादुरपुर रोतवाली फतेहगढ़ जनपद फर्रुखाबाद बताया। जब महिला को होश आ गया तो हंगामा करने लगी। कभी स्ट्रेचर से उठ कर भागती तो कभी कर्मचारियों से गाली गलौज करती। कर्मचारियों ने उसे कुछ देर के लिये इमरजेंसी के दूसरे वार्डमें लेटने को कहा तो वह तैयार नहीं हुई। यदि कोई उस की फोटो खीचने का प्रयास करता तो वह फोन तोड़ने के लिये झपट पड़ती। कर्मचारी महिला के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रहे थे, जिससे महिला को उनके परिजनों के सुपुर्द किया जा सके। इमरजेंसी के डाक्टर ने बताया कि महिला किसी संदिग्ध नशीले पदार्थ का सेवन किये हैं। महक संतरे की तरह आ रही थी। उपचार के बाद महिला पूरी तरह से ठीक है।

### दिव्यांग बच्चों को ई ट्राई साइकिल देने का वादा

**जलालाबाद।** जेएनवी अनौगी में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इसमें अपर जिला जज ने छात्र-छात्राओं से बालिका सुरक्षा व टोल फ्री नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया। शुक्रवार को अपर जिला जज लवली जायसवाल ने छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए बताया कि वह खुद जेएनवी सीतापुर की पूर्व छात्रा रह चुकी है। दिव्यांग छात्र अनुराग को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल देने का आश्वासन दिया। दिव्यांग रक्षा राठौर से भी वार्ता की। डिप्टी सीएमओ जितेंद्र नाग ने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को शरीर के सभी अंगों की नियमित सफाई रखने पर जोर दिया। डॉ. रेनू व डॉ. रश्मि कमल ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर बहुत ही तीव्र गति के साथ 15 से 29 वर्ष की महिलाओं में पाया जा रहा है। इसके लिए सावधान रहना आवश्यक है। इसकी वैक्सीन लगवाई जाए। जिसमें 09 से 14 वर्ष के छात्र छात्राओं को दो डोज व 11 से 21 वर्ष तक तीसरा डोज देने की बात कही। उप प्राचार्य फिरोज अहमद, शिक्षक संजय कुमार यादव, संतोष कुमार, बृज मंगल सिंह, सीपी राम, सुशील कुमार, अजीत, अरुण आदि मौजूद रहे।



जिला कारागार में महिला बंदियों को साड़ी वितरित करती जिला जज की पत्नी प्रगति व अपर जिला जज लवली जायसवाल। अमृत विचार

### सिलाई से महिला बंदियों को मिलेगा स्वरोजगार

**जलालाबाद।** कारागार में महिला बंदियों में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार की धर्मपत्नी प्रगति व अपर जिला जज लवली जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की। अपर जिला जज लवली जायसवाल ने महिला बंदियों से कहा कि सिलाई प्रशिक्षण से बेरोजगारी दूर होगी और आर्थिक स्थिति भी मजबूत कर सकेंगी। अधीक्षक मो. अकरम खॉन ने महिला बंदियों की सहायता करने का आश्वासन दिया। बताया कि अग्रणी जिला प्रबन्धक के सहयोग से बैंक ऑफ इण्डिया स्वरोजगार विकास संस्थान के डायरेक्टर नितिन कटियार की ओर से महिला बंदियों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। यहां महिला बंदियों को एक-एक साड़ी, सैंडल व उनके बच्चों को कपड़े बांटे गए। नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ओपी गौतम ने बंदियों को जागरूक किया। इस दौरान कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल आशा देवी पाण्डेय, उर्मिला सिंह, नितिन कटियार निदेशक बीओआई आर-सेटी कन्नौज, ट्रेनर संगीता व प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने तिर्वा कोतवाल के खिलाफ खोला मोर्चा

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** तिर्वा कोतवाल के खिलाफ तिर्वा व्यापार मंडल वेलफेयर एसोसिएशन व नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्षों ने मोर्चा खोल दिया है। आरोप लगाया है कि कोतवाल त्योहार के मौके पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं।

शुक्रवार को एसपी अमित कुमार आनन्द के आवास पहुंचे व्यापारी नेताओं व नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्षों ने एसपी को ज्ञापन दिया। कहा गया कि तिर्वा कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह अनावश्यक रूप से अतिक्रमण हटाने के नाम पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे है। इस कार्यशैली से व्यापारियों में रोष है। कोतवाली प्रभारी तिर्वा से हटाया जाए। इस मौके पर व्यापारी नेता अमित कुमार,विकास कुमार, मोहित कुमार, सभासद राजा अवस्थी, सद्दाम,विजय, टिंकू कठेरिया, दीपक वर्मा, अंशू गुप्ता के नगर पंचायत अध्यक्ष मैताली गुप्ता के प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष सौरिख राहुल गुप्ता, छिबरामऊ, गुरसहयगंज नगर पंचायत अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मंकी पॉक्स का संदिग्ध छिपा

**संवाददाता, छिबरामऊ**

**अमृत विचार।** विशुनगढ़ में मंकी पॉक्स के संदिग्ध मरीज के होने की सूचना पर सैंपल लेने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम को नहीं मिला। अब स्वास्थ्य विभाग पुलिस टीम के साथ संदिग्ध की तलाश कर रहा है।

विशुनगढ़ सीएचसी के डॉ. दर्पण सिंह ने बताया कि कस्बे के चुन्नीगंज चौराहा निवासी टेंपो चालक के मंकी पॉक्स का संदिग्ध होने की जानकारी टीम ब्लड सैंपल लेने पहुंची तो परिजनों ने विरोध करते हुए मरीज को कहीं छिपा दिया। मरीज की बिना जांच के मंकी पॉक्स की पुष्टि नहीं की जा सकती है। उन्होंने पुलिस से सहयोग के लिए थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर बताया तो पुलिस भी गई। उन्होंने बताया कि टेंपो चालक के शरीर में फफोले पड़ गए थे। वह फर्रुखाबाद में एक डॉक्टर के यहां गया था। वहां फफोले देख डॉक्टर ने मंकी पॉक्स का संदिग्ध मानते हुए सीएमओ को फोन किया था। सीएमओ के निर्देश पर संदिग्ध मरीज के घर सैंपल लेने के लिए गए थे, लेकिन उसे कहीं छुपा दिया गया है। टीम उसकी तलाश कर रही है।



मंकी पॉक्स के मरीज को ढूंढती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**सरकार पर निशाना** — भाजपा सरकार लोकतंत्र की बैरीकेडिंग करना चाहती है, तरीन्द्र बैरगरा गांव में शोक संवेदना जताने पहुंचे थे सपा के राष्ट्रीय महासचिव

# लोकतंत्र में तानाशाही लंबी नहीं चलती : शिवपाल यादव

**संवाददाता, सौरिख**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के तरिंद्र बैरगरा गांव में युवक की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे समाजवादी ऑपार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सत्ता के मद में चूर होकर लोकतंत्र की बैरीकेडिंग करना चाहती है, लेकिन सत्ता का तंत्र कभी लोक तंत्र पर भारी नहीं हो सका।

तरिंद्र बैरगरा गांव के छेदीलाल शाक्य के छोटे भाई वीरेंद्र शाक्य की मृत्यु पर शुक्रवार को पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने शोक संवेदना जताई। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के मद में चूर हो गई है और लोकतंत्र की बैरीकेडिंग करना चाहती है, लेकिन सत्ता का तंत्र कभी लोक तंत्र पर भारी नहीं हो सकता। अतीत से सबक लेना चाहिए। लोकतंत्र में तानाशाही लंबी नहीं चलती है।



लोगों से बातचीत करते शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुलिस ने घर से निकलने नहीं दिया, जो निंदनीय है। इस दौरान आदमपुर उम्मेद गांव में पार्टी कार्यकर्ता प्रिंस यादव, अवधेश यादव, बबलू गुप्ता ने काफिला को रोककर उनका माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद वे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से इटावा के लिए रवाना हो गए। इस दौरान देवपाल सिंह यादव, गुड्डी देवी शाक्य, दीप सिंह यादव, महेंद्र पाल सिंह प्रधान, कुलदीप यादव, अमर सिंह, पृथ्वीराज आदि पार्टी के लोग मौजूद रहे।



इंदरगढ़ तिराहे पर धरने पर बैठे सपाई। अमृत विचार

### रैली रोक धरने पर बैठे सपाई

**तिर्वा।** सपा अध्यक्ष के नजरबंद होने की सूचना मिलते ही साइकिलों से लखनऊ जा रहे सपाइयों ने तहसील के पास धरना प्रदर्शन शुरू कर सरकार के विरोध में नारेबाजी की। मथुरा के एक दर्जन से अधिक युवा सपा नेता साइकिल रैली निकालकर सपा मुखिया से मिलने लखनऊ जा रहे थे। पूर्व सीएम मुलायम सिंह को श्रृद्धांजलि देने के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से इटावा उतरकर सैफई में रुक गए। वहां से इंदरगढ़ होते हुए तिर्वा कट से लखनऊ जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अखिलेश यादव के नजरबंद होने की जानकारी लग गई। इससे युवा आक्रोशित हो गए। सपाईयो ने पहले इंदरगढ़ तिराहा पर धरना दिया। इसके बाद तहसील पास पहुंच धरना प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार विरोधी नारे बाजी करने लगे। प्रदर्शन की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस के रोकने पर सपाई एक्सप्रेस वे होते हुए चले गए।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** नगर के मुहल्ला नगला हीरासिंह निवासी चरनसिंह का 16 वर्षीय पुत्र सौरभ दोपहर लगभग डेढ़ बजे अपनी साइकिल से नवाबगंज चौराहे पर सौदा लेने जा रहा था। पेट्रोल पंप चौराहे के पास पीछे से आये बाइक सवार थाना कायमगंज के गांव ज्योंना निवासी बीरू ने सौरभ की साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार बीरू और साइकिल सवार सौरभ सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से दोनो घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया। यहां मौजूद चिकित्सक ने घायल सौरभ की हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया लोहिया रिफर कर दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार 3 घायल

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव झकरई निवासी रेखा देवी पत्नी प्रवेश कुमार अपनी तीन वर्षीय पुत्री शिवांगिनी की दवा लेकर नवाबगंज से अपने देवर विद्या रतन के साथ बाइक से घर जा रही थी। थाना नवाबगंज के गांव फतनपुर के निकट सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे विद्यारतन, रेखा देवी व शिवांगिनी बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां मौजूद फार्मासिस्ट ने विद्यारतन की हालत गंभीर देख उसे लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी रामदीन (50) अपने ही मोहल्ले के रामनरेश (55) के साथ बाइक से कम्पिल क्षेत्र के गांव मनिकपुर दावत खाने जा रहे थे मनिकपुर मोड़ पर सामने से आ रही तेज रफ़्तार पिकअप ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगते ही दोनों उछल कर दूर जा गिरे और गंभीर घायल हो गये। उधर टक्कर मारने के बाद पिकअप चालक पिकअप लेकर भागा निकला लेकिन पुलिस ने पिकअप का पीछा कर उसे पकड़ लिया। दोनों घायलों को कम्पिल पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### 3 ने पीया कीटनाशक, 2 की हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव जौरा निवासी रेखा (40) पत्नी भूप सिंह, उलियापुर निवासी नरेन्द्र की 17 वर्षीय पुत्री शिखा व थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव खुड़ना खार निवासी कंचन (19) पत्नी आदेश कुमार ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया जानकारी होने पर परिजनों ने तीनों के गंभीर हालत मे सीएचसी लाये जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने रेखा व शिखा को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना में 2, घायल 1 की हालत गंभीर

**कायमगंजफर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना मे क्षेत्र के गांव शिवरई वरियार निवासी पुष्पेंद्र (29) व मेंहदी बाग निवासी इंद्रजीत (26) मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये आसपास के लोगों ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद पुष्पेंद्र को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# साइबर ठगी के आरोप में 1 गिरफ्तार, 7 पर मुकदमा

## पिछले दो वर्षों में साइबर अपराधियों की तलाश में कई राज्यों की पुलिस यहां पर दे चुकी है दस्तक

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं 1 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के पास से कई मोबाइल, सिम, नकदी आदि बरामद किये हैं। इससे पूर्व भी जिले में थाना राजेपुर फर्रुखाबाद कोतवाली थाना कादरी गेट पर साइबर ठगी से संबंधित कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। पिछले दो वर्ष में गंगा पार क्षेत्र में कई राज्यों की पुलिस साइबर अपराधियों की तलाश में दबिश दे चुकी है।

थाना साइबर अपराध फतेहगढ़ की टीम को प्रतिबिंब एनसीआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों से संबंधित मोबाइल नंबरों के सत्यापन के दौरान अहम जानकारी मिली थी, जिसके अनुसार जिले के कुछ लोग एप के माध्यम से ट्रांसपोर्ट के नाम पर फर्जी कूट रचित दस्तावेज तैयार कर अंतर्जनपदीय और अंतरराज्य



आशीष कुमार।

- **प्रतिबिंब पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायतों के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने की कार्रवाई**

स्तर पर साइबर ठगी कर रहे हैं। इस संबंध में पुलिस ने अपने मुखबिर सक्रिय किए। इसके बाद आरोपी आशीष कुमार निवासी ग्राम नगला हूसा थाना अमृतपुर को साइबर अपराध के मामले में गिरफ्तार किया है। आशीष के अनुसार सचिन सिंह, आकाश यादव, प्रदीप शर्मा, मोहित यादव, अवनीश यादव, गोविंद कश्यप निवासी नगला हूसा अमृतपुर उसके साथ धोखाधड़ी व साइबर ठगी करते हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उसके साथियों की भी तलाश कर रही है।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी आशीष ने बताया कि

> साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। आने वाले समय में और बड़े स्तर पर कार्रवाई की जायेगी। जिले से साइबर अपराध को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा।
>
> –डॉ संजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक

वह जस्टडायल एप के माध्यम से इंक्वारी प्राप्त कर लोगों को व्हाट्सएप और मोबाइल नंबर पर कॉल कर ट्रांसपोर्ट सर्विस के नाम पर गाड़ी भेजने की बात कहता था। इसके बाद यूपीआई के माध्यम से उसके साथी गोविंद खातों में एडवांस रुपए लेता है। ग्राहकों को झांसे में लेने के लिए फर्जी कूट रचित रसीद बनाकर भी भेजते हैं। गांव का ही गोविंद कश्यप आरोपी एवं अन्य को साइबर ठगी के लिए फर्जी सिम और बैंक खाते में उपलब्ध कराता है। इसके बदले में गोविंद कश्यप आरोपी एवं अन्य साइबर ठगी से ठगी की धनराशि का 25% कमीशन लेता है।

### गंगा पार क्षेत्र के कई गांव में फैला है साइबर ठगों का मकड़ जाल

गंगा पार क्षेत्र जिसमें थाना राजेपुर और थाना अमृतपुर क्षेत्र आता है। विगत 2 वर्ष के अंदर दोनों थाना क्षेत्र में जम्मू कश्मीर, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों की पुलिस साइबर ठगों की तलाश में आकर दबिश दे चुकी हैं। यहां से कई आरोपियों को पकड़कर भी ले जाया जा चुका है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव में सैकड़ों साइबर ठग मौजूद हैं।

### विगत वर्ष साइबर ठगों की धड़पकड़ को चला था अभियान

विगत वर्ष फर्रुखाबाद कोतवाली में आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ जस्ट डायल एप से साइबर ठगी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। किसी प्रकरण में एक लग्जरी कार को भी जब्त की गई थी। इसके कुछ दिन बाद ही थाना कादरी गेट पर भी एक अभियोग पंजीकृत हुआ और कई आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए। थाना राजेपुर में भी एक अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों को पकड़ा गया। लेकिन कोई बड़ी कार्रवाई नहीं होने से फिर से साइबर ठग सक्रिय हो गए

### महाराष्ट्र के एक व्यापारी को बनाया था ठगी का शिकार

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जस्ट डायल एप से प्राप्त इंक्वारी के माध्यम से महाराष्ट्र निवासी मनोज भड़गले को उन्होंने साइबर ठगी का शिकार बनाया था। कूट रचित दस्तावेजों को व्हाट्सएप पर भेज कर वह फर्जी ट्रांसपोर्ट के नाम पर 5340 रुपये ठगे थे। वहीं आरोपी के पास से प्राप्त हुए तीनों सिम फर्जी होने की पुष्टि उसके द्वारा की गई। आरोपी की पास से फर्जी बिल बाउचर समेत काफी सामान हुआ हुआ बरामद हुआ, जिसमें 2 मोबाइल, 5340 रुपये, 3 डीएल, 3 एटीएम, 1 आईपीपीबी कार्ड, 1 आधार कार्ड व 3 सिम, बरामद किया गया है।

## सार-संक्षेप



जीणोद्धार भवन का उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी।

### एसपी ने अमृतपुर कोतवाली जीर्णोद्धार भवन का किया उद्घाटन

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने अमृतपुर कोतवाली के जीर्णोद्धार कराये गये भवन का फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर सीओ अमृतपुर, कोतवाली अमृतपुर इंसपेक्टर आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### चिश्ती साबरी का आठवां उर्स जुम्मे रात से शुरू

**फर्रुखाबाद।** रखा दरगाह हज़रत सैयद पहलवान शाह बाबा बनखड़िया फतेहगढ़ के तीसरे खलीफा हजरत खुदादीन बाबा चिश्ती साबरी का आठवां सालाना उर्फ शरीफ नौचंदी जुम्मे रात को शुरू हुआ। इस दौरान काफी संख्या में जाएरीन की भीड़ उमड़ी। उसके दौरान सुबह गुसल के बाद चादर पेश की गई दि भर दाल रोटी का लंगर चलता रहा दोपहर को फातिहा जोहर की नमाज के बाद हुई महफिल में कव्वाली का आयोजन किया गया जिसमें फर्रुखाबाद के कमालुद्दीन कव्वाल, अनीश कव्वाल कन्नौज, जहीर कव्वाल गुरसहायगंज, मुन्ना मेहरबान ताज कव्वाल फर्रुखाबाद, अनवर कव्वाल गुरसहायगंज, रहमत कव्वाल शाहजहांपुर ने नगमे पेश किए। दिनभर दरगाह पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दरगाह के आस पास मेले जैसा माहौल नजर आया। तबरूख तकसीम किया गया। शाम को कुल शरीफ के बाद उर्स संपन्न हुआ। सभी कार्यक्रम अब्दुल हक साबरी सज्जादा नसीन दरगाह रखा बाबा की देखरेख में हुआ दरगाह के खादिम पप्पू भैया, गोपाल, रवि, इंद्रजीत, डॉक्टर मोहित खन्ना, अहमद, ताजुद्दीन, रामदास, मज्जू भैया, तालिब, संतोष चंद्र, विकास राज यादव, आनंद सिंह, राजीव कुमार आदि लोगों ने संपन्न कराया।



जिला अस्पताल लोहिया का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ .बीके सिंह। अमृत विचार

# जल्द ही जिला अस्पताल में स्थापित होगी पुलिस चौकी

- **जिला अस्पताल लोहिया का डीएम ने किया निरीक्षण**

**फर्रुखाबाद।** जिला अस्पताल लोहिया का जिलधिकारी ने निरीक्षण किया। वहीं एनआरसी वार्ड में इलाज के दौरान स्वस्थ हुए 12बच्चों व उनकी माताओं को उपहार दिए।

शुक्रवार दोपहर करीब 11:30 बजे जिलाधिकारी डॉ वी.के सिंह जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे। जहां पर उन्होंने हड्डी वॉर्ड का बारीकी से निरीक्षण किया और मरीजों से मिलने वाली दवाओं और नाश्ता एवं खाने की व्यवस्था की जानकारी ली। हड्डी वॉर्ड में भर्ती एक्सीडेंट में घायल हुए युवक ने कान से खून आने की बात जिलाधिकारी को बताई गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल डिप्टी सीएमओ सर्वेश यादव को सर्जन को बुलाकर दिखाने को कहा।

इसके बाद जिलाधिकारी ने एनआरसी वार्ड में पहुंचकर इलाज के बाद स्वस्थ हुए 12 बच्चों को वस्त्र, फल, बॉर्नविटा, दही जलेबी आदि उपहार भेंट किया और बच्चों की माताओं को साड़ी उपहार में भेंट कर बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने को कहा। कुपोषित बच्चों के बेहतर इलाज के लिए जिलाधिकारी ने एनआरसी वार्ड इंचार्ज डॉक्टर विवेक सक्सेना की तारीफ की। जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह ने बताया कि जल्द ही जिला अस्पताल लोहिया में पुलिस चौकी स्थापित कर दी जाएगी। इससे शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ अराजकतत्वों पर नजर रखी जाएगी।

### युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** ग्रामीणों ने शुक्रवार दोपहर को गंगा में उतराता हुआ एक शव देखा। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी खुदागंज चौकी इंचार्ज को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानाकरी करने शव की शिनाख्त बीडीसी अरुण कुमार के रूप में हुई। पता चला कि गुरुवार शाम 5:00 बजे वह मछली मारने के लिए गंगा नदी पर गए थे इसके बाद से घर वापस नहीं आए। परिजनों ने खोजबीन की परंतु अरुण कुमार का कोई पता नहीं चला। शुक्रवार दोपहर 11:00 बजे उनका शव गंगा में उतराता हुआ मिला।

# करणी सेना ने समाज को दी नई दिशा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- **युवा महापुरुषों के स्वाभिमान को अपनायें : शैलेंद्र सिंह राठौड़**
- **दशहरा की पूर्व संध्या पर करणी सेना ने किया शस्त्र पूजन**

**अमृत विचार।** दशहरा की पूर्व संध्या पर करणी सेना ने शस्त्र पूजन कर एकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि करणी सेना ने समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। युवाओं को समाज के महापुरुषों के स्वाभिमान को अपनाने की जरूरत है। युवाओं को नशे आदि से दूर रहकर शिक्षा और व्यापार, रोजगार पर ध्यान देना चाहिए। समाज के जो समृद्ध लोग हैं उन्हें नवयुवकों को मार्गदर्शन और सहयोग करना चाहिए।

शहर के मोहल्ला दीनदयाल बाग स्थित जिला कार्यालय पर शुक्रवार शाम करणी सेना ने शस्त्र पूजन कार्यक्रम का किया। इस दौरान जिला महासचिव प्रदीप सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि शैलेंद्र सिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि बीएस सोमवंशी, सुशील सिंह राठौड़ हरभान सिंह गहरवार का माला पहनाकर स्वागत किया।

वैदिक परंपरा से शस्त्रों का पूजन किया गया। संचालक महेश पाल उपकारी ने कहा कि क्षत्रिय समाज के लिए शस्त्र आभूषण के समान है। लेकिन आज के समय में शिक्षा और जागरूकता सबसे बड़े शस्त्र हैं। इसलिए समाज के व्यक्ति को शिक्षित होना अति आवश्यक है। आज के समय में कलम से लड़ी जाने वाली लड़ाई काफी मजबूत हो चुकी है। जिला अध्यक्ष मंथन ठाकुर ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने हमेशा जरूरत पड़ने पर देश की रक्षा और अखंडता बनाए रखने के लिए अपना रक्त बहाया है। दशहरा का कार्यक्रम हमारे शौर्य बाल और एकता का प्रतीक है। इसमें सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।



शस्त्र पूजन करते करणी सेना के पदाधिकारी। अमृत विचार

### क्षत्रिय महासभा का विजय दशमी पर्व आज

**फर्रुखाबाद।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के बैनर तले विजय दशमी पर्व एवं शस्त्र पूजन व सम्मान समारोह बघार स्थित क्षत्रिय भवन राजपूताना पब्लिक स्कूल के निकट मनाया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर ने बढ़पुर स्थित होटल राजपूताना में यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री जयेंत्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि मानवेंद्र सिंह विधायक सवाजपुर हरदोई होंगे। कार्यक्रम के संयोजक उदय प्रताप सिंह राठौर होंगे। उन्होंने बताया कि क्षत्रिय भवन में 12 अक्टूबर को सुबह 9 बजे शस्त्र पूजन, उसके बाद विजय दशमी पर कार्यक्रम होगा जिसमे हाईस्कूल, इंटरमिडियट, स्नातक, अन्य डिप्लोमा धारी 70 फीसद अंक पाने वाले मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा शिक्षक, उद्यमी, कृषक सहित वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय वरिष्ठ मंत्री डीएसराठौर, जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह, महामंत्री ब्रजेश परिहार, कार्यक्रम संयोजक उदय प्रताप सिंह राठौर, महेशपाल सिंह उपकारी आदि मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1411/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 10.10.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रंजना पत्नी मुकेश कुमार | श्री राजेश कुमार पुत्र अन्तराम | सिकन्दरपुरा–3 | 05 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर



**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1408/1/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 10.10.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मीरा पत्नी काशीराम | श्री रामजीवन पुत्र शिवनाथ | मियांपुरा अतरौली | 09 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर
















**हैण्डलूम महोत्सव** छोटे बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र है झूले

# महोत्सव में खरीदारी को पहुंचे लोग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद हैण्डलूम हस्तशिल्प महोत्सव विगत 1 अक्टूबर से फर्रुखाबाद फतेहगढ़ के बीच नेकपुर क्रासिंग के निकट लगा हुआ है। फर्रुखाबाद हैण्डलम हस्त शिल्प महोत्सव में बाहर से आये दुकानदारों ने अलग-अलग तरह के महिलाओं के कपड़े, क्राकरी, बहतरीन हैण्डलम हस्त शिल्प कालीन आदि के स्टाल लग गये हैं। यहां पर शाम को 7 बजे से लोग का पहुंचने लगते हैं और देर रात तक काफी रौनक बनी रहती है। शहर को लोग परिवार के साथ हैण्डलूम हस्त शिल्प महोत्सव में पहुंच रहे हैं।

फर्रुखाबाद हैण्डलूम हस्त शिल्प महोत्सव में बाहर से आये दुकानदार अपनी -अपनी दुकानों में बेहतरीन माल सजा चुके हैं। गेट पर घुसते ही आजाद सुपर सॉफ्टी का स्टाल है जो विधूना से आया है बूढ़े, बच्चों क्या जवान हर किसी को सुपर सोफ्टी स्टाल पर सॉफ्टी आइसक्रीम खा कर मजा ले रहा है। महोत्सव में भूत बंगला है जो बच्चों के लिए डरावना भूत बंगला है बना हुआ है। हस्त शिल्प महोत्सव में महिलाओं के लिए बाहर से बेहतरीन सूट, जींस पैन्ट, कपडे तथा लेडीज चूड़ी व कंगन, लेडीज व जेन्टस जूती, चप्पल, बच्चों केलिए आकर्षक खिलौने, कई प्रकार के झूल मौजूद हैं। महोत्सव में लजीज व्यंजन के लिए ब्रजभाषी रेस्टोरेंट, एण्ड फास्टफूड मैनपुरी से आया है, महिलाएं चटकारे मारकर फास्टफूड का जायका लेकर लुत्फ उठा रही हैं। हाथ से कारीगरों से बनी हुई बेहतरीन कई प्रकार की कालीने व तामिल नाडू के कई प्रकार के लजीज पापड़ की कई प्रकार की वैराटियां लोगों को लुभा रही हैं। महिलाओं के लिए, राजस्थानी आचार, हैण्डकाफ्ट, आसाम का बैम्बो हैण्डी काफ्ट के कई आकर्षक उपहार व बैग आदि मौजूद हैं जो महिलाएं बेहद पसंद कर रही है। बाम्बे की मशहुर भेलपूरी महिलाओं व स्कूली बच्चों को जी ललचाने पर मजबूर कर रही हैं। फर्रुखाबाद हैण्डलम हस्त शिल्प महोत्सव के प्रबंधक गौरव दुबे व सुशील ने बताया कि अमृत विचार हिन्दी दैनिक अखबार हमारा मीडिया पार्टनर है।



महोत्सव की दुकान में खरीदारी करतीं युवतियां। अमृत विचार

अमृत विचार परिवार की ओर से दशहरा एवं दीपोत्सव के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें











भाजपा जिंदाबाद
मोदी, योगी जिंदाबाद
दशहरा एवं दीपोत्सव की सभी जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
देवेन्द्र सिंह भदौरिया 'पुत्तन'
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा
फ्रेन्ड्स कालोनी, इटावा

विजय दशहरा एवं दीपोत्सव के पावन पर्व की जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
SHRI BIHARI JI
Casuals

Vijay Chauhan
All Kind of Branded & Imported Complete
Mens Wear & Accessories
Shop No. : F F-2 "BABA THE MALL"
Shastri Chauraha, Etawah
Mo. : 9410800318, 9760790145

दशहरा एवं दीपोत्सव के पावन पर्व
की सभी जनपद वासियों
को
हार्दिक
शुभकामनाएं


समस्त पदाधिकारी,
कार्यकारिणी सदस्य
अनिल गौर
अध्यक्ष
जिला बार एसोसिएशन
इटावा
देवेन्द्र पाल सिंह
महामंत्री

दशहरा एवं दीपोत्सव के पावन पर्व की सभी जनपद वासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
अश्वनी सिंह
वरिष्ठ अधिवक्ता

पताः न्यू एडवोकेट बिल्डिंग चैम्बर नंबर-01 कलेक्ट्रेट कम्पाउंड, इटावा
मो0: 9410221808, 853405600

शिक्षक एकता जिंदाबाद
पीएसपीएसए जिंदाबाद
विजय दशहरा एवं दीपोत्सव के पावन पर्व
पर सभी शिक्षकों, अभिभावकों,को

हार्दिक शुभकामनाएं
सर्वजीत सिंह
भदौरिया
जिलाध्यक्ष
प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन, इटावा

# युवती अगवा, हत्या की आशंका

## आईटीआई चौराहे से अगवा, तलाश तेज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पिता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- बाजार के लिए निकली थी युवती, कोई सुराग नहीं

**अमृत विचार।** दो दिन पहले शहर के आईटीआई चौराहे के पास से एक युवती को बाइक से अगवा किए जाने का मामला सामने आया है। युवती बाजार जाने के लिए घर से निकली थी, जिसे दो युवक अगवा कर ले गए। पिता ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

शहर के फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर में बताया कि आठ अक्टूबर को अपराह्न दो बजे उसकी 25 वर्षीय बेटी 20 हजार रुपए और जेवरात लेकर घर से बाजार जाने के लिए निकली थी। देर शाम तक वह घर वापस नहीं आई तो उसकी खोजबीन की गई। देर रात तक उसका कुछ पता नहीं चल सका।

अगले दिन खोजबीन के दौरान पता चला कि आईटीआई चौराहा पर दो युवक जबरन उसे बाइक पर बिठाकर नेशनल हाईवे पर आगरा की ओर अगवा कर ले गए हैं।

पिता ने नकदी और जेवरात के लालच में बेटी की हत्या भी किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शहर के शकुंतला नगर नई मंडी के रहने वाले आर्यन यादव उर्फ भुर्री और रणवीर नगर के रहने वाले विशाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्र ने बताया कि इस पूरे मामले की गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है। दोनों युवकों के साथ युवती की तलाश की जा रही है।

# बाइक सवारों ने झपट्टा मार कर छीनी व्यापारी की चेन

संवाददाता, बकेवर

- सीसीटीवी कैमरे में नजर आए दो संदिग्ध

**अमृत विचार।** बाइक सवार लुटेरे गुरुवार की रात बाजार में व्यापारी को पीटने के बाद गले से सोने की चेन छीन ले गए। हालांकि पुलिस इसे मारपीट की घटना मान रही है। सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध बाइक से स्कूटी का पीछा करते नजर आए हैं।

बकेवर थाना क्षेत्र के लखना के रहने वाले विनोद पोरवाल व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि वह रात सवा नौ बजे दुकान बंद कर लखना मान खां अपने घर स्कूटी से जा रहे थे, तभी रास्ते में स्टेट बैंक तिराहे के पास एक बाइक पर सवार दो लोगों ने उनके गर्दन और कनपटी पर हाथ मारा और गले से सोने की जंजीर छीन ले गए। लगभग सवा तोला सोने की जंजीर की कीमत एक लाख है। उन्होंने फोन पर चौकी पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में चौकी इंचार्ज मनीष कुमार फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वारदात को अंजाम देकर बाइक सवार लुटेरे कलावती गर्ल्स इंटर कालेज के पीछे वाली गली से भाग गए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो उसमें स्कूटी के पीछे से आते बाइक सवार दिखे, जिनकी पहचान कई लोगों ने लवेदी थाना क्षेत्र के एक गांव के लोगों के रूप में की। थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना लूट के बजाय मारपीट की प्रतीत हो रही है। बाइक सवारों की तलाश की जा रही है।

# दो महिलाओं ने खाया जहर, भर्ती

**इटावा।** शहर के अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं ने घरेलू कारणों से परेशान होकर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिवार के लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बैरून टोला में हुई । उक्त मोहल्ला निवासी रश्मि ने किसी बात से नाराज होकर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिवार के लोगों को इसकी जानकारी हुई। परिवार के लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला अवंती नगर में हुई जहां बारे लाल की 18 वर्षीय पुत्री खुशी ने किसी बात से नाराज होकर किसी विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिवार के लोगों को जानकारी हुई। परिवार के लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# नवाचार से हर क्षेत्र में सुधार संभव

संवाददाता, बकेवर


संगोष्ठी को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनता कालेज में नवाचार सेल की तरफ से संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में नवाचार की प्रगति पर चर्चा की गई। नए-नए नवाचार करने के लिए विभिन्न विषयों से संबंधित विशेषज्ञों की तरफ से छात्रों को योजना दी गई।

प्राचार्य प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी ने सेंसर टेक्नोलॉजी, कृषि के क्षेत्र में पोस्टहार्वेस्ट टेक्नोलॉजी, टिश्यूकल्चर, मशरूम कल्चर, बायो इंसेंटिसाइड तथा बायोपेस्टिसाइड्स आदि विषयों पर हो रहे नवाचार पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नवाचार केवल तकनीकी प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के हर क्षेत्र में सुधार और विकास का माध्यम बन सकता है। नवाचार सेल के प्रभारी डा नवीन अवस्थी ने कॉलेज के छात्रों के विकसित नवीनतम नवाचारों का प्रदर्शन किया।

पादप रोग विज्ञान विशेषज्ञ डा मनोज यादव ने नवाचार के क्षेत्र मशरूम की खेती के महत्व के बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये मुख्यतः तीन प्रकार के मशरूम को उत्तर भारत में आसानी से उठाया जा सकता है, जिसमें सर्दियों में बटन मशरूम, गर्मियों में दूधिया मशरूम, तथा पूरे वर्ष ओयस्टर मशरूम को उगा सकते हैं । मशरूम को फसल के अवशेष पर बहुत ही आसानी से उगाया जा सकता है। जुलाजी विभाग के अध्यक्ष प्रो ललित गुप्ता ने बायो सेंसर और तालाबों में मछली पालन से जुड़े नवाचारों पर चर्चा की। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डा योगेश शुक्ला नवाचार के व्यवसायीकरण तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न सेवाओं के क्षेत्र में मोबाइल एप बनाकर नवाचार करने के लिए प्रेरित किया Iगणित विभाग के डॉ. दिव्यांश पांडे ने नवाचार में हो रहे गणित के उपयोग के बारे में बताया। नवाचार सेल के प्रभारी डॉ. नवीन अवस्थी ने सभी प्रतिभागियों और स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नवाचार सेल के समन्वयक प्रो. एके पांडेय, डा नलिनी शुक्ला, डा. एमपी यादव, डा. एमपी सिंह, डा. ज्योति भदौरिया, डा, प्रकाश दुबे, डा. इंदुबाला मिश्रा, डा. आदित्य कुमार, डा योगेश शुक्ला, डा आनंद सिंह ,अजीत प्रताप अग्निहोत्री, सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, डॉ शैली यादव आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्टेशन पर मिला युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त

**इटावा।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन पहचान नही हो सकी। युवक के चेहरे पर चोट का निशान था जिससे उसका चेहरा पहचान में नही आ रहा। उसके पास से दो मोबाइल मिले, लेकिन उनमें सिम नही थे। जीआरपी के एसओई अनिल कुमार ने बताया मृतक के पास से कोई प्रपत्र नही मिला है। पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

### एसडीएम, सीओ ने महिला छात्रावास का किया निरीक्षण

**बकेवर।** भरथना एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव, सीओ अतुल प्रधान ने जनता कालेज के महिला छात्रावास का निरीक्षण किया। एसडीएम के साथ महिला लेखपालों की टीम भी थी। छात्रावास के सभी कमरों में लाइट, पंखा, लेटने के लिए तख्त, पढ़ने के लिए कुर्सी, मेज, ठंडक में गर्म पानी के लिए गीजर, गर्मी में ठंडा पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए हॉस्टल को चारों तरफ ऊंची दीवारों से घेराबंदी, 24 घंटे चौकीदार एवं सीसीटीवी की भी व्यवस्था है।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चितभवन के मां कामाख्या मंदिर में नवरात्र की धूम
- उमड़ी भक्तों की भारी भीड़ आज आयोजित होगा भंडारा

**अमृत विचार।** जय माता दी सेवा समिति चितभवन के तत्वावधान में ग्राम स्थित मां कामाख्या धाम मंदिर में नवरात्र पर्व के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है । गुरुवार को विशाल दंगल का भी आयोजन हुआ, जिसमें देश के नामी गिरामी पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेच का शानदार प्रदर्शन किया।

समिति के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी मंजू प्रधान ने बताया कि समिति के समर्पित कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय ग्रामीण भक्तों के सहयोग से तीन अक्टूबर से आरंभ हुए 26वें नवरात्र महोत्सव में मंदिर के महंत श्री हरि ओमानंद सरस्वती महाराज के मार्ग दर्शन में प्रतिदिन हवन, पूजन एवं चंडी पाठ किया जा रहा है। शाम सात बजे मां कामाख्या सहित स्थापित मां काली दुर्गा एवं अन्य देव मूर्तियों की आरती के बाद रात्रि में जालौन के मानस मर्मज्ञ पं. प्रदीप तिवारी द्वारा श्री राम कथा सुनाई जा रही है।


चितभवन में आयोजित दंगल में पहलवानों के हाथ मिलवाते ब्लॉक प्रमुख।

प्रथम दिवस की आरती प्रसिद्ध ददरौआ धाम के महंत श्री रामदास महाराज ने की। इसके बाद एसएसपी संजय वर्मा, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, ब्लॉक बसरेहर के प्रमुख दिलीप यादव बबलू, नीलकंठ मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश वाजपेई, ममता प्रेस के स्वामी मोहित मित्तल, अतर सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक लोकेश मिश्रा आदि अनेक गणमान्य नागरिकों ने आरती की और माता के दर्शन किए। इस अवसर पर समिति की ओर से गत वर्षों की भांति हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के दस मेधावी बच्चों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। 12 अक्टूबर को विशाल भंडारा होगा तथा 13 अक्टूबर को विसर्जन शोभायात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने सभी भक्तजनों से नवरात्र पर्व उत्सव में शामिल होने एवं भंडारा प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

# छात्रों ने रावण का पुतला फूंका

संवाददाता, भरथना

- बुराई पर अच्छाई की विजय का छात्रों को कराया स्मरण

**अमृत विचार।** संस्कृति इण्टर नेशनल स्कूल में बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा उत्सव बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

छात्र-छात्राओं ने डांडिया नृत्य से सभी का मन मोह लिया। अध्यापक अंकुर राजावत ने छात्रों को नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमें रामायण से जीवन में अनुशासन, सत्यनिष्ठा और परिश्रम की प्रेरणा लेनी चाहिए। संस्था निदेशक अंकित यादव ने बाण चलाकर रावण के पुतले का दहन किया। यहां प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह, पीटीआई पवन यादव, अश्वनी कुमार, विकास यादव, दीपक, प्रशांत चौहान, अमन चौहान, संध्या श्रीवास्तव, जान्वी, दीक्षा, सोनल, श्रेया, शिवम, दिव्यांशी, अक्सा, आन्या, सिमरन, बरखा, कोमल, प्रेरणा, शालू आदि उपस्थित रहे।


भरथना में दहन के तैयार रावण का पुतला । अमृत विचार

## सार-संक्षेप


पारंपरिक पोषाक पहने बच्चों के साथ प्रधानाचार्य डा कैलाश चंद्र यादव।

### स्कूली बच्चों ने पेश किए गीत और नृत्य

**इटावा।** दुर्गा अष्टमी, नवमी और दशहरा के शुभ अवसर पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में विशेष सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देवी दुर्गा की आराधना और प्रार्थना से हुई। विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने पारंपरिक नृत्य, गीत और लघु नाटकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में देवी दुर्गा के जीवन और गुणों के साथ–साथ दशहरे का महत्व भी दर्शाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रामायण का नाटकीय प्रस्तुतीकरण था, जिसमें भगवान राम की रावण पर विजय के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने इन पर्वों के गहरे अर्थ को समझने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दशहरा सिर्फ भगवान राम की विजय का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हम सभी को हमारे आंतरिक दोषों को दूर कर सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। सांस्कृतिक प्रदर्शनों के अलावा, स्कूल ने मैदान में रावण दहन का भी आयोजन किया, जो बुराई के अंत का प्रतीक था। छात्रों ने पर्यावरण के अनुकूल रावण के पुतले बनाए, जिन्हें दर्शकों की तालियों के बीच जलाया गया। यह गतिविधि स्कूल की पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने वाली पहल का भी हिस्सा थी।

### नगला गौर में मातारानी का बांटा गया प्रसाद

**उदी।** ग्राम नगला गौर में माता रानी का प्रसाद रूप में भंडारा बांटा गया। सपा नेता पंडित रतन चौधरी ने हनुमान मठिया के महंत श्रीमुरियानंद महाराज, अनिल सविता, अवनीश चौधरी उर्फ बिल्लू, राहुल सविता, अनिल सविता, अतुल सविता, भूरे सविता, मूल चंद्र राठौर, अमर बहादुर जेई के साथ प्रसाद वितरण कराया।


प्रसाद वितरण करते सपा नेता रतन चौधरी।

### लखना में आयुष राज ने राम दरबार की आरती उतारी

**भरथना।** लखना नगर पंचायत में आयोजित रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में युवा भाजपा नेता आयुष राज ने रामदरबार की आरती कर शुभारंभ किया। रामलीला समिति ने उनका भव्य स्वागत किया गया। आयुष राज ने कहा कि श्री राम हम सभी हिंदू भइयों के प्रेरणास्रोत है। उनका आशीर्वाद हम सभी पर एवं धरती पर हमेशा इसी तरह बना रहे । कार्यक्रम में अरविंद पोरवल,डा गोविंद मोहन , रामनरेश त्रिपाठी ,बबलू त्रिपाठी अक्षिद कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।


आयुष राज का स्वागत करते कस्बावासी।

### कीर्ति सिंह का लेफ्टिनेंट पद पर हुआ चयन

**इटावा।** कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राजीव यादव, महामंत्री अरविंद धनगर ने एसोसिएशन के सदस्य शेखर यादव की भतीजी कीर्ति सिंह सुपुत्री प्रवक्ता सुधीन्द्र कुमार सिंह का चयन लेफ्टिनेंट पद पर होने पर अनंत शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारी उमाशंकर गुप्ता, रोहित यादव, प्रमोद राजपूत, सुनील अमर टैगोर, डा धर्मेंद्र यादव, राजीव बाल्मीकि, एकता यादव, आराधना तिवारी, दीक्षा यादव, प्रवेन्द्र यादव, अर्चना, डा प्रभाकर, इरफ़ान, आनंद शुक्ला, अनिल बाजपेयी, पंकज चौधरी, अजय राय, अवधेश कुमार, आनंद यादव, संजीव यादव, सुबोध दुबे, मनोज यादव, राकेश यादव, शैलेन्द्र सिंह राजावत आदि ने भी बधाइयां प्रेषित कीं।

# गंगा सागर धाम में श्रद्धालुओं ने की सर्वकल्याण की कामना

संवाददाता, भरथना

**अमृत विचार।** कस्बा के बकेवर रोड स्थित ओम श्री पागलबाबा गंगासागर धाम मोढ़ी पर आयोजित श्री नवदुर्गा पूजा महोत्सव के चलते भव्य व ऐतिहासिक प्रांगण में सिंहासन पर विराजमान मां के विभिन्न स्वरूपों के श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्य ट्रस्टी कार्यक्रम संयोजक श्याम सुन्दर चौरसिया, आशू चौरसिया, श्रीकृष्ण अवस्थी, अरविन्द चौरसिया, आशू शुक्ला, गुड्डू चौरसिया, संजय मिश्रा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

वहीं कस्बा के मोतीगंज स्थित राजाराम पोरवाल पीतल वालों के हाता में श्री नवदुर्गा पूजा समिति भरथना के तत्वाधान में आयोजित 28वें भव्य श्री नवदुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान मां की विदाई की बेला नजदीक आते ही श्रद्धालुओं ने सर्वकल्याण की कामना की। साथ ही हजारों की संख्या में मौजूद महिला-पुरूष भक्तजनों विशालकाय प्रांगण में स्थापित मां के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन पूजन कर संगीतमयी ध्वनियों पर संपंन होने वाली आरती गायन कर उनका आवाहन किया।

इस दौरान आचार्य अमित मिश्रा,राहुल दीक्षित, समिति संरक्षक श्री कृष्ण पोरवाल,बृजेश गुप्ता रूपे, राजीव पोरवाल, अध्यक्ष संजीव दीक्षित गपूड़े, महामंत्री भरत पोरवाल, कोषाध्यक्ष विपिन पोरवाल छोटे, सोनू मिश्रा, कपिल पोरवाल, सोनू सविता, नेक्से पोरवाल, प्रदीप गुप्ता, प्रशान्त अवस्थी, रितिक पोरवाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**इटावा।** 13 व 14 अक्टूबर को हाईवे स्थित हीरो होंडा एजेंसी के सामने बकेवर में महिला व पुरुष अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है I यह जानकारी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि परंपरागत आयोजन में छह सात राज्यों की कबड्डी टीमें प्रतिभाग करेंगी।

उन्होंने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में 13 अक्टूबर को क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा प्रकाश पाल, पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। सदर विधायक सरिता भदौरिया महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगी। 14 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्त मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा स्वतंत्र देव सिंह कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे।

# अब जंगी आंदोलन करेगी माकपा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** माकपा के दो दिनी जिला सम्मेलन में राज्यमंत्रि परिषद के सदस्य मुकुट सिंह ने प्रतिनिधियों का आहवान किया कि संगठन को मजबूत कर समस्याओं पर फैसलाकुन आंदोलन तेज करें और डबल इंजन सरकार की कारपोरेटपरस्त गठजोड़ के खिलाफ एकजुट होकर मुकाबला करें।

उन्होंने कहा कि माकपा एक राष्ट्र-एक चुनाव के प्रस्ताव को संविधान और लोकतंत्र विरोध करती है। इसका विरोध करने, मंहगाई के खिलाफ डीजल-पेट्रोल के मूल्य अंर्तराष्ट्रीय दरों पर घटने के अनुरूप हमारे देश में भी कम करने, बेरोजगारी के खिलाफ सार्वजनिक संस्थानों को बेचने के विरुद्ध खाली पदों को भरने, महिला व बच्चियों पर हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ देशव्यापी अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में 8 नवम्वर से 15 नवम्वर तक जंगी आंदोलन करेगी। इटावा में इसे सफल बनाना होगा।


सम्मेलन को संबोधित करते माकपा नेता मुकुट सिंह ।

सम्मेलन में सर्वसम्मति से नाथूराम यादव को पुनः मंत्री चुना गया। अमर सिंह शाक्य, संतोष शाक्य, संतोष राजपूत, डा शौकीन सिंह को सचिव मंडल के लिए तथा अनिल दीक्षित और प्रेमशंकर यादव को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में चुना गया। 15 सदस्यों की जिला कमेटी चुनी गयी। राज्य सम्मेलन के लिए 9 डेलीगेट चुने गये। सम्मेलन में सभी फसलों की एमएसपी की खरीद की गारंटी, बिजली निजीकरण बिल-प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना रद करने, साम्प्रदायिकता और महिला उत्पीडन, मंहगाई, बेरोजगारी के खिलाफ प्रस्ताव भी पारित किये गये। अध्यक्षता अनिल दीक्षित, संतोष शाक्य, संगीता कश्यप ने की। मुकुट सिंह एवं पर्यवेक्षक प्रेमनाथ राय ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया। व्योवृद्ध कम्युनिस्ट नेता रामप्रकाश पोरवाल और प्रेमशंकर यादव को सम्मानित किया गया।

नारेबाजी — जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण न करने देने पर जताया रोष, अधिकारियों के समझाने पर खत्म हुआ धरना

# अखिलेश को रोका तो इटावा में सपाई धरने पर बैठे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लखनऊ में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास की घेराबंदी के विरोध में समाजवादी पार्टी ने विरोध-प्रदर्शन कर शास्त्री चौराहे पर धरना दिया और सरकार विरोधी नारे लगाए। धरना-प्रदर्शन के दौरान यातायात बाधित हो गया। जानकारी मिलने पर एसडीएम और सीओ सिटी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में एसडीएम से वार्ता के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के लखनऊ आवास की घेराबंदी करने की खबर जैसे ही सपा के लोगों को मिली तो जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल के साथ सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, सांसद जितेंद्र दोहरे, जिला महासचिव वीरू भदौरिया, विधायक राघवेंद्र गौतम एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील यादव, आशीष राजपूत, राजीव यादव के साथ सैकड़ों सपा कार्यकर्ता एकत्रित हो गए। उन्होंने शास्त्री चौराहे पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।


शास्त्री चौराहे पर प्रदर्शन करते जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव और सपाई।

उनका आरोप था कि सरकार मनमानी कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि कि जब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने उनके आवास पर बैरीकैडिंग कर दी, जिससे वह निकल न सके। यह सरकार का तानाशाही रवैया है। सरकार संविधान को कुचलना चाहती है। धरना प्रदर्शन के कारण सडक पर दोनों ओर से यातायात बाधित हो गया। जानकारी मिलने पर एसडीएम विक्रम सिंह राघव सीओ सिटी मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

सपाइयों की मांग थी कि सरकार ताना शाही पर उतर आई है। यही कारण है वह सपा अध्यक्ष को जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने से रोक रही है। जब तक उनके आवास से घेराबंदी नही हटाई जाती धरना जारी रहेगा। बाद में एसडीएम के समझाने बुझाने पर सपाईयों ने धरना खत्म कर दिया। धरने में चच्चू शुक्ला, अनीता यादव, सीमा यादव,दीपी सिंह, मीरा यादव,उदयभान सिंह यादव, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, उमेश राजपूत डुल्ले, अब्दुल अंसारी , आशीष पटेल, गुड्डू मंसूरी, सफी अहमद बालक, जैनुलाब्दीन, प्रवीण कुशवाहा, दौलत सिंह बघेल, पम्मी यादव हुकुम सिंह यादव, रोवि यादव, सीपू यादव, दीपू यादव, अनूज़ कठेरिया, शेखर राजपूत, देवेंद्र राजपूत, शिव प्रताप राजपूत, गोविंद यादव, सुमित यादव, राणा प्रताप सिंह, प्रीति गुप्ता, गौरव सिंह, बघेलशेरा पहलवान, नारद यादव, सुरजेश यादव, आनंद गोयल, हेमंत बघेल, अभिषेक राजपूत शामिल रहे।

# अखिलेश यादव को रोकना दमनकारी नीतिः शिवपाल

संवाददाता, सैफई (इटावा)


शिवपाल सिंह यादव

- भाजपा को सत्ता से हटाने के लए सपा शुरू करेगी नई क्रांति

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की दमनकारी भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने लिए समाजवादी पार्टी जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति की तरह नई क्रांति चलाने पर विचार कर रही है। वे सैफई में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में जयप्रकाश नारायण की मूर्ति पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को माल्यार्पण करने से रोकना दमनकारी कदम है, जिसे कहीं से भी न्यायोचित नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण की मूर्ति पर माल्यार्पण के लिए रोककर भारतीय जनता पार्टी और पुलिस ने दमन चक्र चलाया है, अगर मूर्ति पर माल्यार्पण हो जाता तो महापुरुष का सम्मान ही होता।

श्री यादव ने कहा कि आज जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर समाजवादियों को माल्यार्पण करना था, लेकिन भाजपा की प्रदेश सरकार ने पुलिस के दम पर माल्यार्पण करने से रोक दिया, जो भाजपा की दमनकारी नीति का द्योतक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महापुरुषों का भी सम्मान नहीं करने देना चाहती है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भारतीय जनता पार्टी को हटाने के लिए अब नई क्रांति चलानी होगी।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

**बसरेहर।** ग्वालियर-बरेली हाईवे पर कर्री पुलिया के पास बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन उन्हें सैफई ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

चौबिया थाना क्षेत्र में कर्री पुलिया के पास घायल पड़ा होने की सूचना पर कर्री चौकी इंचार्ज दर्शन सिंह पहुंचे और कागजातों से उसकी पहचान फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अशोक नगर निवासी शिवरतन सिंह के बेटे संजीव कुमार के रूप में हुई। वह ऊसराहार से इटावा जा रहा था। सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे निजी वाहन से सैफई मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# क्रैकर्स शो के साथ आज होगा रावण का दहन

## कानपुर में तैयार किया गया है 50 फीट ऊंचा रावण का पुतला, दोपहर में होगा राम रावण युद्ध लीला का मंचन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार को दिबियापुर नगर में दशहरे पर भव्य रावण पुतला दहन व मेले का आयोजन होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नुमाइश मैदान पानी की टंकी के पास मेला ग्राउंड पर आयोजित होने वाले मेले में दुकानदारों को निःशुल्क जगह दी जाएगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष दिबियापुर राघव मिश्रा ने बताया कि पारंपरिक तरीके से इस बार भी दशहरा पर शनिवार को नुमाइश मैदान पर मेले का आयोजन किया जाएगा। दोपहर बाद रामलीला मंच पर राम रावण युद्ध लीला का मंचन ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा किया जाएगा। रावण वध के साथ 50 फीट ऊंचे रावण के पुतला का दहन एवं आतिशबाजी शो का आयोजन होगा। उन्होंने


तैयार होता रावण का पुतला। अमृत विचार

बताया कि रावण का पुतला कानपुर में तैयार किया गया है। मेले में दुकानदारों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निःशुल्क जगह आवंटित की जाएगी। इसके लिए नगर पंचायत के कर्मी से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दशहरा मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# त्योहार पर अलर्ट मोड में आरपीएफ व जीआरपी

**औरैया।** नवरात्र, दशहरा, दीपावली पूजा को लेकर दिबियापुर स्थित फफूंद रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया। सुबह से ही जवान स्टेशन पर अलर्ट मोड में नजर आ रहे थे। आने-जाने वाली ट्रेनों सहित परिसर में बैठे यात्रियों की भी तलाशी ली गई।

पर्व की खुशियों में असामाजिक तत्वों की खलल रोकने के लिए सुबह-शाम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों व प्लेटफार्मो पर उतरने वाले यात्रियों पर सुरक्षा कर्मी नजर रख रहे हैं। सर्कुलेटिंग एरिया में पूरे दिन जीआरपी व आरपीएफ के जवान मुस्तैद दिखाई दिये।


रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बैग की तलाशी लेते जीआरपी के जवान। अमृत विचार

- **फफूंद रेलवे स्टेशन पर चला सघन चेकिंग अभियान**

एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टेशन पर आते ही जवानों ने कोचों में घुसकर सभी यात्रियों की तलाशी ली और संदिग्धों से पूछताछ की। मुख्य यात्री हाल, प्लेटफार्म, व टिकट काउंटर, रेलवे ट्रैक समेत भीड़भाड़ वाले स्थानों को चेक किया। जीआरपी चौकी फफूंद के उपनिरीक्षक इम्तियाज अहमद सहित जीआरपी, आरपीएफ के सुरक्षा बल मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अजीतमल,औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर बाइक सवार युवक को मध्य रात्रि किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई।

औरैया जनपद के काकोर खुर्द,नौली निवासी अभिषेक (26) पुत्र शैलेंद्र गुरुवार की मध्य रात्रि को अपनी बाइक पर सवार होकर इटावा से वापस औरैया की ओर आ रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के प्रतापपुर गांव के पास हाईवे ओवरब्रिज पर पहुंचा। वैसे ही किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन सवार मौके से भागने में सफल रहा। घटना की सूचना से मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को क़ब्जे में लिया। वहीं जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

## सार-संक्षेप


कन्याओं को भोज कराते आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट।

### कन्याओं का पूजन कर कराया भोज

**औरैया।** एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा शारदीय नवरात्र नवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को समिति के ग्रामीण कार्यालय ग्राम धीरजपुर में विशाल कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन किया गया। आयोजन के अंतर्गत नन्हीं कन्याओं के मस्तक पर रोली का तिलक व पुष्प वर्षा कर उनका पूजन किया गया। उसके उपरांत उनको प्रसाद स्वरूप सब्जी, पूड़ी, शर्बत व मिष्ठान आदि द्वारा श्रद्धा पूर्वक भोजन कराया गया और कन्याओं को उपहार स्वरूप बर्तन व दक्षिणा भेंट की गई। उपहार में बर्तनों को पाकर बेटियों के चेहरे खिल उठे। कन्या भोज कार्यक्रम में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि ग्राम धीरजपुर में स्थित समिति के ग्रामीण कार्यालय में नवरात्र में प्रति वर्ष दो बार कन्या भोज कार्यक्रम विधि विधान से आयोजित किया जाता है। महिला शाखा तुलसी सखी ग्रुप की संरक्षक लक्ष्मी बिश्नोई ने कहा कि प्राचीन मान्यता है कि नवरात्र में कन्याओं में देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों का वास होता है। सच्चे मन से कन्या पूजन व कन्या भोज कराने से सर्व मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। आयोजन में प्रमुख रूप से पर्यावरण प्रहरी समाजसेवी मनीष पुरवार (हीरु), रानू पोरवाल, सतीश कुमार आदि आधा सैकड़ा ग्रामवासी व श्रद्धालु मौजूद रहे।


प्रसाद वितरण करते प्रेस क्लब के पदाधिकारी।

### फफूंद प्रेस क्लब में किया गया कन्या पूजन

**फफूंद, औरैया।** फफूंद प्रेस क्लब द्वारा शारदीय नवरात्र की नवमी को कन्या भोज आयोजित किया गया। इसके बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया। कन्या भोज की शुरुआत महंत मनोहर दास जी महाराज ने पूजा अर्चना कर सर्वप्रथम देवी देवताओं को भोग लगाकर किया। इसके बाद प्रेस क्लब के साथी पत्रकारों ने कन्याओं को आमंत्रित कर उन्हें भोज कराया और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। भोज के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। फफूंद प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप कठेरिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष शारदीय नवरात्र की नवमी को कन्या भोज किया गया। इस मौके पर गोपाल कृष्ण मिश्रा,महेंद्र दुबे,असलम खान,सिराजुद्दीन मुन्ना,शशांक गुप्ता,रानू सिद्दीकी,अनुराग मिश्रा, शब्बीर कुरैशी,ऋषि मिश्रा,विमल पाण्डेय,रामकिशोर कठेरिया, शादाब हसन,आकाश उर्फ अक्की भैया,अनुज कुशवाहा, श्यामू अग्निहोत्री, रेनू गुप्ता, आकाश बाबू, शिव नारायण मिश्रा आदि रहे।

### भंडारा खाने को जुटी लोगों की भीड़

**फफूंद,औरैया।** शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन दुर्गा पूजा पंडालों में भंडारे की धूम रही। कहीं पूड़ी, सब्जी, कहीं खीर और कहीं बुंदिया का वितरण होता रहा। इस दौरान भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की भीड़ जुटी रही। इसमें महिलाओं की संख्या भी काफी अधिक रही। भंडारा देर रात तक चला। कस्बा के दिबियापुर रोड पर शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में नव दुर्गा महोत्सव में पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा दोपहर दो बजे से रात्रि तक चलता रहा है। इस मौके पर राजेंद्र पाल,श्रीकांत शर्मा,शिव महेंद्र कुशवाहा,संजीव राजपूत, प्रदीप कुशवाहा सौरभ राजपूत मयंक सविता,राजू राजपूत,राजवीर राठौर,अभिषेक यादव मौजूद रहे।

### प्रेमानंद जी महाराज से मिलने पैदल निकल पड़ा भक्त

**अछल्दा, औरैया।** कानपुर देहात के कस्बा रूरा निवासी भक्त पंकज शर्मा वृंदावन स्थित प्रेमानंद जी महाराज जो राधारानी के परम भक्त उनसे मिलने पैदल चल ही निकल पड़ा है। वह निचली गंग नहर होकर कस्बा के स्टेशन बाजार से गुजरा। उसके गले में महाराज जी की फोटो पड़ी हुई है और हाथ में झंडा भी लिए हुए है।

# शिक्षित के साथ संस्कारित भी हों बेटियां

संवाददाता बिधूना औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया के अध्यक्ष जिला जज संजय कुमार एवं प्राधिकरण की सचिव स्वाति चंद्रा के निर्देशन में कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कालेज में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पीएलवी एवं ग्रुप लीडर राघवेन्द्र प्रताप सिंह गौर ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिला सशक्तीकरण एवं महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पीएलवी देवेंद्र प्रताप सिंह सेंगर ने राष्ट्रीय लोक अदालत सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट 2016 के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ पीएलवी योगेश चन्द्र स्वामी ने स्थाई लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के



शिविर में जानकारी देते वरिष्ठ पीएलवी योगेश चन्द्र स्वामी। अमृत विचार

बारे में विस्तार से जानकारियां दी। उन्होंने कहा स्थाई लोक अदालत के माध्यम से चेक बाउंस, विद्युत बिल , हाउस टैक्स , बैंक लोन आदि सम्मनीय वादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाता है। उन्होंने प्राधिकरण द्वारा मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा अब न्याय आपके द्वार पहुंच रहा है।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रजेश कुमारी सेंगर ने बालिकाओं को स्वावलंबी बनने के साथ मोबाइल आदि का उपयोग तकनीकी ज्ञान को बढ़ाए जाने को कहा। उन्होंने कहा बेटियां इस देश का भविष्य हैं। उन्होंने शिक्षित होने के साथ संस्कारित होने को कहा। इस अवसर पर, स्मृता, गरिमा ,मानसी राठौर ,तनु सिंह ,अनामिका ,अर्पिता ,जयंती देवी, श्रीकला देवी ,सरोज कुमारी,रविंद्र कुमार तिवारी, हरिकृष्ण आदि मौजूद थे।

# ई-केवाईसी करा लें वरना एलपीजी कनेक्शन कट जायेगा

**अछल्दा, औरैया।** 31 अक्टूबर तक ई-केवाईसी करा लें अन्यथा न सिर्फ सब्सिडी बंद हो जाएगी बल्कि कनेक्शन भी कट सकता है।

अन्नपूर्णा गैस एजेंसी के शिशुपाल सिंह ने बताया कि हर एलपीजी उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की प्रक्रिया जरूरी होगी। ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि घरेलू और कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को चिह्नित किया जा सके। इसके अलावा जो लोग कस्बा या गांव छोड़ गए हैं, उनके कनेक्शन भी काटे जाएंगे। उपभोक्ता अगर एलपीजी कनेक्शन का ई-केवाईसी नहीं कराएंगे तो उनकी सिलेंडर की आपूर्ति को रोक दिया जाएगा। कहा कि कस्बे में इंडेन गैस के करीब 20 हजार उपभोक्ता हैं। सर्वे न होने के कारण सब्सिडी में भी समस्या आ रही है। बताया कि एलपीजी उपभोक्ता अपने नजदीकी गैस एजेंसी के यहां जाकर ई-केवाईसी अपडेट करा सकते हैं।

# बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी को उम्र कैद की सजा

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- **अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कोर्ट ने सुनाया निर्णय**
- **मात्र 5 माह 11 दिन में दोषी को मिली सजा**

**अमृत विचार।** शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मनराज सिंह ने साढ़े 5 माह पूर्व एक 7 वर्षीय बच्ची को हवस का शिकार बनाने वाले राजेश को उम्र कैद की सजा दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र की इस वारदात की रिपोर्ट वादिनी ने दर्ज कराते हुए लिखा कि 26 मार्च 2024 की दोपहर 12.30 बने उसकी 7 वर्षीय बच्ची शौच के लिए खेतों पर गई थी तभी आरोपी राजेश निवासी जरिया (हमीरपुर) ने उसे पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुत्री के चीखने चिल्लाने पर लोगों ने खेत में छिपे आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वादिनी की तहरीर पर कोतवाली में राजेश के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा 26 मार्च 2024 को लिखा गया। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए मात्र एक माह में 30 अप्रैल 24 को आरोप पत्र कोर्ट में प्रस्तुत कर दिया। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मनराज सिंह के समक्ष चला। दोनों पक्षों को सुनने के बाद शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर इस मामले का निर्णय सुनाते हुए कोर्ट ने लिखा कि दोष सिद्ध अभियुक्त ने मात्र अपनी हवस पूर्ति हेतु मात्र 7 वर्षीय अबोध बच्ची से बलात्कार किया है।डीजीसी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि अपर जिला जज मनराज सिंह ने अभियुक्त को उम्र कैद की सजा से दण्डित किया व उस पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।


बाइक पर सवार आधा दर्जन सवारी। अमृत विचार

# बाइक पर 6 सवारी बैठाकर कर रहे नियमों का उल्लंघन

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा स्थित रेलवे क्रासिंग हरी गंज बाजार में बाइक सवार जान जोखिम में डालकर चलाता हुआ नजर आया। ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर पूरा परिवार बैठाए हुए जा रहा है। बाइक पर दो की जगह होती है, लेकिन गलती से भी कोई तीसरा बैठ जाए और यातायात पुलिस की नजर में आ जाएं तो जुर्माना भरना पड़ेगा। लेकिन बाइक चालक ने सभी यातायात नियमों को ताक पर रखते हुए कर एक बाइक पर एक, दो नहीं बल्कि 6 लोग सवार होकर कस्बे में घूमते हुए दिखे हैं।

# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास की घेराबंदी पर भड़के सपाई

**औरैया।** लखनऊ में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास की घेराबंदी करने पर शुक्रवार को जनपद औरैया में समाजवादी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने कहा कि जब तक लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास की घेराबंदी नहीं हटाई जाती तब तक हम लोग विरोध करते रहेंगे। बाद में पुलिस के के समझाने पर सपा कार्यकर्ताओं ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव ,सपा जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र यादव कल्लू, खुशी राम निषाद, बबलू नायक, हिमांशु गुप्ता, डीके कठेरिया एवं आधा सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 2 दिन में 155 लोगों की जांची सेहत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** ब्लॉक अछल्दा के ग्राम गहेसर परिसर में माता महामाई के प्रांगण में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन हुआ। शिविर का समापन समाजसेवी डीके चतुर्वेदी के द्वारा संपन्न हुआ। समापन सत्र प्रदेश सचिव सुमन चतुर्वेदी एवं अभिषेक पांडेय के मार्गदर्शन में हुआ।

2016 से प्रतिवर्ष महामाई परिसर में नवदुर्गा में अष्टमी नवमी में दो दिवसीय निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा दी जाती है। शिविर में दो दिवस में 155 लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। कुछ लोगों को बीपी और सिरदर्द के अलावा चोट की भी समस्या हुई, जिसको शिविर में



समाजसेवी डीके चतुर्वेदी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

डॉक्टर की टीम के द्वारा मरीजों को इलाज मुहैया करवाकर उपयुक्त परामर्श दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम शंकर चतुर्वेदी ने संस्था की समस्त टीम की सराहना की और आगामी नवरात्रों में व्यवस्था को और भी जिलों में शुरू करने का विचार करने को कहा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ममता ने सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। ब्लॉक अध्यक्ष चित्रा के साथ 20 लोगो ने शिविर में सहयोग किया। सहयोग देने में शिवानी, शिवांगी, ज्योति, प्रतिभा, प्रीति, पूजा, विजय कुमार, कनक रानी रही।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **महन्थ गिरीश दास चेला स्व0 महान्थ लक्ष्मण दास, निवासी–डाडिया मंदिर मोहल्ला जानकी घाट, थाना– कोतवाली अयोध्या, जिला–अयोध्या।** मेरे पूर्व का नाम गिरीश कुमार द्विवेदी पुत्र श्री चन्द्रभान द्विवेदी, अस्थाई पता ग्राम–जाल्हे खोर, पोस्ट डड़वा घाट, जिला–सिद्धार्थ नगर, साधू जीवन में प्रवेश करने के उपरान्त मेरे गुरु स्व0 महन्थ लक्ष्मण दास जी ने मेरा नाम गिरीश दास रखा था। अब मुझे गिरीश दास चेला स्व0 महन्थ लक्ष्मण दास के नाम से जाना जाता है तथा गिरीश कुमार द्विवेदी पुत्र चन्द्रभान द्विवेदी तथा गिरीश दास चेला स्वा महन्थ लक्ष्मण दास दोनों एक ही व्यक्ति है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र राहुल व पुत्रवधू काजल दोनों को चाल चलन सही न होने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति व घर से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र व पुत्रवधू के द्वारा किये गये सरकारी गैर कानूनी व अन्य किसी वाद विवाद के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से कोई लेना देना नहीं होगा। **कैलाश पुत्र श्री रामस्वरूप व गीता पत्नी कैलाश निवासीगण ग्राम तेजपुर परगना व तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर।**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र बिहारी लाल तथा बहू कृष्णा देवी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। पूरे जीवन में मेरा तथा मेरे परिवार का इन लोगों से किसी प्रकार का संबंध नहीं रहेगा। **राम छबीले पुत्र स्व. मंगल, निवासी– ग्राम बदलपुर चौखड़िया, तहसील उतरौला जिला बलरामपुर**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र फरदीन आयु करीब 19 वर्ष को गलत चाल– चलन के कारण अपनी चल –अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूं। आज से उनके द्वारा की गई किसी भी अप्रिय घटना या पुलिसिया कार्यवाही से मेरा तथा मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **कमाल खान पुत्र स्वर्गीय कुदरत जामा निवासी ग्राम बैदवलिया महुआ इब्राहिम बरगदही जिला –बलरामपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम देवी प्रसाद था। जिसे बदल कर मैने अपना नाम देवी प्रसाद यादव रख लिया है। अब मुझे देवी प्रसाद यादव के नाम से जाना व पहचाना जाय। देवी प्रसाद यादव पुत्र रघुराज यादव, निवासी– ग्राम खारापूरे बकिया तिवारी, पो0– पीपरगांव, सुल्तानपुर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चार पांच माह पूर्व कुछ लोगों के बरगलाने पर आवेश में आकर मैंने अपनी पत्नी माधुरी और पुत्र शैलेंद्र गौतम को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। साथ ही कुछ लोगों ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति भी जारी करवा दी थी। जब इस सत्यता की जानकारी हुई तो अपनी पत्नी माधुरी और पुत्र शैलेंद्र गौतम के खिलाफ जारी बेदखली को वापस लेता हूं। साथ ही अपने सभी रिश्तों को भी बहाल करता हूं। **राम दास पुत्र स्व. कीढ़ा, ग्राम – फरीदीनगर, पिकनिक स्पॉट रोड, इंदिरानगर, लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सजीवन लाल पुत्र स्व0 राम जियावन निवासी ग्राम–रघुनाथ खेड़ा थाना व पर0–निगोंहा तह0 मोहनलालगंज जिला लखनऊ का हूं। मेरे परिवार में मेरी पत्नी आशा व चार पुत्र क्रमशः अजीत सिंह, रंजीत सिंह, अभिषेक यादव व अभिजीत सिंह हैं। जिनमें से मेरे बड़े पुत्र अजीत सिंह व पुत्रवधू रितिका आए दिन आपस में वाद–विवाद करते रहते हैं तथा मुझसे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लड़ाई झगड़ा मारपीट व गाली गलौज करते रहते हैं। इन दोनों का चाल चलन ठीक नहीं है इसलिए मैं अपने बड़े पुत्र अजीत सिंह को अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा अपने बड़े पुत्र अजीत सिंह से कोई लेना –देना नहीं रहेगा और उसके द्वारा यदि कोई भविष्य में कृत्य किया जाता है तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

मैं मनबोध पुत्र राम दयाल निवासी ग्राम पूरे दलगंजन मजरे धनपालपुर परगना सरेनी, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरा वास्तविक नाम मनबोध है, लेकिन आधार कार्ड में प्रमोद नाम अंकित हैं, जबकि वोटर आईडी और बचत किसान पत्र में वास्तविक सही नाम मनबोध अंकित है। मनबोध व प्रमोद एक ही व्यक्ति के नाम हैं। ये दोनों नाम मेरे ही हैं।

नवरात्र पर्व का 9वां दिन | नवरात्र के अंतिम दिन घर-घर, मंदिरों व पंडालों में हुआ कन्याभोज का आयोजन

# अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता अछल्दा,औरैया

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी और नवमी के अंतिम दिन माता के दरबार में देवी सिद्धिदात्री के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। माता सिद्धिदात्री की पूजा से सभी कष्ट मिट जाते हैं। मां सिद्धिदात्री को मोक्षदायिनी भी कहा जाता है। देवी सिद्धिदात्री की नवमी तिथि को पूजा से सभी कष्ट स्वतः समाप्त हो जाते हैं। लोगों ने देवी मन्दिरों व घरों में मां पूजा आराधना की गई। इसके साथ जगह-जगह कन्या भोज कराए गए।

कस्बा के नहर बाजार स्थित प्रसिद्ध महामाई मैया मंदिर में चल रही कथा के अंतिम दिन आचार्य शिवम शुक्ला ने बताया कि नवरात्र के नौवें दिन एकाग्र मन से मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से विवेक और बुद्धि की प्रप्ति होती है और परिवार में खुशहाली आती है। अंतिम दी श्रद्धालुओं की भारी भीड़


महामाई मंदिर में मैया का हुआ श्रृंगार।

मंदिरों व पंडालों में उमड़ी यहां पर लोगों ने माता के दर्शन करने के बाद पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। तमाम भक्तों ने छोटी छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए कन्या पूजन किया और उनको भोग लगाने के बाद कन्या भोज कराया।

मोहल्ला पुराना अछल्दा स्थित राजराजेश्वरी माता मंदिर, हरी गंज बाजार दुर्गा मंदिर, नेविल गंज गल्ला मंडी के सामने देवी पंडाल समेत आदि में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। नहर बाजार महामाई मंदिर और हरी गंज दुर्गा मंदिर पर शनिवार को भंडारा होगा। गांव इटैली स्थित प्राचीन सती माता मंदिर परिसर में अष्टमी से मेला शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में मैया के दर्शन कर झंडा प्रसाद चढ़ाना शुरू हो गया। मेला एकादशी तक चलता रहेगा।

### हजारों श्रद्धालुओं ने छका भंडारा

**अजीतमल, औरैया।** तहसील क्षेत्र के गांव मौहारी में चल रही सात दिवसीय कथा समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का प्रसाद रूपी भंडारे को छका। शुक्रवार को ग्राम मौहारी में देवी पंडाल में चल रही भागवत कथा के समापन दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भागवत के बाद भंडारा छका। देर रात तक चले भंडारे के कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र सहित गांव के हजारों श्रद्धलुओं ने प्रसाद रूपी भंडारे को ग्रहण किया।


मां दुर्गा की आरती करते जिला जज संजय कुमार व डीजीसी अभिषेक मिश्रा।

# जिला जज ने की मां दुर्गा की आरती

**औरैया।** दिबियापुर नगर के राजकीय कन्या विद्यालय इंटर कॉलेज के समीप स्थापित मां दुर्गा के पंडाल में जिला जज संजय कुमार, डीजीसी अभिषेक मिश्रा, दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने नवदुर्गा पूजा महोत्सव में पहुंच माता रानी दुर्गा जी के साथ स्थापित अन्य देवी देवताओं की आरती उतारी।

### जगह-जगह हुए भंडारे

**ककोर,औरैया।** दिबियापुर नगर में सुबह से ही जगह–जगह भंडारों का आयोजन किया गया। वहीं परशुराम गली में माता दुर्गा की प्रतिमा के पास भंडारे का आयोजन किया गया। उसके साथ भगवतीगंज में राजा भैया ज्वैलर्स ने भी सुबह 10 :00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन कराया जो कि देर शाम तक चलता रहा। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# तीसरे दिन भी ठप रहा बीएसएनएल का सर्वर

**अजीतमल,औरैया।** बीएसएनएल विभाग की ब्रॉडबैंड सेवा पिछले 3 दिन से ठप चल रही है। सर्वर के माध्यम से चलने वाले उपकरण शो पीस बने हुए। बीएसएनएल उपभोक्ताओं को सेवा का लाभ न मिलने के बाद भी जारी बिलों का भुगतान करना पड़ रहा है।

अजीतमल कस्बे में बीएसएनएल विभाग की ब्रॉडबैंड का सर्वर ठप होने के कारण लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीएसएनएल सेवा का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को सेवा का लाभ लिए बिना ही बिलों का भुगतान करना पड़ रहा है। अक्टूबर माह शुरू होते ही बीएसएनल की इंटरनेट सेवा ने फिर से लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। बीते 3 दिन से लगातार सर्वर न आने से लोगों के उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। जनसेवा केंद्र, आदि स्थानों पर ग्राहक चक्कर लगा रहे हैं।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किं।
लोचनाभ्याम विहीनस्य, दर्पण :किं करिष्यति॥

जिस व्यक्ति के पास स्वयं का विवेक नहीं है। शास्त्र उसका क्या करेगा? जैसे नेत्रहीन व्यक्ति के लिए दर्पण व्यर्थ है।

## संपादकीय

# रिजर्व बैंक का तटस्थ रुख

बीते दिनों भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की बैठक में किसी भी तरह का बदलाव करने से परहेज किया है। ऐसा दसवीं बार हुआ है जब मौद्रिक नीति समिति ने अपने रुख को तटस्थ रखा है और रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे भविष्य में दरों में कटौती के लिए जगह बनाई जा सकेगी और महंगाई पर काबू भी पाया जा सकेगा। रिजर्व बैंक ने आगामी दो वित्त वर्षों में महंगाई के चार फीसद से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। नई मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की पहले की अनुमानित दर को कम किया गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास मानते हैं कि उच्च ब्याज दरों के कारण विकास दर में कमी के संकेत नहीं हैं, इसलिए भी शीर्ष बैंक कोई जोखिम नहीं लेना चाहता है। गौरतलब है कि दुनिया में जिस तरह के हालात हैं और बहुत सारे देश मंदी की मार झेल रहे हैं,उसमें भारत की अर्थव्यवस्था ने अपने को संभाल रखा है। यहां मंदी के झटके उस तरह नहीं लगे, जैसे कई विकसित कहे जाने वाले देशों में भी देखने को मिले।

इस वक्त भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। ऐसे में रिजर्व बैंक ब्याज दरों में किसी भी तरह का परिवर्तन कर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता है। रिजर्व बैंक का मानना है कि अगर महंगाई को चार प्रतिशत से नीचे लाकर स्थिर करने में कामयाबी मिल जाती है तो विकास दर दहाई के आंकड़े को छू सकती है। रिजर्व बैंक के लिए खाने-पीने के सामान में महंगाई चिंता की बात बनी हुई है। हालांकि फरवरी के 8.6 फीसदी से घटकर यह अगस्त में 5.66 फीसदी हो गई है। केंद्रीय बैंक को उम्मीद है कि सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति में उछाल के बावजूद आने वाले महीनों में कीमतों में कमी आएगी, क्योंकि अच्छे मानसून के कारण देश में कृषि उत्पादों की स्थिति बेहतर होगी और खाद्यान्न भंडार भी भरा रहेगा। जहां तक महंगाई पर काबू पाने का सवाल है, आंकड़ों में जरूर इसे कुछ काबू में दिखाया जाता है, मगर धरातल पर यह लगातार आम आदमी की जेब पर बोझ डाल रही है। खाने-पीने की वस्तुओं के दाम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। इसी कारण बाजार गुलजार होने लगे हैं, व्यापारियों को अच्छी कमाई की उम्मीद होती है, मगर महंगाई की मार का असर बाजार पर दिखता है। फिर, थोक महंगाई और खुदरा महंगाई के बीच कोई तार्किक अंतर नजर नहीं आता। ऐसे में दरों को यथावत बनाए रखकर रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में रखने की अपनी कोशिशों में कितना कामयाब होगा, इसका दावा नहीं किया जा सकता।

# रामराज्य, राष्ट्रीयता, समाजवाद व राममनोहर लोहिया



दीपक मिश्र
समाजवादी चिंतक, लखनऊ

लोहिया की चिंताएं और उनकी बेचैनी एक सच्चे राष्ट्रप्रेमी समाज सुधारक समाजवादी की तड़प थी। लोहिया ने न केवल विसंगतियों, विडंबनाओं व विकृतियों समेत अपने दौर की दुराशाओं, दुर्दशाओं, दुराग्रहों को दर्पण दिखाया। अपितु समस्याओं का समाधान भी अपनी अलौकिक मेधा व अनुभवजन्य अध्ययनों से प्रस्तुत किया।

भारत के सार्वकालिक महान क्रांतिकारी समाजवादी चिंतक राममनोहर लोहिया की प्रासंगिकता आज उनके जीवन काल से अधिक प्रतीत होती है। लोहिया ने जो चेतावनियां दी थीं,कालांतर में कमोबेश सभी सही सिद्ध हुईं। लोहिया जितने बड़े समाजवादी चिंतक थे, उतने ही महान राष्ट्रवादी दार्शनिक थे, जिन्होंने राष्ट्रप्रेम और समाजवाद की पराकाष्ठा को पूरी प्रतिबद्धता के जिया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका उनके राष्ट्रप्रेम को रेखांकित करती है। उन्हें और लोकनायक जयप्रकाश नारायण को 1942 की क्रांति का नायक माना जाता है। महात्मा गांधी, पंडित नेहरु, मौलाना आजाद, सरदार पटेल आदि राष्ट्रीय नेताओं की गिरफ्तारी के लोहिया व लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन युवा समाजवादियों को एकजुट कर क्रांति की धार और गति को बढ़ाया।

आजाद दस्ता का गठन कर क्रांतिकारी गतिविधियों के सूत्रधार बने। ब्रिटानिया हुकूमत ने लोहिया को शत्रु नंबर एक घोषित किया और गिरफ्तारी के बाद असहनीय यातना दी। लोहिया ने तरुणाई का अधिकांश समय बंगाल में बिताया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस से उनके आत्मीय संबंध थे। एक भाषण में दिसंबर, 1928 में नेताजी ने कहा था कि राममनोहर लोहिया में इतिहास बनाने और इतिहास को गति देने की अलौकिक क्षमता है। लोहिया ने नेताजी के कथन को सतत जनसंघर्षों, सत्याग्रहों और लोक कल्याणकारी अभियानों के आधार पर सही साबित किया और पहले आजादी की लड़ाई फिर देश के नवनिर्माण के इतिहास के जाज्वल्यमान प्रेरणादायी अध्याय बने। लोहिया शोषण विहीन समता मूलक समाज और सशक्त राष्ट्र के स्वप्नद्रष्टा थे। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने सत्ता की बजाय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सिद्धांतनिष्ठ प्रतिपक्ष का रास्ता चुना।

लोहिया जर्मनी से उच्च शिक्षा ग्रहण कर भारत लौटे थे, उन्हें जितनी गहरी जानकारी पाश्चात्य राजनीतिक अवधारणाओं की थी, उतनी ही अच्छी पकड़ भारतीय मनीषा की भी थी। उन्होंने राम-कृष्ण-शिव पर पुस्तक लिखी। वे धर्म को दीर्घकालीन राजनीति व राजनीति को अल्पकालीन धर्म मानते थे। उन्होंने बताया कि धर्म और राजनीति का अविवेकी मिलन समाज के लिए



घातक होगा। लोहिया रामराज्य को समाजवादी शासन प्रणाली मानते थे। लोहिया के अनुसार रामराज्य और समाजवादी, दोनों का लक्ष्य हर तरह की विषमता, विभेद, विकार व विसंगतियों को मिटाना है। "बयरु न कर काहू सन कोई, रामप्रताप विषमता खोई" तुलसी की यह धारणा लोहिया की सप्तक्रांति में स्पष्टतः प्रतिबिंबित होती है। लोहिया ने रामायण में उल्लेखित "लोकापवाद" को "लोक-लाज" कहा और बताया कि लोकतंत्र में लोक-लाज, लोक-भाषा, लोक-भूषा को आत्मसात करना चाहिए। लोहिया ने राम से मर्यादा में रहने और सार्वजनिक जीवन में लोकापवाद व लोकलाज का लिहाज करने की सीख लेने की शिक्षा दी।

रामराज्य में निहित राष्ट्रीयता (जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी) की भावना और समाजवाद के आदर्शों से जनमानस को अवगत कराने के लिए लोहिया ने रामायण मेला की संकल्पना की और "सीताराम राज" की खुली वकालत की। लोहिया जातिवाद के पूर्णतया खिलाफ थे। लोहिया के समाजवाद एवं सामाजिक न्याय की अवधारणा में जड़गत जातिवादी जकड़न के लिए कोई जगह नहीं है। नवंबर 1951 में बुद्धप्रिय मौर्य से बातचीत करते हुए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने कहा था, "खाक पॉलिटिक्स करोगे। जब तुम राममनोहर लोहिया को नहीं जानते। एक ही नेता है जो ईमानदारी से जात-पात तोड़कर जातिहीन समाज की स्थापना करना चाहते हैं," लोहिया की मानें तो आदर्श समाजवादी किसी भी दशा में जातिवादी नहीं हो सकता। कुछ स्वार्थी लोग आज कल समाजवाद के नाम पर जातिवाद को बढ़ावा दे रहे हैं,ऐसे तत्वों को लोहिया "समाजवाद के आंतरिक शत्रु" की संज्ञा देते थे। राममनोहर राष्ट्र को समग्र रूप में देखते थे। उनके अनुसार राष्ट्रीयता की भावना उदारता और समावेशी होती है। आक्रामकता और कट्टरता जनित सांप्रदायिकता, भारतीय राष्ट्रवादी आदर्श के प्रतिकूल हैं। वे हिन्दुस्तान समाजवादी गणतांत्रिक संघ के सेनानी चन्द्रशेखर आजाद व भगत सिंह की भांति सांप्रदायिकता को देश के लिए सबसे बड़ा खतरा मानते थे। आजादी के समय जब सांप्रदायिकता खूनी "खेल" खेल रही थी, लोहिया "गण-सेना" बनाकर जान जोखिम डालकर राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सद्भाव को मजबूत कर रहे थे।

ढाका में लोहिया पर मुस्लिम लीग के कट्टरपंथियों ने जानलेवा हमला भी किया था। लोहिया ने भारतीय भाषाओं में राज-काज चलाने की खुली पैरवी की थी। वे न्यायालय, व्यापार और शासन की भाषा हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को बनाना चाहते थे। वे अंग्रेजी को ज्ञान-विज्ञान की भाषा के रूप में पढ़ने-लिखने व स्वीकार करने के कभी विरोधी नहीं रहे। उन्होंने स्वयं कई पुस्तकें अंग्रेजी में लिखी हैं और मैनकाइंड, सोशलिस्ट कांग्रेस जैसी अंग्रेजी में पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया है। वे भाषा को आधार बनाकर किए जा रहे आम जनता के शोषण व थोपी जा रही श्रेष्ठता के खिलाफ थे।

लोहिया की राजनीति को अमानुषिकता के विरुद्ध मनुष्यता की राजनीति कहना ज्यादा सही होगा। अल्बर्ट आइंस्टीन लोहिया की चौखंबा शासन प्रणाली और छोटे यंत्रों पर आधारित अर्थव्यवस्था की कल्पना को अद्भुत मानते थे। जब तत्कालीन सरकार ने प्रतिव्यक्ति आय के आधार पर विकास की बेहतर स्थिति में बताया, तब लोहिया ने प्रतिव्यक्ति आय की बजाय आय के न्यायपूर्वक वितरण और आर्थिक विषमता को विकास का मानदंड बनाने की सलाह दी। आज लोहिया के विचारों और नीतियों से भटकने की कीमत देश चुका रहा है। आर्थिक विषमता और सामाजिक विद्वेष घटने की बजाय बढ़ रही है। सांप्रदायिक व जातिगत तनाव के कारण हिंसा व हत्या की खबरें आज भी आम हैं। विकासगत क्षेत्रीय विषमता को एक आंकड़े से समझा जा सकता है। प्रतिव्यक्ति आय के दृष्टिकोण से सबसे अधिक धनी प्रांत सिक्किम (5,87,743 रुपये) और सबसे गरीब राज्य बिहार (60,337 रुपये) में मध्य 5 लाख 27 हजार 4 सौ 7 रुपये का अंतर है। यदि लोहिया प्रतिपादित छोटे यंत्रों पर आधारित अर्थनीति को बढ़ाया गया होता तो देश में समृद्धि का हिमालय गरीबी, बेरोजगारी व भुखमरी के महासागर के मध्य हमें मुंह न चिढ़ाता होता। अरबपतियों के मामले में हमारा देश अमेरिका व चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। अर्थव्यवस्था के आकार के लिहाज से हमारा देश पांचवें स्थान पर है, लेकिन औसत आमदनी में हम इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के अनुसार 136 देशों और समग्र विकास सूचकांक में भारत 133 देशों के बाद है।

लोहिया की चिंताएं और उनकी बेचैनी एक सच्चे राष्ट्रप्रेमी समाज सुधारक समाजवादी की तड़प थी। लोहिया ने न केवल विसंगतियों, विडंबनाओं व विकृतियों समेत अपने दौर की दुराशाओं, दुर्दशाओं, दुराग्रहों को दर्पण दिखाया। अपितु समस्याओं का समाधान भी अपनी अलौकिक मेधा व अनुभवजन्य अध्ययनों से प्रस्तुत किया। 23 मार्च 1910 को जन्मे लोहिया ने आखिरी सांस 12 अक्टूबर 1967 को मात्र 57 वर्ष की अवस्था में ली। केरल में 1954 में सोशलिस्ट सरकार थी, सरकार ने निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवा दी। सोशलिस्ट पार्टी के उस समय लोहिया महासचिव थे, लोहिया ने अपनी ही सरकार को गिरवा दिया। जब वे बीमार पड़े। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और समाजवादी नेता मधु लिमये ने उन्हें अमेरिका इलाज के लिए भेजने का निर्णय लिया तो राममनोहर लोहिया ने स्पष्ट मना कर दिया। लोहिया ने कहा कि मैं अमेरिका सत्याग्रह करने गया था, वहां भारतीय शौर्य व सोच का परचम लहराया, अब वहीं इलाज के लिए जाकर देश के अभाव और गरीबी का मजाक नहीं उड़वाऊंगा। लोहिया ने सांसें छोड़ दीं, पर सिद्धांत नहीं छोड़ा।

आज लोहिया सदृश नेता, विचारक, चिंतक, समाज का हितैषी और सरकार पर नैतिक अंकुश लगाने वाले व्यक्तित्व की आवश्यकता है। हम लोहिया नहीं हो सकते, पर वैसे तो हो ही सकते हैं जैसा लोहिया के वंशजों व अनुयायियों को होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# रामराज की कल्पना और रावण

रावण रणभूमि में मरा। पर हमारी मनोभूमि पर वह राम के समानांतर जिंदा क्यों है? यह सवाल हर संजीदा आदमी को परेशान करता है। क्या रावण राम को याद रखने का सबब है। पं विज्ञानिवास जी अपने निबंध संग्रह "छितवन की छांव" में कहते हैं कि राम भारतीय मानकों को गढ़ने वाले क्रांति द्रष्टा थे। जबकि रावण दस कुप्रवृत्तियों का धारक प्रतिनिधि था। इसलिए वह पाप बनकर पुण्य का पीछा करता रहेगा।



स्नेह रंजन
वरिष्ठ पत्रकार, वाराणसी

योगवाशिष्ठय के दार्शनिक राम अयोध्या और लंका के बीच में किस तरह सांसारिक शौर्य का शालीन प्रतीक बनकर उभरे। क्या यही एक कारण पर्याप्त नहीं है कि हम उन्हें हर साल विजयदशमी पर याद करें और उनकी लीलाओं का मंचन करें। डॉक्टर लोहिया अपनी पुस्तक "राम कृष्ण और शिव" में लिखते हैं कि राम धरती के ऐसे प्रथम पुरुष थे, जिन्होंने परिवार, समाज और देश के लिए सार्थक मूल्य गढ़े, सामाजिक न्याय के ऐसे रूपक प्रस्तुत किए, जिसे युगांतर तक कभी मिटाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर का इस हद तक आदर किया, जिस हद तक रावण ने इनका निरादर किया था, लेकिन यह राम की लोक भूमिका थी। राजनीति में आज दलित सबसे बड़ा विषय है। राम ने भी इसका स्पर्श किया, लेकिन करुणा व मैत्री के लिए। यहां तक कि अपने राज्याभिषेक के शपथ ग्रहण में उन्होंने केवल निषाद राज को छोड़कर किसी को भी निमंत्रित नहीं किया। लक्ष्मण रेखा हो या राम के द्वारा रजक की बात को महत्व दिया जाना। आज रामलीला प्रतिवर्ष इसलिए भी होती है कि रिश्तों की चासनी बनी रहे।

राजनीति के मानक और मूल्य हमेशा जिंदा रहें। मरेंगे, परेंगे चुनाव जीत कर रहेंगे। यही करना है तो निश्चित रूप से विजयदशमी मनाना छोड़ देना चाहिए। अविश्वास का दौर ऐसा कि आदमी ने खुद पर भी भरोसा करना छोड़ दिया। विजयदशमी के दिन रावण जलाने के लिए जाने वालों से एक काल्पनिक अपेक्षा है कि रावण की ओर मुखातिब तीर आप कुछ वर्षों के लिए अपनी तरफ मोड़ लें। रावण का वजूद धीरे-धीरे मिटेगा और मिट जाएगा। रामराज की कल्पना का सब्जबाग महलों मंदिरों से पूरा नहीं होगा। उसके लिए रावण को मारना जरूरी है, जो राजनीति, समाज और परिवारों में घुसकर वायरस बनकर बैठा हुआ है।

# शालीनता से हारना भी नहीं आता



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

सफलता असफलता की कोख से जन्म लेती है, लेकिन कोई सीखने को तैयार ही नहीं हो तो यही कहा जाएगा कि शालीनता से हारना भी नहीं आता सीखने की बात तो बहुत दूर की है।

गुरुवार को हरियाणा चुनाव में मिली बुरी शिकस्त पर कांग्रेस की चुनावी समीक्षा हुई और नतीजा वही ढाक के तीन पात। जिस कारण चुनाव हारे इस समीक्षा बैठक की शुरुआत उसी के साथ हुई तब कोई सच्चाई के साथ किसी सार्थक नतीजे की उम्मीद कैसे कर सकता है। सुनने में आया है कि बैठक में निष्कर्ष निकाला गया की आपसी गुटबाज़ी के चलते और एकजुट होकर नहीं लड़ना हरियाणा में इस चुनावी पराजय का मुख्य कारण रहा।

कुमारी शैलजा हरियाणा में कांग्रेस का एक बहुत बड़ा दलित चेहरा है, जिन्हें कांग्रेस हाई कमांन की शह के बाद भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ग्रुप ने इस चुनाव में प्रारंभ से ही प्रताड़ित किया, उनके मांगने पर भी उन्हें टिकट नहीं दिया गया, उनके समर्थकों को टिकट नहीं दिया गया, चुनाव के दौरान उन्हें जाती सूचक शब्दों से संबोधित कर बेइज्जत किया गया, हुड्डा ने अपने समर्थकों को नब्बे में से बहत्तर सीट दिलवा दी जोकि बगैर हाई कमांन की सहमति के संभव ही नहीं था, क्योंकि राहुल गांधी और उनके सिपहसलारों ने हुड्डा को खुली छूट देकर चुनाव में पार्टी की फूट की नींव रख दी थी। चुनावी समीक्षा की शोक सभा में कुमारी शैलजा जैसी दिग्गज नेता की उपेक्षा कर उन्हें इस बैठक में भाग लेने का निमंत्रण न भेजकर इस छद्म समीक्षा का तर्कहीन उदाहरण ही पेश किया गया है। जब समीक्षा एकपक्षीय हो तो नतीजा निष्पक्ष कैसे निकलेगा?

कांग्रेस को भी लोकसभा में 543 में से 99 सीट लाकर विजयी शंख ध्वनि की बांसुरी बजाते-बजाते 99 के अंक से बहुत प्रेम हो गया लगता है। इनके सारे महासचिवों, प्रवक्ताओं की हार की प्रतिक्रियाओं को ध्यान से सुनें तो सभी कह रहे हैं जिन ईवीएम की बैटरी (99) प्रतिशत थी वहां भाजपा जीती और जहां 65 प्रतिशत थी वहीं सिर्फ कांग्रेस जीती। एक बालक को भी कितनी हास्यास्पद बात नजर आती होगी।

आजकल हम सभी मोबाइल का प्रयोग करते हैं और घर से निकलते हुए लगभग 99 प्रतिशत या शत प्रतिशत मोबाइल की बैटरी चार्ज करके निकलते हैं और शाम को घर वापस आते-आते तक बैटरी 65 प्रतिशत छोड़ो कई बार 10 प्रतिशत ही रह जाती है तब क्या हमारी मोबाइल पर बात नहीं होती, व्हाट्सएप नहीं आते, एसएमएस नहीं आते, मेल नहीं आते, इंस्टाग्राम, एक्स, फेसबुक काम नहीं करते? करते हैं तो यह कौन सा 99 प्रतिशत और 65 प्रतिशत का नया खेल जनता को समझाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है, उलजलूल दलीलें दी जा रहीं है, निर्वाचन आयोग को दोष दिया जा रहा है, भाजपा को दोष दिया जा रहा है। नहीं किया जा रहा तो सिर्फ़ ईमानदार आत्मावलोकन नहीं किया जा रहा। खैर इसकी उम्मीद भी नहीं थी और न ही होगी। मुझे तो इस हार का मुख्य कारण ही राजशाही परिवार का "गांधी" सरनेम ही नजर आता है, जिसे समर्थक चापलूसी के चलते मानने को तैयार नहीं हैं और देश इस पचपन वर्षीय राजशाही नौनिहाल पर विश्वास करने को तैयार नहीं है। देश तो छोड़ो अब इस हार के बाद बिना किसी वैचारिक प्रतिबद्धता के बने खंडित, विखंडित इंडी गठबंधन के मुख्य साथी भी राहुल और कांग्रेस को गरिया रहे हैं और यह सब कांग्रेसी भीगी बिल्ली की तरह दुम दबाकर अपनों के द्वारा ही अपना हाल बेहाल होता देखकर सकते में हैं। उन्हें लगने लगा है की सिर्फ़ मोदी को सत्ताच्युत करने के उद्देश्य से बने इस इंडी गठबंधन के स्वघोषित भविष्य के प्रधानमंत्री के हाथ उनका भविष्य असुरक्षित है। वरना उमर अब्दुल्ला क्यों कह रहे हैं कि हम कांग्रेस के बिना भी जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने को तैयार हैं। दिल्ली में आप पार्टी ने अगला विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है, उधर शिव सेना उद्धव गुट अपने अखबार सामना के द्वारा कांग्रेस को आंख दिखा रहा है।

हरियाणा की हार से अहंकार त्यागने का सबक दे रहा है, उद्धव को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने की बात कह रहा है, उत्तर प्रदेश जहां कांग्रेस होने वाले दस उपचुनाव में दस में से पांच सीटें मांग रही थी। समाजवादी पार्टी के अखिलेश ने दस में से छह सीटों पर कांग्रेस से बात किए बिना अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। अति आत्मविश्वास से भरी कांग्रेस पार्टी का इन्हीं के गठबंधन के साथियों ने क्या हाल कर दिया है। यही हाल होता है जब कोई गठबंधन बिना किसी वैचारिक सामंजस्य के नकारात्मक विचार की नींव पर बनाया जाता है। हरियाणा विधानसभा कांग्रेस को बहुत कुछ सीखा रहें हैं। सफलता असफलता की कोख से जन्म लेती है, लेकिन कोई सीखने को तैयार ही नहीं हो तो यही कहा जाएगा कि शालीनता से हारना भी नहीं आता सीखने की बात तो बहुत दूर की है।

## सोशल फोरम

# सांस्कृतिक जड़ों का सुख

गांव के ये मेले जीवन की समस्याओं और जटिलताओं से मुक्ति के आदिम और कारगर तरीके हैं। यह अपनी मिट्टी का असर है। अपनी सांस्कृतिक जड़ों में प्रवेश का सुख।

दशहरे की आहट के साथ पूर्वी और उत्तर भारत के कुछ राज्यों में ग्रामीण मेलों की शुरुआत हो गई है। कभी ये मेले ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ और मनोरंजन के प्रमुख साधन हुआ करते थे। इनका जादू लोगों, खासकर स्त्रियों और बच्चों के सर चढ़कर बोलता था। आधुनिकता की तेज रफ्तार में इन मेलों की प्रासंगिकता अब पहले जैसी तो नहीं रही, मगर एक मामले में तो इनकी उपादेयता हमेशा बनी रहेगी। यदि कुछ देर के लिए आप मन से आभिजात्य की धूल झाड़कर अपनी जड़ों की ओर लौट चलना चाहते हैं तो ऐसे किसी मेले के चक्कर लगा आईए। वहां किसी दुकान पर मुढ़ी-पकौड़ी और गरमागरम जलेबियां खाईए। बीवी के लिए चोटी, रिबन, चूड़ियां, टिकुली-सिंदूर और बच्चों के लिए हवा, मिठाई और गुड़ के गट्टे खरीद लीजिए। कहीं बाईस्कोप दिखे तो दिल्ली के कुतुब मीनार और आगरे के ताजमहल की सैर पर निकल जाईए। किसी थिएटर में नौटंकी-सौटंकी, नाच-गाने देखिए। यदि दिल के मरीज नहीं हैं तो झूले में थोड़ा सा ऊपर-नीचे हो लीजिए। गांव की औरतों की धराऊ साड़ियों से उठती फिनाइल की चौतरफा गंध महसूस करिए। यह बिल्कुल मत सोचिए कि आपको यह सब करते देख कोई आप भद्र पुरुष या महिला को गंवार कह देगा। हम सब जन्म से गंवार ही हैं। भद्रता हमारा ओढ़ा हुआ चरित्र है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए इस आरोपित भद्रता से गाहे-बगाहे मुक्ति की दरकार होती है। मेले से भद्रता का ऐसा नैसर्गिक प्रतिकार कर जब आप घर लौटेंगे तो तमाम मानसिक, भावनात्मक थकावट सिरे से गायब हो चुकी होगी।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

गांव के ये मेले जीवन की समस्याओं और जटिलताओं से मुक्ति के आदिम और कारगर तरीके हैं। यह अपनी मिट्टी का असर है। अपनी सांस्कृतिक जड़ों में प्रवेश का सुख।

-फेसबुक वॉल से

# दक्षिण कोरिया की कथाकार हान कांग

कोरिया की सबसे मशहूर किताब की दुकान का नाम है "क्योबो" जो सेओल के चोंगनो क्षेत्र में स्थित है। इसके चेन स्टोर अन्य जगहों पर भी हैं। छोटे स्टेडियम जैसी दूर तक फैली इस दुकान में तेईस लाख किताबें हैं। हर दीवार पर किताबें सजी हैं, लेकिन एक दीवार दशकों से सूनी थी। उस पर टंगे बोर्ड पर लिखा था "नोबेल विजेता कोरियाई लेखक के लिए आरक्षित"। बीते दिनों उस बोर्ड का सूनापन दूर हो गया। कोरियाई साहित्य रसिकों का मनोरथ पूरा हुआ। दक्षिण कोरिया की कवयित्री और कथाकार हान कांग को नोबेल पुरस्कार मिला है। यह हान कांग (जन्म 27.11. 1970) ने शैशवकाल से ही अपना जीवन कोरियाई और विश्व साहित्य के गौरव ग्रंथ के साथ बिताया। उसके पिता हान संग-वन फणीश्वरनाथ रेणु की तरह कोरियाई साहित्य में आंचलिक उपन्यास के सफल प्रयोगकर्ताओं के रूप में जाने जाते हैं। उनकी एक कथा पर "आजे आजे परा आजे" (प्रज्ञा पारमिता हृदय सूत्र की एक पंक्ति का कोरियाई अनुवाद जिसका अर्थ है, चलें, मोहमुक्त हो आगे बढ़ें) नामक फिल्म भी बन चुकी है। हान कांग के बड़े भाई (दो साल बड़े) भी पिछले बीस वर्षों से बहुत परिश्रम से कहानी और उपन्यास लिखते आ रहे हैं और साहित्य के पथ पर अपनी बहन का मार्गदर्शन भी करते आ रहे हैं। हान कांग ने अपने एक साक्षात्कार में कहा कि बचपन में उनके लिए किताबें अर्ध-जीवित प्राणी थीं, जिनके साहचर्य में उन्हें सहजता का अनुभव होता था। किताबें उन्हें आश्वस्त करती थीं, "मैं तुम्हारे साथ हूं-मैं तुम्हारी रक्षा करूंगी।" मकान बदलकर नए इलाके में जाने पर पड़ोस के बच्चों से दोस्ती बाद में होती थी, पहले अपने पुराने दोस्त पुरानी किताबों की आलमारी से मिलती थी। पुरानी किताबों की संगति के कारण उन्हें लगता था कि मैं नई जगह तो आई हूं, लेकिन पुराने दोस्तों से जुदा नहीं हुई हूं।



पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

किशोरावस्था में हान कांग रूसी साहित्य, विशेषकर दोस्तोवस्की और पास्तरनाक के उपन्यासों की दुनिया में डूबी रहती थी। 14 साल की उम्र में उन्होंने कोरियाई साहित्यकार लिम चल-वू की एक कहानी "साफ्यंग स्टेशन" पढ़ी, जिससे वह बहुत प्रभावित हुई। इस कथा में बर्फीली रात में एक छोटे से कस्बाई रेलवे स्टेशन के माध्यम से हासिए पर जी रहे गरीब-गुरबा के जीवन की थकान का सहानुभूतिपूर्ण वर्णन है। इसमें कोई नायक नहीं है, आखिरी ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे यात्री साथ बैठे हैं- एक खांसता है, दूसरा अपने बगलगीर मुसाफिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश करता है, एक यात्री घूरे की आग की आंच में लकड़ी रख रहा है, आंच के चारो ओर बैठे यात्री अपने शरीर को गरमा रहे हैं। वहां एक किसान भी है, जिसका मुख म्लान है-उसे इस बात का अफसोस है कि हिमानी और बेशुमार ठंडी रात में जब उसके बूढ़े बाप ने कहा, मुझे अस्पताल ले चलो, उसे इस अनुरोध पर मन ही मन गुस्सा क्यों आया। दो खोमचे वाले भी हैं और दो औरतें हैं-एक अधेर उम्र की मोटी औरत है और एक जवान लड़की है, जिसने मेकअप काफी कर रखा है। अपने साहित्य सिंचित पारिवारिक परिवेश और इस कथा की मोहिनी शक्ति के कारण हान कांग ने किशोरावस्था में लेखक बनने का फैसला किया। सेओल-स्थित यनसे विश्वविद्यालय में उन्होंने कोरियाई साहित्य का अध्ययन किया। बाद में यूरोप और अमेरिका में कुछ महीने बिताने के बाद उन्होंने समकालीन विश्व साहित्य की ऊर्जा और ऊष्मा को अच्छी तरह जाना और समझा। डब्लू जी सेबाल्ड की ऑस्टरलिट्ज़, द इमिग्रेंट्स, ए प्लेस इन द कंट्री आदि पुस्तकों को पढ़कर उन्हें महसूस हुआ कि लेखक ने सामूहिक स्मृति को आत्मसात करने के लिए अंतर्जगत में गहराई से प्रवेश किया है।



जॉर्ज लुइस बोर्जेस, प्राइमो लेवी, इटालो कैल्विनो, अरुंधति रॉय की रचनाओं को भी उन्होंने चाव से पढ़ा। आरंभ में हान कांग कविता लिखती थीं। उनके साहित्यिक जीवन का आरंभ तेईस साल की अवस्था मे हुआ जब "साहित्य और समाज" नामक पत्रिका में उनकी पांच कविताएं छपीं। 1995 में उनकी छोटी कहानियों की पहली किताब आई, "यसु शहर का प्यार"। नोबेल समिति ने उन्हें "गहन काव्यात्मक गद्य में इतिहास के जख्म को, सामूहिक स्मृति की पीड़ा को और मानव जीवन की अनिश्चितता और नश्वरता को पिरोने" के कौशल के लिए पुरस्कृत किया गया है।

# सांस्कृतिक चेतना और दशहरे का पर्व

पर्वतीय प्रदेश उत्तराखंड में भी दशहरे का पर्व तीनों अंचलों में अपनी-अपनी संस्कृति और ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार विशिष्ट अंदाज में मनाया जाता है। तीनों अंचलों में से कुमाऊं की रामलीला और कुमाऊं का दशहरा देश भर में ही नहीं वरन विश्व प्रसिद्ध है, जिसे देखने के लिए देश और विदेश दोनों से ही हजारो सैलानी भी आते हैं।

अल्मोड़ा में आयोजित होने वाला दशहरा पर्व भी कुल्लू के दशहरे की भांति विश्व प्रसिद्ध है। आपको देश भर में दशहरे के पर्व पर रावण के परिवार के अधिकतम तीन पुतले दिखाई देंगे, लेकिन यहां पर दशकों से रावण परिवार के लगभग डेढ़ दर्जन पुतला निर्माण की परंपरा है। पुतले निर्माण में स्थानीय और कुशल दोनों ही प्रकार के कलाकार अपनी समस्त ऊर्जा और कल्पना शक्ति और कलात्मक कौशल को झोंक देते हैं। अल्मोड़ा के दशहरे पर्व की खास बात यह है कि यहां महीने भर पहले ही पुतले निर्माण की तैयारी आरंभ हो जाती है। दशहरे के दिन जब सभी पुतलों की सामुहिक झांकी निकाली जाती है और ढोल बाजे नृत्य-संगीत के साथ बाजार में घुमाया जाता है, जिसमें उत्साह, उल्लास, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक सहभागिता प्रदर्शित होती है। अल्मोड़ा के पुतला निर्माण की कला में अख्तर भारती का योगदान उल्लेखनीय और अतुल्य है।



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

इन्होंने लखनऊ के आर्ट्स कॉलेज से कला की शिक्षा ग्रहण की। पुतला निर्माण में इन्हें महारत हासिल थी। 1975 तक यहां पर केवल रावण का पुतला बनाया जाता था और 1976 से मेघनाथ का पुतला भी बनाया जाने लगा। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में रामलीला के मंचन से लेकर विजयदशमी के पर्व तक के आयोजन में मुसलमान हुनरमंदों और कलाकारों का साज-सज्जा से लेकर आयोजन तक में योगदान रहता है। कुमाऊं की ही भांति गढ़वाल की रामलीला भी काफी लोकप्रिय है। दशहरे के पर्व पर देहरादून, कोटद्वार और श्रीनगर आदि विभिन्न स्थानों पर दशहरे के मेले के आयोजन के साथ पुतला दहन किया जाता है। गढ़वाल में महाष्टमी के दिन राजराजेश्वरी देवी की पूजा का भी विधान है, जिसमें टिहरी राजपरिवार द्वारा पारंपरिक शस्त्र पूजन किया जाता है और इस शस्त्र पूजन का आरंभ गढ़वाल में पवार वंश के द्वारा आरंभ किया गया। देश के कई स्थान ऐसे हैं, जहां रावण का पुतला दहन नहीं किया जाता। उत्तराखंड में भी जौनसार बाबर के जनजातीय क्षेत्र में रामलीला का मंचन तो किया जाता है, परंतु रावण का पुतला दहन नहीं किया जाता। इस क्षेत्र में विजयदशमी के पर्व को पांइता पर्व के रूप में मनाने की परंपरा है। इस पर्व में जौनसार बाबर के उत्पाल्टा और करौली गांव के मध्य गागली युद्ध होता है, जो अरबी के डंठलों से खेला जाता है। गागली युद्ध प्रतिशोध की भावना से नहीं वरन पश्चाताप की भावना से खेला जाता है।

उत्तराखंड में यद्यपि मैदानी भागों की तरह रामलीलाओं में बेतहाशा खर्च, चकाचौंध, भव्यता और अट्टालिकाओं को छूती पुतलों की ऊंचाई नहीं होती, लेकिन यहां रामलीला और दशहरे का सांस्कृतिक, भावनात्मक और कलात्मक पक्ष बेहद समृद्ध है।

# नारी को सम्मान देने वाला समाज समर्थ व शक्तिमान : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को महापर्व शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी व विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है। जिस समाज में नारी की पूजा होती है और सम्मान दिया जाता है, वह समाज स्वयं ही समर्थ व शक्तिमान होता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी पर विधि विधान से कन्या पूजन किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नवमी तिथि पर सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान किया है। वह सौभाग्यशाली हैं कि गोरक्षपीठ की पवित्र परंपरा के अनुसार, उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।



गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी पर कन्याओं को भोजन परोसते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- **योगी ने प्रदेश वासियों को दीं महानवमी व विजयादशमी की शुभकामनाएं**

# राजनीतिक नियुक्तियों का आधार बनेगा भाजपा का सदस्यता अभियान

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- **तालमेल नहीं बनने से बदली रणनीति, अब सदस्यता अभियान में दम दिखाने वाले होंगे योग्य**
- **राज्य के 12 आयोग, निगम, बोर्ड और परिषदों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष समेत सदस्यों के पद खाली**

**अमृत विचार :** राजनीतिक नियुक्तियां हासिल करने का आधार अब भाजपा का सदस्यता अभियान भी होगा। सरकार और संगठन में तालमेल न बनने से अभी 12 आयोग, निगम, बोर्ड और परिषदों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष समेत सदस्यों के पद खाली हैं। ऐसे में 15 अक्टूबर को ताजा आंकड़े आने के बाद सदस्य बनाने में दम दिखाने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं को अहमियत दी जा सकती है।

योगी आदित्यनाथ के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही भाजपा में राजनीतिक नियुक्तियां लटकी हुई हैं। लोकसभा चुनाव में हार की समीक्षा में इसे भी संगठन स्तर से खराब प्रदर्शन की वजहों में प्रमुख माना गया। इसके बाद दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने नाराजगी का खुला प्रदर्शन और पेशबंदी के साथ केंद्रीय नेतृत्व के हस्तक्षेप से पिछले एक माह में चार संस्थानों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष समेत सदस्यों की नियुक्तियां हुईं। हालांकि इसमें भी चयनित नेताओं-कार्यकर्ताओं को लेकर वार-पलटवार हाल में हुई कोर कमेटी की बैठकों में दिखे।

सबसे पहले उप्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग बना, जहां अध्यक्ष बने बाराबंकी के पूर्व विधायक बैजनाथ रावत समेत उपाध्यक्ष व तीन सदस्यों की उम्र 65 वर्ष से अधिक होने पर सरकार को एक्ट में संशोधन कर आयु सीमा की बाध्यता खत्म करनी पड़ी। तब भाजपा के अंदर सवाल उठे कि क्या दूसरा कोई नहीं था। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में भी अध्यक्ष बने सीतापुर के पूर्व सांसद राजेश वर्मा को लेकर तमाम ओबीसी नेता नाराज दिखे, कहा गया कि इन्हें केंद्र से थोपा गया है। राज्य महिला आयोग में अध्यक्ष बनने का आश्वासन पाने वाली सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव को उपाध्यक्ष बनाने पर भी नाराजगी सामने आई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में भी सीपीडब्ल्यूडी के सेवानिवृत इंजीनियर आरपी सिंह को बागडोर देने से संगठन-सरकार में खटास दिखी।

सूत्रों का कहना है कि ऐसे हालात न आएं इसलिए सर्वानुमति से तय हुआ है कि सदस्यता अभियान के बाद ताजा आंकड़ों में भी सक्रिय नजर आने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं को शेष बचे 12 संस्थाओं में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष से लेकर सदस्य बनाया जाए तो बेहतर संदेश जाएगा। उप्र ही नहीं, भाजपा शाषित कई राज्य भी इसी मानक को अपनाने की घोषणा कर चुके हैं।

### भाजपा शासित कई राज्य भी अपना रहे उप्र का फार्मूला

उप्र की तरह ही भाजपा शासित कई राज्य भी इसी मानक को अपनाते हुए भाजपा नेताओं की सरकारी नियुक्तियां सदस्यता अभियान के बाद घोषित करेंगे। इसमें मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे बड़े राज्य भी शामिल हैं। किसी बड़े नेता का चहेता या परिवारीजन भी इस मानक पर आयोग, बोर्ड, निगम आदि में नियुक्त होंगे, तो एतराज जताने वालों को उसकी काबिलियत देखनी पड़ेगी।

### इन संस्थाओं में ठप पड़ा है कामकाज

सरकार की ओर से अध्यक्ष-उपाध्यक्ष समेत सदस्यों की नियुक्तियां न करने से 12 प्रमुख संस्थाओं में कामकाज पूरी तरह ठप है। इसमें उप्र अल्पसंख्यक कल्याण आयोग, उप्र पर्यटन विकास निगम, उप्र अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम, उप्र बीज विकास निगम, उप्र खादी ग्रामोद्योग विकास बोर्ड, उप्र श्रम कल्याण परिषद, उप्र व्यापारिक कल्याण बोर्ड, उप्र युवा एवं खेलकूद विकास बोर्ड, उप्र बाल संरक्षण आयोग, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद, उप्र आवास विकास परिषद और उप्र फिल्म विकास परिषद शामिल है।

## एक नजर

### भूपेंद्र और धर्मपाल ने दी विजयादशमी की बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए लोकमंगल की कामना की। कहा कि आसुरी शक्तियों के विनाश, अधर्म, अनाचार, असत्य के अंत से स्थापित सत्य की सार्वभौमिकता सदाचरण के लिए प्रेरित करती है। श्रीराम के द्वारा अत्याचारी रावण के अंत से सत्य व धर्म की विजय का पुण्य पर्व विजयादशमी है।

### दशहरा हमें सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है : अजय

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने विजयदशमी की पूर्व संध्या (दशहरा) के अवसर पर शुक्रवार को प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी जीवन की कामना की है। उन्होंने कहा कि दशहरा का पर्व हमें समाज में व्याप्त बुराईयों से दूर रहने और सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।

### विजयादशमी अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश देता है : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विजयादशमी पर्व पर देश व प्रदेश वासियों को बधाई दी। शुक्रवार को उन्होंने कहा है कि यह दिन हमें अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश देता है। साथ ही यह सबक भी मिलता है कि अहंकार और अत्याचार का परिणाम सदैव बुरा होता हैं। बुराई और असत्य के मुकाबले हमेशा सत्य की जीत होती है।

# कारोबार-रोजगार के खुले द्वार, 11 शहरों में पाएं औद्योगिक भूखंड

## यूपीसीडा ने शुरू की 43 औद्योगिक व व्यावसायिक भूखंडों की ई-नीलामी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद, उन्नाव में काफी अवसर**
- **वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप और हॉस्पिटल खुलेगा**

**अमृत विचार :** प्रदेश में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत सरकार ने एक नई पहल की है। यूपीसीडा ने 43 औद्योगिक व व्यावसायिक भूखंडों की मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इससे बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद व ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के विभिन्न व्यावसायिक भूखंड पाने का मार्ग प्रशस्त होगा। इन व्यावसायिक भूखंडों का वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप हॉस्पिटल समेत विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इतना ही नहीं, यूपीसीडा द्वारा अमेठी, अमरोहा, बांदा व हमीरपुर में मेगा ई-नीलामी के जरिए औद्योगिक भूखंडों के आवंटन भी किए जाएंगे।

मेगा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। मेगा ई-नीलामी में सम्मिलित सभी भूखंड का रिजर्व प्राइस तय है और इसी आधार पर आवेदनकर्ता इन भूखंडों को प्राप्त करने के लिए करोड़ों रुपये की बोली लगा सकेंगे।

कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं, सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 25 अक्टूबर को मेगा ई-नीलामी का आयोजन प्रस्तावित है, जिसके जरिए भूखंड आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। गौरतलब है कि सरकार रोजगार, विकास, कृषि व उद्योगों को लेकर काफी सक्रिय है और अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिए गए हैं।



### इन स्थानों पर भूखंडों का हो सकेगा इस्तेमाल

**बरेली :** 16,800 स्क्वायर मीटर क्षेत्र के प्लॉट का वेयर हाउस डेवलप करने के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इस प्लॉट की रिजर्व प्राइस 4.51 करोड़ है। वहीं, औद्योगिक भूखंड के तौर पर 18929.12 स्क्वायर मीटर का प्लॉट निर्धारित है, जिसका रिजर्व प्राइस 9.71 करोड़ है।

**जालौन :** उरई में होटल निर्माण के लिए 6,600 स्क्वायर मीटर क्षेत्र के भूखंड का होटल निर्माण में इस्तेमाल हो सकेगा। इस भूखंड की रिजर्व प्राइस 3.19 करोड़ रखी गई है।

**बाराबंकी :** ग्रुप हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत यहां दो भूखंडों की नीलामी होगी। पहला भूखंड जीएच1 इंडस्ट्रीयल एरिया कुर्सी रोड पर स्थित है। यह 2730.33 वर्ग मीटर का प्लॉट है, जिसकी रिजर्व प्राइस 2.28 करोड़ निर्धारित है। वहीं, दूसरा प्लॉट जीएच 2 इंडस्ट्रियल एरिया, कुर्सी रोड स्थित है। यह भी 2730.33 वर्ग मीटर का प्लॉट है, जिसकी रिजर्व प्राइस 2.28 करोड़ निर्धारित है।

**मुरादाबाद :** स्पेशल इकॉनमिक जोन (एसईजेड) में 6802.42 स्क्वायर मीटर के प्लॉट की नीलामी पेट्रोल पंप की स्थापना के लिए 7.44 करोड़ की रिजर्व प्राइस पर हो सकेगी।

**अमेठी, बांदा, अमरोहा, हमीरपुर व मैनपुरी :** अमेठी के कौहर इंडस्ट्रियल एरिया में इंडस्ट्रियल यूज के लिए 5 प्लॉट्स की नीलामी होगी जिनकी क्षेत्रफल 406.27 से लेकर 419.81 मीटर होगा और इनकी रिजर्व प्राइस 15.23 लाख से लेकर 15.74 लाख रखी गई है। इसी प्रकार, बांदा-हमीरपुर, मैनपुरी व अमरोहा में भी विभिन्न श्रेणी के इंडस्ट्रियल प्लॉट्स भी नीलामी के लिए उपलब्ध हैं।

**उन्नाव :** यहां व्यावसायिक और औद्योगिक दोनों ही प्रकार के कुल 10 प्लॉट्स नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। इसमें से सबसे ज्यादा प्लॉट्स ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव में स्थित हैं। इनका इस्तेमाल स्कूल, शॉपिंग सेंटर, बीपीओ, क्लब, वुमेंस होस्टल, बैंक्वेट हॉल, मल्टीपर्पज हॉल, कम्यूनिटी सेंटर, पेट्रोल व सीएनजी स्टेशन तथा हॉस्पिटल के लिए हो सकेगा। इसका क्षेत्रफल 2504.82 मीटर से 19769.48 मीटर के बीच स्थित है और रिजर्व प्राइस 11.38 से 44.91 करोड़ के बीच निर्धारित है।

### आईटी उद्योग को बढ़ावा देने को कम की गईं विद्युत दरें

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दावा किया है कि उप्र. में आईटी उद्योग को बढ़ावा देने को विद्युत दरें कम की गई हैं। इसका उद्देश्य स्टार्टअप लगाने व बाहर की कम्पनियों का निवेश बढ़ाने के लिए है। ऐसे में बिजली दरों का निर्धारण 10.67 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर करने वाला उप्र. पहला राज्य बन गया है।

ऊर्जा मंत्री ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि, इसी प्रकार इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन स्टेशनों के लागू वर्तमान टैरिफ को राज्य परिवाहन के लिए भी अनुमन्य कर दिया गया है। यह पहल राज्य की इलेट्रिक मोबिलिटी एजेंडा को बढ़ावा देने के लिए की गयी है। इससे सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के लिए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग को सुलभ और सस्ता बनाया जा सकेगा तथा पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इसी के साथ एके शर्मा ने आने वाले त्योहारों दशहरा, दीपावली व छठ पर्व के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए हैं।

# जन योजना अभियान से बनेगी विकास की योजना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पंचायतों की वर्ष 2025-26 के कार्यों की बनेगी योजना**
- **9 विषयों पर शामिल किए जाएंगे प्रस्ताव, नोडल नामित**

**अमृत विचार :** जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत की वर्ष 2025-26 के विकास कार्यों की योजना जन योजना अभियान चलाकर बनाई जाएगी। अभियान में लोगों के सुझाव लिए जाएंगे और प्रस्ताव में उनकी जरूरतों को शामिल करके कार्य कराए जाएंगे।

जिलों पर 31 जनवरी तक ग्राम पंचायत विकास योजना, 28 फरवरी तक क्षेत्र पंचायत विकास योजना व 31 मार्च तक जिला पंचायत विकास योजना सचिवों द्वारा तैयार की जाएगी। अभियान के दौरान लोगों के सुझाव व उनकी जरूरतों को प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा। योजना सामाजिक व आर्थिक विकास के नौ विषयों पर आधारित बनेगी। जो ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर सचिव अपलोड की जाएगी और स्वीकृत होने पर क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएंगे। शासन ने नियोजन प्रकिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में जिलों पर संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

### इन 9 विषयों पर बनेगी वार्षिक कार्ययोजना

गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत व सुरक्षित गांव, सुशासन युक्त गांव, महिला हितैषी गांव।

## वर्ग पहेली-219

**बाएं से दाएं**

1. 1. हरा-भरा 2. हृष्ट-पुष्ट 3. उत्फुल्ल, प्रफुल्ल, आनंदमय।
5. 1. अत्यंत भाग्यवान 2. पुण्यात्मा 3. सुविख्यात।
6. पानी रखने का छोटा घड़ा, छोटा गगरा, मटका।
7. विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अध्यापक के रूप में प्रशिक्षित होने की परीक्षा तथा उपाधि; (बैचलर ऑव एजुकेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह बड़ा कलछा जिससे शीरा निकाला जाता है, बड़ी डोई 2. ताड़ी चुआने की हांड़ी, लबनी।
2. 1. रमज़ान के महीने में मुसलमानों के द्वारा रखा जाने वाला प्रतिदिन का उपवास 2. रमज़ान का एक दिन।
3. नमस्कार, सलाम।
4. 1. जागते रहने की अवस्था या भाव, नींद न आना, जागना 2. किसी उत्सव
5. मगरिब या पश्चिम का, पाश्चात्य, पश्चिमी।



### वर्ग पहेली -218 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घा | 2 ति | नी | | | 3 टो |
| | रं | | 4 भू | | ड़ी |
| 5 अं | गा | रि | त | | |
| | | | वा | | 6 धो |
| 7 ह | ठ | वा | दी | | खे |
| | | | | | बा |
| | 8 धाँ | ध | ले | बा | ज़ |

# बिहार नहीं, उप्र. देता है देश को सबसे ज्यादा आईएएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **फरवरी 2024 में उप्र. ने कुल 652 आईएएस अधिकारी दिए, जिसमें से 548 कार्यरत हैं**
- **दूसरे नंबर पर बिहार, तीसरे पर मध्य प्रदेश और चौथे पर महाराष्ट्र का नाम शामिल**
- **इसके अलावा सूची में राजस्थान तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के साथ नॉर्थ ईस्ट के राज्य भी शामिल**

**अमृत विचार :** आमतौर पर लोग जानते हैं कि बिहार के लोग सबसे ज्यादा सिविल सर्विस परीक्षा पास करते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। देश को सबसे अधिक आईएएस देने वाले राज्यों की सूची में उत्तर प्रदेश का नाम नंबर एक पर है। फरवरी 2024 में उत्तर प्रदेश ने अब तक कुल 652 आईएएस अधिकारी दिए हैं, जिसमें से 548 कार्यरत हैं।

दरअसल, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा हर वर्ष सिविल सर्विस परीक्षा का आयोजन किया जाता है। यह परीक्षा लगभग एक वर्ष चलती है। पहले प्री परीक्षा होती है, फिर मेंस और अंत में इंटरव्यू। मेंस और इंटरव्यू के आधार पर उम्मीदवारों को सफल घोषित किया जाता है। यूपीएससी की यह परीक्षा देश की ही नहीं, दुनिया की भी कठिनतम परीक्षाओं में से एक है।

इसके बावजूद देश के लाखों नौजवान हर वर्ष यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में बैठते हैं, क्योंकि उनका सपना आईएएस और आईपीएस बनकर देश की सेवा करना होता है।

चूंकि यूपीएससी की ओर से यह वैकेंसी हजार का आंकड़ा पास कर पाती है, इसलिए लाखों में से कुछ भाग्यशाली उम्मीदवारों के ही आईएएस और आईपीएस बनने का सपना पूरा हो पाता है। उप्र. में इस प्रशासनिक सेवा की तरफ लोगों का रुझान इस कदर है कि लोग बच्चों को कलेक्टर बनने का आशीर्वाद देते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि एक तो यहां लोगों में इस नौकरी को लेकर प्राथमिकता मजबूत है और दूसरा उप्र. के कई जिलों जैसे प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ आदि में कई प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान भी हैं, जो यूपीएससी की तैयारी के लिए जाने जाते हैं।

एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के बाद आईएएस और आईपीएस देने की सूची में दूसरा स्थान बिहार राज्य का है। आईआईटी और नीट के साथ बिहार के काफी लोगों का सपना यूपीएससी परीक्षा क्रैक करने का होता है। बिहार की राजधानी पटना को यूपीएससी कोचिंग का गढ़ कहा जाता है। इसके बाद तीसरे नंबर पर मध्य प्रदेश और चौथे नंबर पर महाराष्ट्र का नाम है। इसके अलावा सूची में राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के साथ नॉर्थ ईस्ट के राज्य भी शामिल हैं।

### प्रयागराज में 25 से 27 तक होगा कुंभ कॉन्क्लेव

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाकुंभ 2025 के आयोजन को देश -विदेश में पहुंचाने के लिए कुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। तीसरा कुंभ कॉनक्लेव 25-27 अक्टूबर तक प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित किया जाएगा।

एमएनएनआईटी के इनोवेशन व इनक्यूबेशन हब और इंडिया थिंक काउंसिल की ओर से यह आयोजन होगा। इसमें पर्यटन विभाग की भी सहभागिता होगी। इंडिया थिंक काउंसिल के निदेशक डॉक्टर सौरभ ने बताया कि तीन दिवसीय कुंभ कॉन्क्लेव में 10 से अधिक तकनीकी सत्र होंगे। उसमें देश और विदेश के विद्वान शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हो सकते हैं।

## सुडोकू -132

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | | 6 | | | | | |
| 4 | | 8 | | 2 | | | | 5 |
| 7 | | 3 | 4 | | 1 | | | |
| 1 | | | | 8 | | | 6 | 9 |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| 6 | 2 | | | 1 | | | | 7 |
| | | | 7 | | 3 | 9 | | 8 |
| 9 | | | | 4 | | 6 | | 3 |
| | | | | | 5 | | 1 | 2 |

### सुडोकू - 131 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 9 | 4 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 | 7 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 अक्टूबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 10.58 तक तत्पश्चात दशमी।


**मेष** — आज ससुराल पक्ष के साथ तनाव कम हो सकता है। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। भाई-बहनों की उपलब्धियों पर गौरव की अनुभूति होगी। मन का तनाव दूर होगा। व्यर्थ के कार्यों से स्वयं को दूर रखें। व्यापार में बेहतरीन धन लाभ प्राप्त होगा।


**वृष** — आज आप लोगों की सहायता करने को तत्पर रहेंगे। खेल और कलाक्षेत्र से जुड़े करियर में उत्तम सफलता मिल सकती है। आप रचनात्मक विचारों के कारण प्रशंसा का पात्र बनेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है।


**मिथुन** — आज धैर्य और संयम के कारण आपको सफलता मिलेगी। बिजनेस को लेकर बड़ी डील हो सकती है। विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। यदि कोई आपके विचारों से सहमत नहीं है तो उस पर विचार थोपने से बचें।


**कर्क** — आज विरोधियों के ऊपर वर्चस्व स्थापित कर पाएंगे। सत्कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। दूसरों के मामलों में आपको हस्तक्षेप न करें। नई तकनीक के अध्ययन के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा।


**सिंह** — आज मन में थोड़ी अशांति हो सकती है। यदि मंहगी वस्तुओं को खरीद रहे हैं तो पहले उसकी थोड़ी जांच-परख कर लें। रिश्तेदारों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। अपने व्यवहार में अभिमान न आने दें।


**कन्या** — आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक समस्याओं का समाधान करें। किसी दोस्त से अपने मन की बात कर सकते हैं। राजनैतिक गतिविधियों में आपका मन लगेगा।


**तुला** — आज इसके कारण आत्मविश्वास में कमी आएगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। आपको मौके पर लोगों की मदद नहीं मिल पाएगी। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है।


**वृश्चिक** — आज करियर को लेकर शुभ समाचार मिलने की संभावना है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अधूरे कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। दोपहर के बाद कुछ महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। जॉब में उच्च पद मिल सकता है। कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है।


**धनु** — आज तनाव के कारणों को पहचानें और उससे बचें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। जमीन और संपत्ति के मामलों को लेकर परेशानी होगी। अपनी प्रतिभा का उचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। वरिष्ठ व्यक्तियों की अवहेलना न करें।


**मकर** — आज कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। समय अनुसार आपके सभी काम बनते जाएंगे। बच्चों के साथ आपका समय अच्छे से बीतेगा। सहकर्मी आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। गुस्से में आकर कड़वे वचन बोलने से बचें।


**कुंभ** — आज दूसरों की सहायता करने से आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होगी। मन में बेचैनी का भाव रहेगा। पूर्व में बनी हुई योजनाओं पर ही काम करेंगे। नए काम की शुरुआत में अति शीघ्रता उचित नहीं है। बड़ों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।


**मीन** — आज बेरोजगार लोगों की नौकरी की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। अपने आचरण को संयमित रखें। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 13 अक्टूबर 04.27 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
कोहराम
सुबह : 09.00
थैंक गॉड
शाम : 06.00

**&pictures**
गंगूबाई काठियावाड़ी
सुबह : 10.52
स्पाइडर
रात : 08.00

**SONY PIX**
वंडर वूमैन 1983
दोपहर : 12.00
पेसिफिक रिम
रात : 09.07

**ZEE CINEMA**
हीरो
सुबह : 09.00
जोड़ी नं. 1
दोपहर : 03.00

**ZEE ACTION**
डी ब्लॉक
सुबह : 11.30
जान
रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.52 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी - खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होतीं।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

## एक नजर

### सपाई पहुंचे सदर अस्पताल जाना घायलों का हाल

**हमीरपुर।** गुरुवार को गैस सिलेंडर हिसाब से झुलसे लोगों का हाल जानने के लिए सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में सपा का एक प्रतिनिधिमंडल सदर अस्पताल पहुंचा। यहां पर भर्ती चार लोगों से घटना की जानकारी लेकर बेहतर इलाज के लिए सीएमओ से वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल में सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, नीरज कश्यप, रणबहादुर यादव आदि सपाई शामिल रहे। सभी ने सीएमओ डॉ .गीतम सिंह से मिलकर घायलों के बेहतर उपचार की मांग रखी।

### आर्थिक तंगी से परेशान किसान ने लगाई फांसी

**मुस्करा( हमीरपुर )।** आर्थिक तंगी से परेशान बुजुर्ग किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना पहाड़ी भिटारी गांव की है। थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़ी भिटारी निवासी जितेंद्र राजपूत ने पुलिस को बताया कि उनके पिता राधाचरण ( 75 ) ने गुरुवार की रात लगभग 9 :00 बजे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के पुत्र ने बताया कि पिता के पास लगभग 10 बीघा जमीन है। जिसमें वह खेती किसानी करते थे, लेकिन फसल कमजोर होने के कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहते थे। उन्होंने बताया कि दो साल पहले लड़की की शादी के लिए अपनी जमीन गिरवी रखी थी और बैंक से ग्रीन कार्ड भी बनवाया हुआ था। कर्ज चुकाने को लेकर वह मानसिक रूप से परेशान रहते थे। कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पीआरडी जवान की पत्नी ने खाया जहर, मौत

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** कस्बे के वार्ड संख्या 16 में सुबह गृह कलह से आजिज पीआरडी जवान की पत्नी ने घर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। बेहोशी की हालत में परिजन उसको कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर उसकी मौत हो गई। कस्बे के वार्ड संख्या 16 के निवासी अनुज कुमार उर्फ राम जी गुप्ता की पत्नी रजनी ( 35 ) ने शुक्रवार को सुबह गृहकलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसको परिजन बेहोशी की हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतका का पति पीआरडी जवान है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार जीजा- साले घायल

**राठ( हमीरपुर )।** सरसई गांव के पास तेज रफ्तार निजी बस की टक्कर पर बाइक सवार दो लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। राठ कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी गांव का निवासी युवक भूरा पुत्र रामरतन जो कि अपने साले श्रीकिशन पुत्र श्यामसुंदर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर बंडवा गाँव से कस्बा राठ आ रहे थे तभी रास्ते में राठ कोतवाली क्षेत्र के सरसई गाँव के पास गुरुवार शाम लगभग साढ़े छह बजे तेज रफ्तार एक निजी बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में बाइक पर सवार भूरा और श्रीकिशन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा तत्काल इलाज हेतु राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

### मजिस्ट्रेट लिखी कार ने बाइक में मारी टक्कर

**हमीरपुर।** मजिस्ट्रेट लिखी बोलेरो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। शुक्रवार की सुबह कुरारा की ओर से दो बाइक सवार चालक शेर मुहम्मद ( 28 ) पुत्र पप्पू मंसूरी निवासी बैरई जिला जालौन व अनवर ( 25 ) पुत्र जमील निवासी इमिलिया भरुआ की जा रहे थे। तभी कुसमरा मोड़ के पास मजिस्ट्रेट लिखी एक बोलेरो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क में गिर कर घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चालक शेर मोहम्मद को हल्की छोटे आई है। वहीं पीछे बैठे अनवर गंभीर रूप से घायल है।

### अज्ञात वाहन के चालक पर एफआईआर दर्ज

**कुरारा( हमीरपुर )।** जल्ला गांव निवासी हरगोविंद ने तहरीर में बताया कि 8 अक्टूबर को कुरारा की तरफ आ रहा था तभी चकोठी गांव के पास अज्ञात वाहन ने तेजी व लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क में गिरकर में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पैर की हड्डी टूट गई है। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# देवी दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन सिद्धिदात्री की आराधना के साथ हुए हवन, कन्या भोज कराकर दी दक्षिणा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नवरात्र में शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा के प्रति आस्था और समर्पण का भाव दिखाई दिया। अंतिम दिन देवी दर्शन और पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मां से सुख समृद्धि की कामना की। रात्रि में देवी गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर मंदिरों और घरों में मां भगवती की पूजा आराधना के साथ ही हवन और आरती की गई। मंदिरों में भक्तों का रेला लगा रहा। नवरात्र की आराधना का अंतिम दिन होने के कारण सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी रही। भक्तों ने घरों में भी विधि विधान से पूजन के साथ ही हवन किया। मंदिरों में दीपदान किया गया। देवी गीतों और मंत्रों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। भक्तों के द्वारा कन्या पूजन कर विधि विधान से आरती की गई। शहर के चौरा देवी मंदिर, गौरा देवी मंदिर के अलावा पूजा पंडालों में भारी भीड़ उमड़ी। वहीं पूजा पंडालों में अंतिम दिन भी कन्या भोज व भंडारे के आयोजन हुए। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में सभी पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हुए।



चौरा देवी मंदिर में अंतिम दिन पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार





पौथिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं बालिकाएं। अमृत विचार

### मां दुर्गा का दर्शन कर मांगी समृद्धि

**हमीरपुर।** शहर के विवेक नगर स्थित शारदीय नवरात्र पर दुर्गा पंडाल में मां महागौरी का पूजन किया गया। दुर्गा पूजा पंडालों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। पूजन पंडालों में कन्याओं का पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की महाआरती की। बच्चों की विभिन्न प्रस्तुतियां भी दिखाई गई। जिसमें आए भक्तों द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके पर सभी नवयुवक संघ कमेटी विवेक नगर के भाई बहनों का सराहनीय योगदान रहा। दिन भर कन्या पूजन और भोजन का दौर चलता रहा। भक्तों ने कन्याओं को भोजन कराकर दक्षिणा भी दी।

### पूजा पंडालों में कन्या पूजन कर बांटा गया प्रसाद

**पौथिया ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के कलौलीतीर, सहजना, पौथिया, सहुरापुर, सिकरी, उजनेड़ी, कुम्हऊपुर, ललपुरा, कलौलीजार सहित अन्य गांवों में दुर्गा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। पौथिया में छात्रों ने छलिया का वेश बनाया श्याम चूड़ी बेचने आया.। गीत पर सामूहिक प्रस्तुत से सभी को भाव विभोर कर दिया। यहां झाड़ू बाबा मंदिर, आशामाई मंदिर, दुर्गा मंदिर, बड़ी देवी मंदिर व सरदार पटेल स्टेडियम, सब्जी मंडी दुर्गा पंडालों में सुबह हवन पूजन के बाद कन्या भोज कराया गया। इसके बाद हलुआ का प्रसाद वितरण किया। दुर्गा पंडालों में विभिन्न स्वरूपों की झांकियों ने सभी का मनमोह लिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान वंदना सचान ने कमेटी को पांच हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। वहीं प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान ने बच्चों को सहयोग राशि दी।

# गैस सिलेंडर के रिसाव से झुलसे लोग लखनऊ रेफर

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- खीर बनाते समय सिलेंडर में लग गई थी आग, 11 लोग झुलस गए थे

**अमृत विचार।** गुरुवार को कन्या भोज के लिए खीर तैयार करते समय गैस सिलेंडर में हुए रिसाव के बाद आग लगने से झुलसे आधा दर्जन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इनको सदर अस्पताल से कानपुर के उर्सला में भर्ती कराया गया था वहां से केजीएम लखनऊ रेफर किया गया है।

कस्बे के वार्ड संख्या पांच में रामनगर की तरफ जाने वाले सीसी मार्ग किनारे राजाराम प्रजापति के दरवाजे पर चौथे वर्ष देवी पंडाल सजाया गया है। गुरुवार को इसी पंडाल में कन्या भोज करने के लिए राजाराम के मकान के आंगन में कुछ युवक खीर तैयार कर रहे थे। इसी दौरान गैस सिलेंडर का लॉक पिन टूट जाने से तेज रिसाव हो गया और आग लगने से 11 लोग बुरी तरह से झुलस गए थे। साथ ही पास में बंधी 10 बकरियां भी चपेट में आ गईं थीं। झुलसे हुए सभी लोगों को कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सदर अस्पताल रेफर किया गया था।

अत्यधिक झुलसे होने पर राजाराम, उसकी पत्नी तिजिया, पुत्र दुर्गेश व अमित कुमार के अलावा अंकित, सुनील कुमार, संदीप को उर्सला अस्पताल रेफर किया गया था। हालत में सुधार न होने पर इन सभी को लखनऊ के केजीएमयू रेफर किया गया। साथ में गए तीमारदार संतराम ने बताया कि लखनऊ में उपचार के बाद अब सभी की हालत खतरे से बाहर है। सभी की हालत में थोड़ा-थोड़ा सुधार होना शुरू हुआ है।

# सहकारिता से समाज और राष्ट्र होता समृद्ध

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- सहकार भारती जिला कार्यकारिणी गठन को लेकर आयोजित हुई बैठक

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सहकार भारती की जिला इकाई गठन किया जाएगा। चित्रकूट विभाग पर्यवेक्षक एवं प्रदेश एफपीओ प्रमुख डॉ.मनोज कुमार एवं विभाग संयोजक सारांगधर मिश्र ने इस संबंध में बैठक की। क्रय विक्रय समिति में आयोजित बैठक में पर्यवेक्षक डॉ.मनोज कुमार ने कहा कि सहकार भारती का मुख्य उद्देश्य जनता की आर्थिक सेवा द्वारा समाज का आर्थिक उत्थान करने वाली सहकारिता को शुद्ध करना एवं मजबूत बनाना है। आने वाला समय सहकारिता का है। सहकारिता से समाज और राष्ट्र की समृद्ध होता है। सहकारिता से समता, भ्रातृ-भावना, आत्मविश्वास, व्यवस्था कौशल जैसे व्यावहारिक और नैतिक गुण विकसित होते हैं। शीघ्र ही जिले की नवीन इकाई का गठन कर लिया जाएगा। विभाग संयोजक सारांगधर मिश्रा ने कहा कि सहकारिता से लोगों को रोजगार, साख, और सही तकनीक मिलती है, इससे वे बेहतर उत्पादक बन पाते हैं। सहकारी समितियां स्थानीय समुदाय के प्रति प्रतिबद्ध होती हैं, जो सभी के साथ मिलकर व्यवसाय को स्थिर बनाती हैं। उन्होंने बताया कि सहकार भारती की ऑनलाइन सदस्यता हो रही है। जिसके लिए उन्होंने सदस्यता लेकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आग्रह किया और आगामी महीने में पंजाब में होने जा रहे राष्ट्रीय अधिवेशन की जानकारी दी। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष राम मूरत सिंह, कार्यकारी महामंत्री राजबहादुर राजपूत, रामशरण सिंह, कपिल त्रिपाठी, अतुल सिंह आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान मंडलीय विभाग अध्यक्ष का अभिवादन करते। अमृत विचार

# सड़कें गड्ढों में तब्दील आवागमन मुश्किल

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के बेरी कुरारा मार्ग व जखेला कुरारा संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील होने से ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विकासखंड क्षेत्र के बेरी कुरारा मार्ग एक बरसात नहीं झेल पाया और गड्ढों में तब्दील होता जा रहा है। 14 किलोमीटर मार्ग का निर्माण पिछले जून माह में कार्य कराया गया था। बरसात होते ही सड़क गड्ढे में तब्दील होने लगी है। जल्ला गांव के कामता प्रसाद द्विवेदी व पारा गांव के रणधीर सिंह आदि ने बताया कि कुरारा से बेरी गांव तक सड़क में अनगिनत गड्ढे हैं जो भारी भरकम गड्ढों में तब्दील होते जा रहे हैं। जिससे वाहन चालकों को असुविधा उठानी पड़ रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 10 अक्टूबर तक गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। वहीं क्षेत्र में 6 किलोमीटर जखेला कुरारा मार्ग की एक साल पहले मरम्मत कराई गई थी। अब इस सड़क में गड्ढे ही गड्ढे देखे जा सकते हैं। जखेला से मलहरा को जोड़ने वाला 3 किलोमीटर मार्ग अपने स्वरूप में खोता जा रहा है। मलहरा गांव के अनार सिंह यादव ने बताया कि उक्त मार्ग एक वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया था। जो जखेला गांव के पास ही उखड़कर अपने पुराने अस्तित्व में आ गया है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में असुविधा उठानी पड़ रही है। इस मार्ग को सही कराने के लिए लोग लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। इसके बाद भी सही नहीं कराया गया है।

## सार-संक्षेप



स्वास गांव में नाले के ऊपर बनी पुलिया की टूटी स्लैब। अमृत विचार

### दो साल पहले बनी नाले के पुलिया की स्लैब टूटी

**पौथिया ( हमीरपुर )।** दो वर्ष पूर्व निर्मित नाला की छत टूट जाने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विकास खंड के स्वासा गांव में सड़क किनारे क्षेत्र पंचायत की ओर से अप्रैल 2022 में करीब दो सौ मीटर नाले का निर्माण कराया गया था। इसके बन जाने से स्वासा बुजुर्ग व स्वासा खुर्द के ग्रामीणों का आवागमन आसान हो गया था। इधर नाले के ऊपर बनाई गई पुलिया टूटने के कारण बाइक, बैलगाड़ी, टैक्टर व पैदल चलने वालों को खासी परेशानी हो रही है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञान सिंह यादव ने बताया कि घटिया निर्माण कार्य के कारण पुलिया की स्लैब टूट गई है। घसीटा, रमेशचंद्र प्रजापति, दयाराम प्रजापति, अरविंद वर्मा आदि ने ब्लाक प्रमुख जयनारायण यादव से पुलिया बनवाए जाने की मांग की है।

### संदिग्ध हालात में वृद्धा की मौत

**पौथिया ( हमीरपुर )।** ललपुरा थाना क्षेत्र के बजेहटा गांव निवासी तिजिया ( 82 ) पति स्व दुर्जन की गुरुवार रात सोते समय मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के बेटे अवधेश ने ललपुरा पुलिस को सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। ललपुरा थाना प्रभारी मयंक चंदेल ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण ज्ञात हो सकता है। उधर गांव में इस बात की चर्चा है कि रात में सास बहू का झगड़ा हुआ था। उधर मृतक के बेटे अवधेश ने शंका जाहिर की थी कि कहीं मां को मारकर चांदी के कड़ा व रुपये तो कोई नहीं ले गया। मगर पुलिस के पहुंचने पर देखा गया तो रुपये व कड़ा मृतका तिजिया की ब्लाउज की थैली में रखे थे।

### विद्युत विभाग ने ठीक किए 11 उपभोक्ताओं के बिल

**कुरारा ( हमीरपुर )।** कस्बे के एचएस कान्वेंट विद्यालय में पावर कारपोरेशन ने विद्युत शिविर लगाया। जिसमें उपभोक्ताओं ने बिल ठीक कराएं। वहीं 11 उपभोक्ताओं ने एक लाख 48 हजार रुपये बकायेदारी जमा की। सात उपभोक्ताओं के बिल संशोधन करके जमा कराए गए। कस्बे के एचएस कॉन्वेंट विद्यालय में शुक्रवार को विद्युत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग द्वारा 11 बकायेदार उपभोक्ताओं से 1 लाख 48 हजार रुपये वसूला गया। साथ ही सात उपभोक्ताओं का बिल संशोधन करके जमा कराया गया। क्षेत्र के जखेला गांव निवासी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि पिछले माह का बिजली बिल पूरा जमा किया था, वहीं इस माह का बिजली बिल 1325 रुपये आया है। जिसको सही कराने के लिए शिविर में आए है। भैंसापाली गांव के अरविंद कुशवाहा ने बताया की दो तीन बार अपना बिल सही कराने के लिए हमीरपुर गए, लेकिन बिल संशोधन न होने से बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं।

### अनु.जाति और जनजाति आयोग के सदस्य कल आएंगे

**हमीरपुर।** उप्र अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे का 13 अक्टूबर को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। रमेश कुंडे कानपुर के गोविन्द नगर से सुबह 11 :00 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस आएंगे। 11 :30 बजे लल्लूराम भारती, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, हमीरपुर के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद सभागार में सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद कुरारा में महर्षि वाल्मीकि उपवन में वाल्मीकि प्रतिमा में माल्यार्पण कर हरचरन सिंह सेनि उप निरीक्षक एवं कप्तान सिंह मंडल अध्यक्ष कुरारा अनुसूचित मोर्चा भाजपा के नेतृत्व में उनका स्वागत किया जाएगा। वहां 2 :05 बजे पर घनश्याम वाल्मीकि के आवास पर भोजन करेंगे। इसके बाद महोबा जाएंगे।

### जिला अस्पताल में मृत महिला के कान से सोने का टॉप्स उतारा

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे के वार्ड संख्या 16 के निवासी अनुज कुमार उर्फ राम जी गुप्ता की पत्नी रजनी ( 35 ) ने शुक्रवार को सुबह गृहकलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसको परिजन बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बीच महिला के एक कान का सोने का टॉप्स गायब हो गया। महिला के पति अनुज ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने के चलते पत्नी को जिला अस्पताल लाए थे। जहां उसकी मौत हो गई। आरोप लगाया कि चिकित्सकों ने उसे अपने पास बुलाया। इसी बीच किसी ने उसकी पत्नी के एक कान का सोने का टॉप्स चोरी कर लिया।

### हादसों में महिला सहित चार लोग घायल

**मौदहा( हमीरपुर )।** बिगहना गांव निवासी रामकृपाल पुत्र मैयादीन, भइया पुत्र रामकृपाल पेड़ में लगे मधुमक्खियों के हमले से लहूलुहान हालात में परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती का कराया। वहीं गुढा गांव निवासी कलावती ( 24 ) पत्नी सत्य प्रकाश घर की सफाई करते समय पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने पर गंभीर अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि कस्बा निवासी अब्दुल सफीक ( 55 ) बड़े चौराहा की ओर जाते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने घायल हो गए। राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### पशु आरोग्य मेले में 525 पशुओं का किया उपचार

**कुरारा ( हमीरपुर )।** उमराहट गांव में पशु आरोग्य मेला लगा, जिसमें 525 पशुओं का उपचार किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अनुज शुक्ला रहे। पशु आरोग्य मेला में 525 बीमार पशुओं का उपचार किया गया। जबकि 5 लाभार्थियों के पशुओं का पशुधन बीमा किया गया। दो लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड के फॉर्म भरे गए। पशु आरोग्य मेला में मनकी खुर्द प्रधान धर्मेंद्र अनुरागी, मनकी कला प्रधान जयकरन, प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी अमित जायसवाल, पशुधन प्रसार अधिकारी विक्रम सिंह, राहुल कुमार पैरावेट निर्भय, सौरभ कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नवरात्र समाप्त होते ही रावण वध के साथ ही दशहरा मिलन का कार्यक्रम शुरू हो जाता है। कल शाम यहां के तीन मुख्य स्थान पर धूमधाम व उत्साह के साथ रावण वध का कार्यक्रम होगा। इसके लिए रावण के पुतले तैयार किए जा चुके हैं। सबसे बड़ा रावण का पुतला कुम्हरौडा मोहल्ले में 48 फीट का बनाया गया है। वहीं नेशनल मार्ग रामनगर मोहल्ला तथा टेवन बाबा स्थान पर रावण के बड़े पुतले बनाए गए हैं। इसी के बाद दशहरा मिलन शुरू हो जाएगा।

नवरात्र समाप्त होते ही प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासन ने शुक्रवार को आयोजकों व शांति समिति के लोगों के साथ बैठक की। उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा व क्षेत्राधिकारी आशीष कुमार यादव ने समस्याएं जानने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। उधर कुम्हरौडा मोहल्ला के दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव तथा कमेटी के अशोक कुमार, दिनेश कुमार, सुमित, कौशल, अमित व गणेश आदि की देखरेख में कारीगर मनीराम, सत्तीदीन, बुद्धू व चुनूबाद ने कड़ी शकत के साथ रावण का 48 फीट लंबा पुतला तैयार किया। कुम्हरौडा मैदान से रावण दहन के पूर्व एक विशाल जुलूस निकलेगा। जिसमें भगवान राम का विमान व अन्य देवी देवताओं झाकिया होगी। इसी तरह रामनगर से व टेवन बाबा से विमान के साथ जुलूस निकलेगा।



मौदहा में पुतले तैयार करते लोग।

# अनीता यादव ने बढ़ाया गौरव

**हमीरपुर ।** पावर कारपोरेशन के पूर्व चीफ इंजीनियर ओपी यादव की पत्नी ने दुबई में आयोजित कवि सम्मेलन और मुशायरा में भारत का नाम रोशन किया है। उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के मंच में स्मृति चिन्ह और शाल देकर सम्मानित भी किया गया।

पूर्व चीफ इंजीनियर ओपी यादव कुछ दशक पहले हमीरपुर में अधिशासी अभियंता के पद पर तैनात रहे हैं। इनका पैतृक गांव जिले की सीमा में है। मौजूदा में वह कानपुर में परिवार के साथ रहते हैं। इनकी पत्नी अनीता यादव जानी मानी कवि हैं। पिछले दिनों दुबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरा में इन्होंने अपनी कविता के जरिए भारत का गौरव बढ़ाया है। अनीता यादव ने बड़े ही मार्मिक कविता पढ़ी जिसे खूब सराहा गया। कवियत्री अनीता यादव ने बताया कि गौरवांजलि ट्रस्ट के जरिए दुबई में अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन कराया गया।

# प्राइवेट केन्द्रों पर उपलब्ध गुणवत्ता वाली उर्वरक

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** रबी फसलों में दलहन की बुआई को लेकर किसान तैयारी में जुटा है। वहीं तिलहन फसल की बुआई शुरू है। इधर किसानों के बीच बुआई के लिए इफको कंपनी की डीएपी खाद सर्वाधिक लोकप्रिय है। इसके चलते किसान सहकारी समितियों के चक्कर लगाते हैं। इफको की खाद न मिल पाने की दशा में हंगामा करने लगते हैं। इसको लेकर कृषि विभाग निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों में उपलब्ध विभिन्न कंपनियों की खाद को सही बता बुआई में इस्तेमाल करने की अपील कर रहा है।

जिला कृषि अधिकारी हरिश्चंद्र ने बताया कि जनपद में सहकारिता बिक्री केंद्रों पर 788 मीट्रिक टन इफको डीएपी एवं 791 मीट्रिक टन इफको यूरिया तथा निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों पर 1090 मीट्रिक टन डीएपी एवं 4270 मीट्रिक टन यूरिया वितरण के लिए कृषकों के लिए उपलब्ध है। साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक इफको की ओर से अवगत कराया है कि बफर गोदाम में डीएपी 1000 मीट्रिक टन यूरिया 778 टन एवं एनपीकेएस 255 मीट्रिक टन मात्रा उपलब्ध है। जिसका प्रेषण तेजी से बिक्री केंद्रों को वितरण के लिए भेजी जा रही है। बताया कि निर्धारित दरों से अधिक दरों पर उर्वरक की बिक्री को रोकने के लिए कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से निगरानी की जा रही है। किसानों में इफको डीएपी के प्रति अधिक रुझान होने के कारण इफको डीएपी की मांग अधिक है। इसलिए इफको डीएपी की अधिक से अधिक आपूर्ति कराने पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही कृषकों से अनुरोध है कि निजी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर इफको के अतिरिक्त अन्य फर्मों एवं कंपनियों की डीएपी जैसे कृभको, उत्तम, आईपीएल एवं मोजेक आदि जनपद में उपलब्ध है।

**बढ़ाया गौरव** सेठ छोटेलाल एकेडमी के छात्र पीयूष आनंद ने सर्वाधिक 25 अंक प्राप्त किए

# इंडियन ओलंपियाड में छात्रों का रहा शानदार प्रदर्शन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नेशनल बोर्ड ऑफ हायर मैथमेटिक्स की ओर से मैथमेटिकल टीचर्स एसोसिएशन द्वारा संचालित इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर इन मैथमेटिक्स की परीक्षा में सेठ छोटेलाल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को घोषित हुए परिणाम में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को विद्यालय में सम्मानित किया गया।

गणित की देश की कठिनतम समझी जाने वाली इस परीक्षा में आठवीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी एक साथ एक ही प्रश्न पत्र से परीक्षा देते हैं। इस परीक्षा में 100 में से 10 अंक लाना ही बेहद सम्मानजनक माना जाता है। विद्यालय के 12वीं के छात्र पीयूष आनंद ने 25 अंक लाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जबकि कक्षा 8 के विद्यार्थी देवांश राजपूत ने 18 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अन्य विद्यार्थियों में कृष्णा लाक्षाकार ने 22 अंक, ऋतिक ने 21, देवांश, अविरल कोस्टा, आदर्श तिवारी ने 18-18, मोहम्मद उमर ने 16, नितेश तिवारी ने 14, वैभव गुप्ता, सोमेश राजपूत, लव आर्य, हर्ष राजपूत ने 13-13, साहिल बशीर अहमद 11, अनन्या गुप्ता, आदित्य गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, देवांश तोमर, कर्तव्य गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता ने 10-10 अंक प्राप्त किया। संस्था के प्रबंधक धीरेंद्र श्रीवास्तव ने गणित की इस कठिनतम परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र छात्राओं व उनके शिक्षक शिक्षिकाओं व अभिभावकों को बधाई दी। अभिषेक गुप्ता व सभी गणित के अध्यापकों द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र छात्राओं को फूल माला पहनाकर उनका सम्मान किया। मार्गदर्शक संजय महावर ने बताया की विद्यालय का प्रयास है कि अन्य विषयों में योग्यता के साथ-साथ छात्र छात्राओं में गणित में विशेष योग्यता विकसित किए जाने का प्रयास हो रहा है।



परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों के साथ प्रबंधक व शिक्षक। अमृत विचार

## एक नजर

### सौहार्द से मनाएं त्योहार

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार देर शाम शहर में भ्रमण कर त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी पूजा साहू, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### 50 लीटर अवैध शराब बरामद कर भट्टियां तोड़ीं

**चित्रकूट।** आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना कोतवाली कर्वी अंतर्गत ग्राम कपसेठी में मंदाकिनी नदी के किनारे एवं थाना मऊ अंतर्गत ग्राम शेषा सुबकरा में दबिश दी। 50 लीटर कच्ची शराब व लगभग 1300 किग्रा लहन नष्ट किया गया। दो भट्टियों को तोड़ा गया।

### डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू टीम ने की चेकिंग

**चित्रकूट।** त्योहारों के मद्देनजर पुलिस सतर्कता बरत रही है। निरीक्षक एलआईयू सूर्यकांत अरुण राय की अगुवाई में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने दुर्गा पूजा, दशहरा पर्व पर शहर, बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि पर सघन चेकिंग की।

# अमानपुर की एएनएम को बर्खास्त कराएं

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने उपकेंद्र अमानपुर में तैनात एएनएम की कार्यशैली पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी शिवरामपुर को इसके खिलाफ रिपोर्ट बनाकर बर्खास्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कायाकल्प अवॉर्ड स्कीम की चेक लिस्ट बनाने, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए विभिन्न मदों पर धनराशि का खर्च शासन की गाइडलाइन के अनुसार कराने को कहा। जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के संबंध में अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।


जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी को जानकारी देते सीएमओ। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को आश्वस्त किया कि धनराशि की कमी हो तो बताएं, जिससे मद की व्यवस्था कराई जा सके। कहा कि प्रभारी चिकित्साधिकारी यह देखें कि किस क्षेत्र में बच्चों की मृत्यु हुई और वहां कौन आशा व एएनएम तैनात है एएनएम की कमी पर शासन को पत्र भेजा जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, चिकित्सा अधीक्षक डा. शैलेंद्र कुमार, अधीक्षक एमसीएच विंग खोह डा. ओपी भास्कर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एमके जतारिया, डा. वंदना श्रीवास्तव, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब आदि अधिकारी एवं चिकित्साधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी आदि मौजूद रहे।

### चौपाल के दौरान लगाएं स्वास्थ्य शिविर

जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को गांव में लगने वाली चौपाल के दौरान स्वास्थ्य शिविर भी लगाएं। इससे लोगों को मौके पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इनको आयुष्मान कार्ड आदि के बारे में बताया जाए।

### आयुष्मान कार्ड से कितनों का हुआ इलाज

जिलाधिकारी ने सीएमओ से पूछा कि आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत कितने मरीजों का इलाज किया गया है, इसकी सूचना दें। यह भी कहा कि कितना पैसा आया है, उसमें क्या काम किया गया है, बताएं।

### प्रधान सहयोग न करें तो बताएं

जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ताओं के चयन में जो ग्राम प्रधान सहयोग न करें तो जानकारी जिला पंचायत राज अधिकारी को दें कि उनके खिलाफ कार्रवाई कराई जा सके। सभी सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग कराने को भी निर्देशित किया।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भीम आर्मी भारत एकता मिशन के लोग।

## धरना-प्रदर्शन कर भेजा राज्यपाल को ज्ञापन

**राजापुर (चित्रकूट)।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम की अगुवाई में शुक्रवार को युवाओं ने मजदूरों और महिलाओं के शोषण के खिलाफ तहसील मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। बाद में नायब तहसीलदार मनोज सिंह को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संजय ने आरोप लगाया कि यहां गरीबों, मजदूरों और महिलाओं का शोषण किया जाता है। गरीब के साथ अन्याय होने पर कार्रवाई नहीं की जाती। इस मौके पर कुंवर सिद्धार्थ, एडवोकेट श्रीपाल प्रजापति, लक्ष्मण दास पटेल, कोमल सूर्यवंशी, सुनील अंबेडकर, भाग्यचंद्र सोनकर, अनिकेत, रामसुमन, ललित, राजकुमार, रामेश, रोहित, गोरेलाल, रंगवाती आदि मौजूद थे।

# कुलदेवियों की पूजा कर नदी में विसर्जित किए जवारे

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र की नवमी पर जाटव व अहिरवार समाज की महिलाओं ने कुलदेवियों की पूजा अर्चना की। शोभायात्रा निकालकर यमुना नदी में जवारों का विसर्जन किया।

इस मौके पर दीपू जाटव सांग लेकर देवी मां के जयकारों के बीच नाचते थिरकते चल रहे थे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, उनके बड़े भाई संतोष जाटव भी मौजूद रहे। नवमी पर जवारों की शोभायात्रा कुलदेवी मरही माता, मढ़ी माता, ज्वाला माता, कंकाली माता की पूजा अर्चना के बाद ढोल नगाड़ों के बीच यमुना रोड, रामलीला रोड, सोनरहटी, मानस मंदिर रोड होते हुए नदी तट पहुंची और वहां देर शाम जवारे विसर्जित किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि घर के पास मरही माता की प्रतिमा को मंदिर बनवाकर विराजमान कर दिया गया है। 12 मास मां की पूजा अर्चना की जाती है। जाटव समाज के द्वारा इन्हें कुलदेवी के रूप में पूजने की परंपरा लगभग 200 वर्षों से चली आ रही है। पूरे नौ दिन तक उमाह तथा देवी गीत बड़े श्रद्धा भाव के साथ गाए जाते हैं और वैवाहिक कार्यक्रम में कुल देवी के रूप में पूजने की परंपरा चली आ रही है। इस अवसर पर नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष बसंती जाटव, संतोषी जाटव, विमला जाटव, उमा, ममता, ऊषा, पुरुषोत्तम जाटव, महादेव जाटव, कामता प्रसाद, अजीत जाटव, रामस्वरूप, रामदास, हरिश्चंद्र, परदेशी, बब्बू, आशीष, मुन्ना, उदयभान, रमेश आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में अहिरवार समाज के संतोष ने श्रद्धा भाव के साथ मां भगवती की पूजा अर्चना के बाद नवरात्र के अंतिम दिन जवारा यमुना नदी में विसर्जित किए। इस मौके पर समाज के गयादीन वर्मा, सोनू अहिरवार, मोहनलाल अहिरवार, रमेश अहिरवार, गोरेलाल, बाबूलाल, लुधरी सोनकर आदि महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।


यमुना में विसर्जित करने को ले जाते जवारे। अमृत विचार

# बच्चियों को भी पढ़ने का हक

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

- जिलाधिकारी ने कन्या पूजन कार्यक्रम में की अपील
- अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया कन्या पूजन

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को अगरहुंड़ा में कन्या पूजन कार्यक्रम हुआ। इसमें जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने 51 कन्याओं को उपहार दिए। ग्रामीणों से अपील की कि वे बच्चियों को भी स्कूल भेजें।

उन्होंने कहा कि पढ़ाई से समाज में बदलाव आ सकता है। बच्चियां पढ़ लिख कर आगे बढ़ेंगी तो समाज बदलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसका लाभ उठाएं। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि हमें कुप्रथाओं को छोड़कर शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

आज महिलाएं बढ़ कर आसमान छू रही हैं। जिलाधिकारी ने बच्चों नंदकिशोर, दिनेश का अन्नप्राशन एवं गौरा, सुलेखा की गोद भराई कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह, राजेंद्र, बसंत, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



कन्या पूजन कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

## दो नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

**चित्रकूट।** त्योहारों पर मिलावट को रोकने के लिए खाद्य विभाग सतर्क है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह ने बताया कि अभियान दल ने 10 अक्टूबर को सिघांड़े के आटे का एक नमूना लिया। बताया कि सोशल मीडिया साइट एक्स पर प्राप्त एक शिकायत का निस्तारण जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी कर्वी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने किया और कर्वी की एक मिठाई की दुकान से काजू की बर्फी का नमूना लेकर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया है। बताया कि रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि खाद्य कारोबारियों को हिदायत दी कि खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# रामदल का नगरवासियों ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद की अगुवाई में शुक्रवार को नवमी के दिन राम दल शोभायात्रा निकाली गई। रामलीला भवन में प्रभु श्री राम, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों की आरती पूजा कर पुष्पवर्षा से स्वागत किया। इसके बाद निकले राम दल में पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक के जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ईओ लालजी, विवेक अग्रवाल, अभिमन्यु भाई, सभासद शंकर यादव, अनुज निगम, पवन बद्री, राजा साहू, राकेश केशरवानी शामिल रहे। लोगों ने पुष्पवर्षा कर रामदल का स्वागत किया।


मां दुर्गा के पंडाल के सामने से निकलती रामदल में शामिल प्रभु राम की झांकी।

## सार-संक्षेप

### प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में हुआ कन्या भोज

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** मिशन शक्ति के तहत नवरात्र की नवमी पर थाना पहाड़ी में प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह की अगुवाई में कन्या भोज का आयोजन किया गया। एसओ ने पुलिसकर्मियों के साथ खीर पूड़ी खिलाकर कन्या पूजन किया। बालिकाओं को महिला सशक्तीकरण के संबंध में बताया। इस मौके पर निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार, सुरेश सिंह, ननकऊ गौतम, किशन कुमार, परशुराम यादव आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


कन्या भोज करातीं प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह।


श्रद्धालुओं और बच्चों के साथ सीओ एवं थाना प्रभारी। अमृत विचार

### सीओ ने उतारी आरती, मंगलकामना की

**मऊ (चित्रकूट)।** क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने गुरुवार देर रात देवी पूजा पंडाल में आरती उतारकर क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामना की। नवदुर्गा पूजा समिति चौक की महारानी बाजार रोड देवी पंडाल में एसओ विनोद कुमार राय एवं नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार ने आरती उतारी। कार्यक्रम के आयोजक आरएसएस के वरिष्ठ संघ सेवक मुकेश वाजपेई ने क्षेत्राधिकारी को अंगवस्त्रम् भेंट किया। पूजा पांडाल के पदाधिकारियों ने भी स्वागत किया। सीओ ने लोगों से शांतिपूर्वक और भयमुक्त होकर त्यौहार मनाने की अपील की। आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन की अराजक तत्वों पर नजर है। किसी को दिक्कत होने पर मऊ थाने या 112 नंबर पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस दौरान नीरज बाजपेई, जितेंद्र नरेश, अखिलेश सोनी, दीपू गर्ग, सर्वेश बाजपेई, प्रभात शुक्ला, पंकज गुप्ता, देवांश गुप्ता, शशांक बाजपेई, शुभम, शिवा, प्रकाश शुक्ला, श्रेयांश बाजपेई बेटू, अजय गुप्ता, भास्कर, प्रतीक, कल्लू पासवान, शिवाकांत, अभिमन्यु, दिव्यांशु, विवेक आदि मौजूद रहे।

### कस्बे में रही नवरात्र की धूम, हुआ कन्या पूजन

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** नवरात्र पर कस्बे के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। अष्टमी और नवमी पर श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन किया। शुक्रवार को बरगढ़ समेत गांव-मजरों में देवी पांडालों में मां दुर्गा की मूर्तियों का पूजन किया गया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। लोगों ने देवी मां की पूजा अर्चना की और पूरे श्रद्धाभाव से कन्या पूजन किया। कन्याओं को भोजन कराने के बाद श्रद्धालुओं ने अपना व्रत खोला। पंडित डा. बालेंद्र शास्त्री ने बताया कि नवरात्र में पूजा अर्चना से पाप धुल जाते हैं। मन और शरीर शुद्ध हो जाता है।


नानाजी की याद में शिक्षकों, विद्यार्थियों ने प्रतिमा के समक्ष जलाए दीये। अमृत विचार

### नानाजी के जन्मदिन पर प्रज्ज्वलित किए सैकड़ों दीप

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की जयंती (तिथि अनुसार) पर शुक्रवार को दीप प्रज्ज्वलित किए गए। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ। कुलपति ने कहा कि नानाजी देशमुख समाजशिल्पी, सामाजिक और ग्रामीण पुनर्रचना के शिल्पकार, ग्रामोदय संकल्पना एवं कार्यशैली के परिकल्पक और चित्रकूट धाम तीर्थ को सतत विकास लक्ष्यों को ले जाने वाले महान व्यक्ति थे। नानाजी ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के माध्यम से शिक्षा द्वारा ग्रामीण विकास का अभिनव माडल खड़ा किया है। शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने नाना जी उपवन में स्थापित उनकी प्रतिमा के सम्मुख दीप जलाए गए।

### 2 वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**मऊ (चित्रकूट)।** पुलिस ने दो वारंटियों को पकड़ा। एसआई विनय विक्रम सिंह ने वारंटी अभियुक्त छेदीलाल पटेल उर्फ जानकारी पुत्र मंझा उर्फ फूलचंद्र पटेल निवासी लवेद मजरा खंडेहा व संतोष कुमार पुत्र बैजनाथ निवासी हटवा को गिरफ्तार किया।

### स्कूल में किया कन्या भोज

**चित्रकूट।** अपर जिला जज/ सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण नीलू मेनवाल, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, उनकी धर्मपत्नी सुधा शर्मा ने शुक्रवार को नगर क्षेत्र कर्वी के प्राथमिक विद्यालय खोही भाग-2 में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कन्या भोज कराया। अपर जिला जज ने बच्चों को विधिक साक्षरता एवं बाल संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। बीएसए ने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने व अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने को प्रेरित किया।

### चोरी के वांछित आरोपी को दबोचा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चौकी प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने चोरी के मामले में वांछित आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने राजेंद्र निषाद पुत्र अर्जुन निवासी टिकुरा को गिरफ्तार किया गया।


जालपा देवी मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है जालपा देवी मंदिर

**राजापुर (चित्रकूट)।** शारदीय नवरात्र में तुलसीतीर्थ और आसपास गांव-मजरों में लगभग तीन दर्जन देवी प्रतिमाएं स्थापित की गईं। इसमें पूरे नौ दिन श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। प्राचीन जालपा देवी मंदिर में भी रोजना देवी भक्तों की भीड़ उमड़ी। राजापुर के लोग मां जालपा को कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। प्रबंधक अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए रोड लाइट, सुरक्षा एवं सफाई की विशेष व्यवस्था कराई है। मां जालपा देवी मंदिर के इतिहास की सुंदरलाल गुर्दबान व रामनरेश द्विवेदी ने जानकारी दी। बताया कि लगभग दो सौ वर्ष पहले पूर्वजों को स्वप्न देकर मां जालपा यमुना नदी से प्राप्त हुई थीं। इन्हें दरवाजे के सामने एक कच्चे चबूतरे पर स्थापित कर दिया था। बाद में स्व. हरदेव अग्रवाल ने लगभग 80 वर्ष पहले मंदिर बनवाकर स्थापित किया था। नवरात्र में भीड़ उमड़ती है। शादी विवाह के बाद लोग मां जालपा के मंदिर में देवी पूजन जैसे वैवाहिक रस्म करते हैं। कुछ ही वर्ष पहले अरविंद कुमार तिवारी, राधेश्याम सोनी एवं लल्ला अग्रवाल ने वृंदावन के संत रामदास आदि के साथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। इस मंदिर में जालपा देवी के अलावा नौ देवी स्वरूपों की मूर्तियां हैं। जालपा मन्दिर के प्रबंधक अरविंद कुमार तिवारी ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

**आयोजन** — बालकेश्वरी माता मंदिर लोहदा में हुआ दंगल, बड़ी संख्या में देखने पहुंचे ग्रामीण

# प्रतिद्वंदी को चित करने में आजमाए दांवपेच, बजी तालियां

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** बालकेश्वरी माता मंदिर परिसर लोहदा में नवरात्र की नवमी पर शुक्रवार को दंगल का आयोजन किया गया। इसमें पहलवानों के प्रतिद्वंद्वियों को चित करने के लिए आजमाए दांवपेंच देखकर लोग रोमांचित हो उठे। ग्रामीणों ने पहलवानों की जमकर हौसलाफजाई की।

दंगल की शुरुआत वरुण प्रपन्नाचार्य बड़ामठ चित्रकूट, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, धर्मजागरण प्रमुख कानपुर प्रांत परमेश्वर, मनोज, विभाग प्रचारक राजेंद्र त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद डा. संतोष मिश्रा ने प्रयागराज के रामसेवक और विष्णु गोरखपुर तथा उदय मऊ टिटिहरा व राकेश पन्ना के हाथ मिलवाकर कराई। स्वामी वरुण प्रपन्नाचार्य ने इस बात पर चिंता जताई कि प्राचीन कला कुश्ती जो कभी हमारी पहचान रही, लुप्त होती जा रही है। इसे इस तरह के दंगलों के आयोजन से बचाया जा सकता है।


एक दूसरे को पटखनी देने में लगे पहलवान। अमृत विचार

दंगल आयोजक भाजपा नेता जगदीश प्रसाद गौतम ने बताया कि स्थानीय पहलवानों को आगे बढ़ाने के मकसद से आयोजन कराते हैं। छेदीलाल, देव कुमार पांडेय, अमृतलाल, नवल किशोर व ननकाई, कमलाकांत निर्णायक रहे। लेखा पटल का काम लालमणि शुक्ला एवं ललित किशोर ने संभाला। दंगल में लगभग एक सैकड़ा कुश्तियां हुईं। सुरक्षा व्यवस्था में सब इंस्पेक्टर ननकऊ गौतम टीम के साथ मौजूद रहे। केसरी पहलवान अर्जुन तिवारी ने भी पहलवानों की हौसलाफजाई की। इस दौरान देव त्रिपाठी, विकास मिश्रा, आदित्य रघुवंशी, विनोद पांडेय, विपुल मिश्रा, अनिल यादव, तुलसीराम, दशरथ प्रजापति, बलबीर पाल, रामलखन निषाद, गणेश मिश्रा, कमलेश पांडेय, रामबाबू शुक्ला, शिवमूरत द्विवेदी, अमित मिश्रा दीपू,. दीपक जायसवाल और लोहदा प्रधान शिवगोपाल आदि मौजूद रहे। संचालन रामभरोसे ने किया।


एक-दूसरे को चित करने के लिए जोर लगाती महिला पहलवान। अमृत विचार

### ये रहे कुश्तियों के विजेता

दंगल मे राजेश दरसेड़ा ने संजय फतेहपुर को हराया। राजेश प्रयागराज व शिवलोचन भटरी की कुश्ती बराबरी पर छूटी। विमल सरधुवा ने हमीद बम्हरौली को, राममोहन टिटिहरा ने संदीप ओडिशा को, छोट्टन बांदा ने शंकर कानपुर को, बाबा मदन दास चित्रकूट ने मुकेश छतरपुर को पराजित किया। गोपाल महुवागांव ने विनय झांसी को हराया। रामबाबू सरधुवा एवं मुकेश सागर की कुश्ती रोमांचकारी रही, जिसमे रामबाबू विजयी हुए। शिव लोचन भटरी ने राजेश प्रयागराज को हराया।

### महिला पहलवानों ने भी दिखाया दमखम

दंगल में महिला पहलवानों की कुश्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं। नीलम बरेली और महक दिल्ली ने एक दूसरे को चित करने में जमकर दांवपेंच आजमाए। नीलम विजेता रही। मुरका (बांदा) की जागृति व गोरखपुर की मीनू की कुश्ती भी दमदार रही। इसमे मीनू पराजित हुई। कई अन्य महिला पहलवानों ने दमखम दिखाया।

## नानाजी की जयंती पर शरदोत्सव का हुआ आयोजन

**सीतापुर (चित्रकूट)।** नानाजी देशमुख की जयंती पर शरद पूर्णिमा से तीन दिवसीय शरदोत्सव कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम 16 से 18 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए उद्यमिता विद्यापीठ में बैठक हुई।

इसमें रामजी दास संतोषी अखाड़ा, बलरामदास रामानंद आश्रम, सीताशरण दास जानकी महल, गोविंददास भगवत आराधना आश्रम, दिव्यजीवन दास दिगंबर अखाड़ा, डा. राम नारायण त्रिपाठी गायत्री शक्तिपीठ के अलावा जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया। शरदोत्सव में भजन गायक पवन तिवारी, अनामिका सिंह परिहार, अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय व पुरातन छात्र परिषद, साधौ बैंड एवं साथी मुंबई, सविता दाहिया, इंडियन आइडल विजेता पवनदीप राजन, अरुणिता कांजीलाल मुंबई की प्रस्तुतियां होंगी।

# असत्य पर सत्य की विजय का पर्व आज, लगेंगे मेले

## दशहरा पर्व को लेकर बाजार में बढ़ गई चहल-पहल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजय दशमी शनिवार को है। इस दौरान आयोजित दशहरा मेले में राम-रावण का युद्ध जहां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगा तो झूले, विविध तरह के पकवान और खिलौनों की खरीदारी में बच्चे भी व्यस्त रहेंगे। पर्व के मद्देनजर बाजार में भी चहल पहल बढ़ गई है। जहां लोग पूजा सामग्री के अलावा धूप बत्ती, नारियल, मिठाई और नमकीन की खरीददारी कर रहे हैं वहीं हवन सामग्री की भी खूब खरीदारी हो रही है।

बुराई के प्रतीक रावण के पुतलों का दहन विजय दशमी मेले में होगा। प्रभु राम- रावण के बीच युद्ध देखने के लिए श्रद्धालु उत्सुक नजर आ रहे हैं। रावण के वध के साथ ही असत्य पर सत्य की विजय होगी। दशहरा त्योहार में जहां एक तरफ पूजा सामग्री की खरीददारी को लेकर लोगों में विशेष उत्सुकता दिखाई दे रही वहीं दूसरी तरफ शुक्रवार को पान मंडी में सबसे ज्यादा पान की बिक्री हुई। पूजा में पान का प्रयोग किया जाता है वहीं इस त्योहार में एक दूसरे को पान खिलाने की परम्परा आज भी चली आ रही है। इसी उद्देश्य से घर घर में लोगों ने पान की व्यवस्था की जिससे रात में दशहरा मिलन के लिए आने वाले लोगों का स्वागत पान से किया जा सके।

दशहरा त्योहार में दुकानदारों ने तीन दिन पहले से ही मिठाई बनानी शुरू कर दी थी, जिससे त्योहार के दिन मिठाई की कमी न हो सके। इसी उद्देश्य से दुकानदारों ने दुकानों के आगे पंडाल लगाकर दकाने सजा ली और जमकर मिठाई की बिक्री की। शहर के अलावा ग्रामीण अंचलो के लोगों ने मिठाई, सेव, मटरी व अन्य नमकीन की खरीददारी की। सबसे ज्यादा सूखी मिठाई की बिक्री हुई। इसके अलावा महिलाओं ने घरों में गुजिया, सेव और मटरी तैयार की।

- पूजा सामग्री व मिठाई नमकीन की हुई बिक्री
- पान मंडी में सबसे ज्यादा हुई बिक्री

### पर्व को लेकर खोवा के बढ़े दाम

- दशहरा पर्व को लेकर मिठाईयों की खपत बढ़ जाने से खोवे की कीमत भी बढ़ गई। 250 रुपये किग्रा0 बिकने वाला खोवा 300 से 350 रुपये पहुंच गया है। खोवे की मांग बढ़ जाने से खोवा दुकानदारों ने इसकी कीमत भी बढ़ा दी है। मिठाई की दुकानों पर सबसे ज्यादा खोवे की खपत होने से खोवे के दाम आसमान छू रहे है। इससे खोवा तैयार करने वाले लोग पिछले कई दिनों से अच्छी कमाई कर रहे हैं।

## लंका दहन कर हनुमान ने तोड़ा रावण का अहंकार

कार्यालय संवाददाता, महोबा



रामलीला में अभियन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुराने रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला में लंका दहन की लीला का मंचन देख श्रद्धालु झूम उठे। रामलीला की शुरुआत रामलीला समिति के लोगों ने मां दुर्गा की आरती की और प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता का पूजन किया। हनुमान ने रावण की लंका का दहन किया तो वातावरण में जय- जय श्रीराम का उद्घोष गूंज उठा।

प्रभु श्री राम ने हनुमान जी को रावण के पास भेजा ताकि वे उसे समझा सकें कि वह सीता जी को उन्हें ससम्मान सौंप दे।जब हनुमान जी समुंद्र के ऊपर से चले तो राक्षसी सुरसा ने उनका रास्ता रोक लिया। अनुनय विनय के बाद भी बात न बनने पर सुरसा के मुख का फैलाव 32 योजन होते ही हनुमान जी सूक्ष्म रूप धरकर उसके मुख में ही प्रवेश कर गए। सुरसा उनकी बुद्धि की प्रशंसा करने के साथ ही रामकाज पूर्ण करने का आशीर्वाद देती है। मच्छर रूप धारण कर लंका में प्रवेश करते ही सुरक्षा में तैनात लंकिनी उनका रास्ता रोकती है।

हनुमान का रास्ता रोकने पर उनके घूंसे के एक वार से ही लंकिनी अपने मुख से खून उगल देती है। इसके बाद विभीषण व सीता माता से मिलने के प्रसंग हुए। माता से आज्ञा लेकर वह फल खाने वाटिका में चले गए। इस दौरान उत्पात मचाने के चलते जब हनुमान जी को रावण दरबार में लाया जाता है तो अहंकारी रावण हनुमानजी की पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। लेकिन पल भर में हनुमान जी रावण की लंका को जलाकर राख कर देते हैं।

- रामलीला के मनोहारी मंचन से झूम उठे श्रद्धालु, गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष



पैदल मार्च करते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व एसपी पलाश बंसल। अमृत विचार

## मेलों में मुस्तैदी के साथ कार्य करें पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विजय दशमी पर आयोजित मेलों में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो और सबकुछ शांति से निपट जाए इसके लिए जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेला स्थल, रामलीला स्थल और दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। शहर कोतवाली क्षेत्र में उन्होंने पैदल गश्त भी किया। कीरत सागर तालाब पहुंचकर विसर्जन के लिए तैयार किए गए घाट को भी देखा।

जिला प्रशासन त्योहारों में सुरक्षा को लेकर काफी गम्भीर है और नवरात्रि दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारी प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण कर जायजा ले रहे हैं। त्योहारों के मद्देनजर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस व प्रशासनिक अमला पैदल गश्त करता नजर आया। पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने दुर्गा पूजा पंडालों, रामलीला मैदान चल रही रामलीला, रावण दहन स्थल आदि स्थानों पर सुरक्षा और अन्य तैयारियों को भी देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी से कार्य करें। शांति व्यवस्था बनाने में समितियों के पदाधिकारियों की मदद लें। पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न कराने के निर्देश पुलिस अधीक्षक ने दिए। धार्मिक कार्यक्रमों दौरान अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए।

गश्त दौरान थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के समस्त आयोजनों कार्यक्रमों और जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए स्थानीय लोगों से वार्ता कर त्यौहारों को सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाये जाने की अपील की गयी। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत दुर्गापूजा, दशहरा आदि त्यौहारों के दृष्टिगत मूर्ति विसर्जन स्थल कीरत सागर तालाब पहुंच कर विसर्जन के लिए घाट का भौतिक निरीक्षण किया गया, यातायात रूट व्यवस्था आदि स्थानों का जायजा लेते हुये संबंधित को व्यापक पुलिस प्रबंध करते हुये सुरक्षा के बेहतर इंतजाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। पैदल गश्त दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा नरेन्द्र प्रताप सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी व भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

- दुर्गा पंडाल, रामलीला और मेला स्थलों का जिलाधिकारी और एसपी ने किया निरीक्षण

## ग्राम विकास अधिकारी संघ के अभिषेक बने अध्यक्ष



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते संघ के पदाधिकारी।

**महोबा।** ग्राम विकास अधिकारी संघ महोबा उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव शहर के एक होटल में एडीओ जेएसबी सनत पटेल और देवकरन कुशवाहा की देखरेख में सकुशल सम्पन्न कराया गया। चुनाव में सर्वसम्मति से अभिषेक चौरसिया को संघ का अध्यक्ष चुना गया, जबकि महामंत्री पद की जिम्मेदारी हिमांशु अग्रवाल को सौंपी गई। चुवान प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी से करने का भरोसा जताया।

ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन चुनाव में वरिष्ठ उपाध्याक्ष पीडी पटेरिया, उपाध्यक्ष निर्देश पटेल, प्रांतीय प्रतिनिधि अनमोल वर्मा, कोषाध्यक्ष निखिल मित्तल, संप्रेक्षक पद के लिए अंकिता सिंह, संगठन मंत्री अरविंद तिवारी, मीडिया प्रभारी प्रीति सिंह और संरक्षक संतोष खरे को बनाया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया ने कहा कि वह संघ के लोगों की हर समस्याओं का समधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और संघ के विस्तार कराए जाने को लेकर सबको एकजुट होकर कार्य कराने पर जोर दिया।

## कीरत सागर सरोवर किनारे किया समतल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नवरात्र में कीरत सागर सरोवर में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। पालिका प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों की टीम को लगाकर कीरत सागर तट पर साफ सफाई कराई। दुर्गा प्रतिमाओं को गहराई तक ले जाने के लिए नावों का भी इंतजाम किया गया। सरोवर में किसी भी तरह की घटना न हो इसके लिए कीरत सागर तट पर पुलिस कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है। साथ ही गोताखोरों की भी व्यवस्था की गई है। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कराने से पूर्व नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार ने कीरत सागर सरोवर का निरीक्षण कर जायजा लिया।

मूर्ति विसर्जन स्थल कीतर सागर में पहुंचे नगर पालिका ईओ सरोवर के चारों तरफ भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखी साथ ही सरोवर तट पर मशीन द्वारा समतलीकरण का कार्य कराया गया। प्रभारी सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि घाटों के अलावा क्षेत्र की समचित सफाई व्यवस्था कराई जाए साथ ही विसर्जन स्थल और दुर्गा पंडालों के आसपास सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए जिससे भक्तों को किसी भी तरह की विसर्जन दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े।

अधिशासी अधिकारी ने विसर्जन के दिन पेयजल व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए। नाव और नाविकों की व्यवस्था कराई जा रही है। मूति विसर्जन स्थल के समीप बैरिकेडिंग किए जाने के निर्देश दिए गए जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घट सके। विसर्जन स्थल पर कई सफाई कर्मचारियों की टीमें लगाकर सरोवर को तट का समतलीकरण कर साफ सफाई की गई। निरीक्षण दौरान अधिशासी अधिकारी के साथ प्रभारी लेखाकार अरुण शुक्ला, प्रभारी सफाई निरीक्षक रामसेवक और भूपेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।



विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते ईओ अवधेश कुमार। अमृत विचार

- अधिशासी अधिकारी ने किया निरीक्षण, व्यवस्था देखकर दिए दिशा-निर्देश

## जयघोष के साथ निकाले गए जवारे

संवाददाता, जैतपुर महोबा



जवारे निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों से शुक्रवार को जवारे निकाले गए। जवारा जुलूस में भक्तों द्वारा लगाए गए सांग आकर्षण का केंद्र रहे। ढोल नगाड़ों की थाप के बीच ही देवी मां के जयकारे वातावरण में गूंजते रहे।

कस्बे के मोहल्ला खंदियापुरा के हिंगलाज मंदिर से जवारा जुलूस निकाला गया। इसके बाद जमीदारी मोहल्ला, बजरिया, दरेरापुरा, मस्ताना, नयापुरा सहित अगल अलग जवारे निकाले गए। जवारा जुलूस में महिलाएं देवी गीत गाकर सिर पर जवारों का कलश लेकर चल रही थीं। सभी देवी मंदिरों के जवारे झंडा बाजार में एकत्र होकर ऐतिहासिक चबूतरे की परिक्रमा लगाते रहे। जिसमें ग्राम प्रधान छोटेलाल ने सभी जवारों के साथ चलने वाले पंडा की आरती व देवी के डोलों में नारियल अगरबत्ती व धनराशि अर्पित कर देवियों का आशीष लिया। इसके बाद पुलिस चौकी आधा घंटा तक सांग प्रदर्शन किया गया। नवरात्रि में मंदिर या घर में कलश स्थापना के बाद जौ उगाने की परम्परा है।

- जवारा जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं ने लगवाए सांग

## बस की टक्कर से राहगीर घायल

**महोबा।** महोबा कानपुर मार्ग में परमानंद चौराहे के पास एक रोडवेज बस चालक ने राहगीर को टक्कर मार दी। जिससे राहगीर सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीर को गंभीर हालत में जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

महोबा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मकरवाई निवासी 65 पैदल परमानंद चौराहे के पास सड़क पार कर रहा था तभी रोडवेज बस ने टक्कर मार दिया।राहगीर बुरी तरह घायल हो गया। इसको उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

## 27 माल वाहनों में मिलीं सवारियां, चालान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** त्योहारों को लेकर रोडवेज बसों के अलावा पिकअप, लोडर, ट्रैक्टरों व अन्य माल वाहनों में सवारियां होने पर पुलिस प्रशासन ने ऐसे वाहन चालकों पर कड़ाई से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इससे बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लग सके साथ ही ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए।

नवरात्रि, दशहरा और दीपावली त्योहारों को लेकर बसों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यात्रियों ने अब लोडर ट्रैक्टर सहित अन्य माल वाहनों में यात्रा करनी शुरू कर दी है। वहीं टेंपो और क्रूजर चालक क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर चल रहे हैं जिससे दुर्घटनाओं की सम्भानाएं बढ़ गई हैं। दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने माल वाहनों पर सवारियां ढोने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए है। जिसके चलते पुलिस ने अब लोडर वाहनों की भी चेकिंग शुरू कर दी है।

पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए माल वाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारियां ढोने के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए हैं। जानकारी के आभाव और लापरवाही के कारण माल वाहनों से सवारियों की ढुलाई की जा रही है, जिससे लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। इस पर रोक लगाने के लिए महोबा पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर पुलिस ने राठ रोड पर चेकिंग अभियान दौरान 82 माल वाहक वाहनों की जांच की, जिसमें 27 वाहनों का चालान किया गया और 12 वाहनों को सीज कर लिया गया है। माल वाहक वाहनों में सवारियों को बैठाना मोटरयान अधिनियम के तहत गैरकानूनी है और इस पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। लोगों की जागरूकता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने इस दिशा में कड़ा रुख अपनाते हुए यह अभियान जारी रखा है। लोगों से अपील की जा रही है कि वे माल वाहक वाहनों पर सवारी करने से बचें और अपनी जान जोखिम में न डालें।



चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालक से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

- चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 12 वाहनों को किया सीज

नवरात्र — मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, मां चंद्रिका देवी मंदिर में देर रात तक भक्तों ने किया पूजन

## देवी के रूप में कन्याओं का पूजन कर मांगी समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नवरात्र के अंतिम दिन देवी मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। प्राचीन बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर व अन्य मंदिरों में देर रात तक भक्तों ने पूजन अर्चन किया और मां से सुख समृद्धि की कामना की। किसी ने मां को नारियल चुनरी अर्पित किया तो किसी ने मां का श्रृंगार कर यश वैभव व कीर्ति का वर मांगा। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया।

सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की कतार लग गई। श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। इस दौरान देवी के जयकारे से वातावरण गूंज उठा। बड़ी चंद्रिका, छोटी चद्रिका, शारदा देवी मंदिर के अलावा आसपास बने देवी मंदिरों और पंडालों में विराजमान मां दुर्गा के दर्शन के लिए भी भक्तों की भीड़ लगी रही। सबसे ज्यादा भक्तों की भीड़ बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर में नजर आई, जहां पर सुबह की पहली आरती में महिलाओं पुरुषों की खासी संख्या नजर आई। मंदिर के पुजारी चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने मां की आरती की और इसके बाद सभी भक्तों ने मां के दर्शन किया और प्रसाद चढ़ाया। भक्त भी मां के दर्शन करने के लिए आतुर नजर आए और लाइन लगाकर मां की झलक पाने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। मां के दर्शन के लिए जिले के आसपास ग्रामों से भी भक्त सुबह से बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर पहुंच गए थे। नवरात्रि के अखिरी दिन देवी मंदिरों में खासी भीड़ रही, जिसके चलते सुबह से देर शाम तक मंदिर की देखरेख करने वालों को पल भर की फुर्सत नही मिली। कन्या पूजन शारदीय नवरात्रि के सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान में से एक है। यह अनुष्ठान आखिरी दिन महानवमी को होता है जिसके चलते शुक्रवार को शहर के देवी मंदिरों, देवी पंडालों और तमाम घरों में कन्या पूजन किया गया। कन्या भोजन में 12 वर्ष से कम आयु की कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर पूजन किया गया।



बड़ी चंद्रिका देवी माता के दर्शन करने जाते भक्त।



मेले में खरीदारी करतीं महिलाएं।



देवी पंडाल में भंडारा में शामिल भक्त। अमृत विचार

### प्रतिमाओं का विसर्जन आज

- नवदुर्गा के प्रथम दिन जिले में भक्तों द्वारा पंडालों में माता दुर्गा की प्रतिमाओं को विराजमान किया गया था, जिसका 12 अक्टूबर को नम आंखों के साथ विसर्जन किया जाएगा। मूर्ति विसर्जन को लेकर जहां दुर्गा समितियों द्वारा तैयारियां की जा रही है वहीं जिला प्रशासन द्वारा मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिले में मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### मेले में दुकानदारों ने खूब की कमाई

- नवरात्र पर्व पर नौ दिन तक बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर प्रांगण में लगने वाले मेले का लोगों ने आनंद लिया जहां बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया वहीं महिलाओं ने घरेलू सामग्री की जमकर खरीदारी की। नौ दिन तक चले मेले में दुकानदारों जमकर कमाई की। नवरात्रि के मौके पर यहां पर हर साल नौ दिन तक मेला लगता है जहां स्थानीय दुकानदारों के अलावा बाहरी दुकानदार भी मेले में दुकाने लगाते हैं। बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर मार्ग के दोनो तरफ दुकाने लग जाने से नौ दिन तक खासी भीड़ जुटी रही। लोगों ने मेले में खूब खरीदारी की।

### दुर्गा पंडालों में सारा दिन चलते रहे भंडारे

- दुर्गा पंडालों में हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर के नैकानापुरा में स्थित दुर्गा पंडाल में पूड़ी, सब्जी भंडारे में बनाया गया और पूजा अर्चना के बाद भक्तों को बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया गया। भक्तों ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना की और जयकारे लगाए। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था।


उत्तर प्रदेश सरकार

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

कानपुर वृत्त, लो.नि.वि., 16/22 सिविल लाइन्स, कानपुर-208001

Email Id :- sekanpurcircle@gmail.com

पत्रांक : 5759सी0/131सी0-का0वृ0/2024-25 दिनांक : 01.10.20241.

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में सुसंगत श्रेणी में ''मार्ग कार्य'' हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्न कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्णकरने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| स्वीकृति की प्रत्याशा में। | | | | | | | |
| 1. | कानपुर नगर (प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर नगर। | चौबेपुर बन्दी माता मार्ग का Full Depth Reclamation (FDR) तकनीक द्वारा चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 1240.00 | 24.80 | 7714 (जी0एस0टी0 सहित) | 12 माह | ''ए'' (मार्ग कार्य) |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 22.10.2024 से 05.11.2024 (अपरान्ह 12:00 बजे) तक उपलब्ध हैं जो कि वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं, भरे हुए बिड डाक्यूमेन्ट ऑनलाइन द्वारा उक्त वेबसाइट पर दिनांक 05.11.2024 को अपरान्ह 12.00 तक अपलोड किये जा सकते हैं। तकनीकी बिड दिनांक 05.11.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

शासनादेश संख्या-14/2020/879/तेईस-2020-176(सा0)/06 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत ठेकेदार द्वारा चाणक्य साफ्टवेयर में लॉगिन कर ''प्रहरी'' का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख लोड किये जायेंगे एवं प्रहरी से टेक्निकल शीट ई-1 डाउनलोड कर ई-टेण्डर पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्ते http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

(राकेश यादव) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 कानपुर नगर

(अनिल कुमार) अधीक्षण अभियंता कानपुर वृत्त, लो0नि0वि0, कानपुर

UP-220589, DATE-10-10-2024

विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

# चेक बाउंस होने पर दोषी को 2 साल का कारावास

संवाददाता जालौन

● 2 मामले में 16 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**अमृत विचार।** हरी मटर खरीद के बाद व्यापारी ने दो महिला किसानों को चेक दे दीं, जो बाउंस हो गई थी। चेक बाउंस के मामले में पांच साल विचाराधीन रहे मुकदमे में सिविल न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर दोनों मामलों में व्यापारी को दोषी करार देते हुए एक-एक वर्ष का कारावास तथा आठ-आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सजा दोनों मामलों की अलग-अलग चलेंगी। यानि व्यापारी को दो साल सजा भुगतनी पड़ेगी और 16 लाख रुपये अर्थदंड देना होगा।

अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह निरंजन ने बताया कि इच्छाराजे पत्नी विष्णुपाल सिंह (नन्हूराजा) व अमृतकुंवर ने वर्ष 2018 में हरी मटर बीज इंद्रवीर सिंह गुर्जर (मैसर्स गोपाल सीड्स जालौन) को विक्रय किया था। जिसके भुगतान में इंद्रवीर ने दोनों महिलाओ को पांच-पांच लाख रुपये की चेक दी थी। जब इन चेक को भुगतान के लिए बैंक में लगाया गया तो दोनों ही चेक बाउंस हो गईं। दोनों महिलाओं ने न्यायालय में वाद दायर किया। दलीलें सुनकर सिविल जज (जूडी) जावेद खान ने निर्णय देते हुए इंद्रवीर को दोषी पाते हुए दोनों मुकदमों में एक-एक वर्ष का कारावास की सजा सुनाई।

# जल्द शिफ्ट होंगे बिजली के पोल, बनेगी सड़क

कार्यालय संवाददाता, उरई

● पोल शिफ्टिंग के लिए बिजली विभाग को मिले 99 लाख रुपये

**अमृत विचार।** शहर में बन रही सड़क के निर्माण की वजह से लग रहे जाम के झाम से शहरियों को जल्दी ही मुक्ति मिलने वाली है। पीडब्ल्यूडी व बिजली विभाग ने पोल शिफ्टिंग की रुकावट को दूर कर दिया है। जल्द ही बिजली के पोलों को डिवाइडर के बीच में शिफ्टिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा।

बता दे कि इन दोनों शहर में मेडिकल चौराहे से रनिया बाईपास तक सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिसको लेकर ठेकेदार ने शहर के एक साइड पर सीसी का निर्माण कर दिया है, लेकिन दूसरी ओर निर्माण का कई दिनों से लटका पड़ा है। निर्माण कार्य न होने से आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही अधूरे निर्माण की वजह से शहर में दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे लोग परेशान हैं। आए दिन राहगीर इस निर्माणधीन सड़क से गिरकर चुटहिल हो रहे हैं।

वही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिजली के पोल शिफ्टिंग ना होने की वजह से निर्माण कार्य में रुकावट आ रही है, जिसको अब दूर कर लिया गया है। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों को कहना है सभी कागजी कार्रवाई को पूर्ण कर लिया गया है, जल्दी ही बिजली के पोलो को सड़क के बीच में शिफ्ट कर दिया जाएगा। जिसके बाद निर्माण का शुरू कर दिया जाएगा।

### लोक निर्माण विभाग में 99 लाख का किया भुगतान

- पोल शिफ्टिंग के लिए लोक निर्माण विभाग व बिजली विभाग के बीच चल रही रस्ता काशी को खत्म करते हुए लोग निर्माण विभाग ने बिजली विभाग को पोल शिफ्टिंग के लिए 98 .65 लाख लाख रुपए का भुगतान कर दिया है जिससे जल्दी कार्य शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### लाइन का सर्वे हुआ पूरा

- अधिशासी अभियंता जीतेंद्र नाथ ने बताया कि लाइन व पोल का सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। ढाई किलोमीटर लाइन में करीब 58 स्टील पोल लगाई जा रहे हैं। बिजली शिफ्टिंग के लिए लोक निर्माण विभाग से भुगतान मिल गया है। सर्वे कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। जल्दी टेंडर कर शिफ्टिंग का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।


अधिशासी अभियंता जीतेंद्र नाथ।


वनखंडी माता का सजा दरबार। अमृत विचार

# वनखंडी माता में हुआ भंडारा दिनभर रही भक्तों की भीड़

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** नवरात्र की नवमी पर देवी मंदिरों में सारा दिन भीड़ रही। ऐतिहासिक वनखंडी देवी मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना की एवं भंडारा हुआ। नवरात्र की नवमी के दिन भक्तों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला सुबह से ही लोग देवी मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना कर देवी से आशीर्वाद मांगा। साथ ही शीतला माता, लडैती माता मंदिर, पलिया देवी मंदिर सहित दर्जनों मंदिरों में सुबह से ही भक्त पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। कालपी के ऐतिहासिक वनखंडी देवी मंदिर में सारा दिन भक्तगण माता के जयकारे लगाते हुए दर्शन करने पहुंचे।

# शांति से मनाएं पर्व, व्यवस्था बिगाड़ने पर होगी कार्रवाई

## एसडीएम, सीओ, कोतवाल, ईओ ने कई स्थानों में चेकिंग

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** रामनवमी, दशहरा पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए एसडीम सुशील कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस के जवानों के द्वारा नगर की सड़कों में पैदल मार्च किया। वहीं दुर्गा पंडालों में व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने कहा कि सभी लोग पर्व को शांति से मनाएं अगर किसी ने व्यवस्था बिगाड़ी तो सख्त कार्रवई की जाएगी।

गुरुवार को क्षेत्राधिकारी, कालपी डा. देवेन्द्र पचौरी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक तथा नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, सब इंस्पेक्टर मुहम्मद वसीम के साथ पुलिस के जवान तथा सरकारी कर्मचारी नगर के फुलपावर बाईपास चौराहा में एकत्रित हो गये। यहीं से एसडीएम के साथ जिम्मेदार अफसर तथा कर्मचारियों व पुलिस जवानों के द्वारा फुट मार्च शुरू किया गया। फुट मार्च के दौरान सर्राफा बाजार, टरननगंज बाजार, दुर्गा पांडाल, पचपिंडा देवी,वनखंडी देवी मंदिर एवम शेल्टर होम, दुकानों का निरीक्षण किया, तथा कालपी के मुख्य बाजार की सड़क पर फुटपाथ पर मौजूद अतिक्रमण को हटवाया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के अनुसार त्योहारों को शान्ति एवं कुशलता पूर्वक निपटने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा पुख्ता व्यवस्था कर दी गई है। धर्म गुरुओं से मुलाकात करके त्योहारों को शांतिपूर्वक तरीके से निपटने के लिए सहयोग की अपील की गई है। पुलिस के द्वारा फुट मार्च करने तथा चेकिंग करने के कारण जनता में सुरक्षा का अहसास बना हुआ है।


निरीक्षण के दौरान देवी पंडाल में जानकारी लेते अधिकारी। अमृत विचार

# पटाखों का किया अवैध भंडारण, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** कोंच कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध तरीके से एक घर में बिना लाइसेंस के भंडारण किए गए लाखों रुपये के पटाखे बरामद किए। मौके से पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जबकि दो लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पटाखों को जब्त कर तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

मामले का खुलासा करते हुए कोंच क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह ने बताया कि नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय व उनकी टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मोहल्ला लाजपत नगर में एक दुकान में बड़ी मात्रा में बिना किसी वैध लाइसेंस के बंद कमरे में पटाखों का अवैध तरीके से भंडारण किया गया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर वैभव शुक्ला पुत्र श्रीकांत शुक्ला निवासी शुक्ला मार्केट मोहल्ला लाजपत नगर की दुकान पर दबिश डाल दी। जहां पर 9 जूट की बोरियों में देशी दिवाल बम व 647 पैकेट डिब्बे अवैध पटाखे विभिन्न कंपनियों के व एक गत्ता माचिस सहित प्लास्टिक की बोरी में रोशनी वाले देशी महताब मिले, जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई है। इतना ही नहीं बल्कि पुलिस ने मौके से वैभव शुक्ला को भी गिरफ्तार किया है। जबकि दो अन्य लोग रात का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। सीओ ने बताया कि तीनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए वैभव को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करते हुए कार्रवाई की जा रही है। वहीं दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# अस्पताल में पीड़ितों से मिले अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, उरई

● तेली का भोज खाने से बीमार हुए थे ग्रामीण

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार बीते दिन देररात राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचे और वहां तेली (पशु ब्याने पर निकलने वाला पहला दूध) का भोज खाने से बीमार हुए लोगों का हाल चाल जाना। लगभग सभी मरीजों से बात की और उनसे कहा कि मेडिकल कालेज में किसी तरह की असुविधा तो महसूस नहीं कर रही है। हालांकि सभी ने बताया कि सब कुछ यहां ठीक है और उपचार भी अच्छा हो रहा है। इस पर चिकित्सकों से बात की और निर्देश दिए कि उपचार में किसी तरह की लापरवाही न करें। हर मरीज को समय से दवाएं व चाय नाश्ता सहित जो भी सुविधाएं दी जाएं। मेडिकल कालेज के प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सीएमएस मेडिकल से कहा कि वे भी मरीजों के वार्ड में जाकर हाल चाल लेते रहें। साथ ही उपचार में लगे चिकित्सकों से अपडेट भी लें। यहां पर किसी भी मरीज और उसके तीमारदार को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

## एक सटोरिया बंदी

**कालपी।** सार्वजनिक स्थान में सट्टा खेल रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी युवक से नकदी एवं सट्टा पर्ची बरामद की। कालपी कोतवाली क्षेत्र के टरननगंज चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह सिपाही अभिषेक कुमार ने कर्बला गेट के पास छापा मारकर सट्टा खेल रहे युवक मुस्तकीम निवासी मुहल्ला मिर्जामंडी को 1540 रुपये नकद, सट्टा पर्ची व पेन सहित पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ 13जी एक्ट के तहत मामला दर्ज करके चालान कर दिया गया।

# चाय की दुकान में लगी आग

**जालौन।** अज्ञात कारणों के चलते शुक्रवार को बंद चाय की दुकान में आग लग गयी। आग लगने हजारों का नुकसान हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र रावतान निवासी बलवान दोहरे पुत्र मंगली प्रसाद बंगरा मार्ग पर स्थित थोक सब्जी मंडी गेट के बगल में ढाला रखें। ढाला में बैठकर व चाय बनाते हैं तथा नमकीन बिस्किट, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट का व्यापार करते हैं। नवमी के दिन व्यस्त थे। इसलिए उन्होंने दुकान नहीं खोली थी। बंद दुकान में शुक्रवार की दोपहर अचानक धुआं निकलने लगा तो आग लगने की जानकारी हुई। जब तक दुकानदार व दमकल को सूचना मिलती तब तक आग की लपटें उठने लगी तथा ढाला समेत काउंटर व खाने पीने का सामान जल कर राख हो गया। दुकानदार बलवान दोहरे ने बताया कि आग लगने के कारण उन्हें लगभग 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। अनुमान है किसी व्यक्ति ने बीड़ी या सिगरेट पीकर तीली आदि फेंक दी, जिससे आग लगी है। पुलिस आग लगने का कारण तलाश रही है।



# जमीन कब्जाने में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, 6 घायल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** थरियांव थाना क्षेत्र के मलाव गांव में सरकारी जमीन में अवैध कब्जा करने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे व लात घूसे चलें। दोनों ओर से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

थरियांव के मलाव गांव निवासी गोविंद मौर्य ने कई माह पहले एक जमीन का बैनामा कराया था। जिसके बगल में एक सरकारी जमीन पड़ी थी। जिसमें वह और उसका पड़ोसी मेवालाल मौर्य कब्जा करना चाहता था जिसके चलते आयदिन दोनों पक्षों में कहासुनी होती रहती थी। जमीन कब्जाने की नीयत से दूसरे पक्ष से मेवालाल मौर्य ने उसमें टीन शेड डलवाना शुरू किया जिसका गोविंद ने विरोध किया। दोनों में कहासुनी होने लगी। विवाद इस कदर बढ़ा कि दोनों पक्ष सामने-सामने हो गए। विवाद होते देख ग्रामीण इकट्ठा हो गये। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। दोनों पक्षों से प्रीति, सरिता, बनवारीलाल, सूरजभान, रिंकू अरुण, विकास गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए थरियांव सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने घायल सरिता की गंभीर हालत को देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मामले में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों की दी गई तहरीर के आधार पर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# दीवार ढहने से मलबे में दबकर महिला की मौत

संवाददाता फतेहपुर

● मवेशियों का चारा लगाते समय हुई घटना

● मामला हुसेनगंज थाना क्षेत्र के गौरा चुरियारा गांव का

**अमृत विचार।** मवेशियों का चारा लगाते समय कच्ची कोठरी की दीवार ढह गई। जिसके मलबे में महिला दब गई। यह देख ग्रामीणों ने मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के दौरान मौके पर लोगों की खासी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के गौरा चुरियारा गांव निवासी अमर सिंह पटेल की पत्नी शीला देवी (49) मवेशियों को घर के बाहर चारा लगा रही थी। अचानक दीवार ढहने से मलबे में दब गई। दीवार ढहने की आवाज सुनकर बेटी शालिनी व बेटे अंकित, रामू दौड़कर पहुंचे। परिजनों का शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। ग्रामीणों ने किसी तरह मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। महिला की सांसें थम चुकी थीं। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, हत्या का आरोप

- **फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के कैथपुरवा गांव में कथिततौर एक वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या कर शव सड़क किनारे फेके जाने का आरोप लगाया है। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मूधनपुर मंसूरपुर गांव निवासी अंकित पुत्र झूरी बाइक से अपनी ससुराल थाना क्षेत्र के कैथपुरवा गांव गया था। जहां से वह दोस्त राजा पुत्र बाबूलाल रैदास निवासी कैथपुरवा के साथ भिटारी गांव में विनोद रैदास के घर मुंडन संस्कार में शामिल होने गया। देर शाम वापस लौटते समय जैसे ही हुसेनगंज थाना क्षेत्र के कैथपुरवा गांव के पास पहुंचे, कहा जाता है कि तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक अंकित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकी उसका दोस्त राजा छिटक कर दूर गिरने से बाल बाल बच गया। राजा परिजनों व पुलिस को हादसे की सूचना दिये बिना ही मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी देकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पिता झूरी ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बेटे की हत्याकर शव को सड़क किनारे फेंके जाने का आरोप लगाया है।

### घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

**फतेहपुर।** ट्रैक्टर की टक्कर से घायल मोपेड सवार किसान की इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गई। परिजनों की तहररीर पर पुलिस ने चालक पर रिपोर्ट दर्ज किया है। जहानाबाद थाने के चिल्ली गांव के बद्री का पुरवा निवासी सुनीता देवी ने बताया कि पति चिनका मोपेड से चार अक्तूबर को खेत जा रहे थे। असधना रोड पर चिल्ली गांव के पास लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए चालक ने ट्रैक्टर से टक्कर मार दी थी। हादसे में पति की हालत नाजुक देखकर सीएचसी से डाक्टर ने कानपुर हैलट रेफर किया था। कानपुर में इलाज के दौरान पति की उनकी मौत हो गई। सुनीता की ओर से पुलिस ने ट्रैक्टर चालक कानपुर नगर सजेती निवासी सुशील सचान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप


डाक बंगले में अधिकारियों से जानकारी लेते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान।

### कैबिनेट मंत्री ने अफसरों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

**फतेहपुर।** शहर के लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने इन्वेस्टर समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों, स्वरोजगार योजनाओं आदि की समीक्षा की। उपायुक्त उद्योग को शत प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति के निर्देश दिए। साथ ही उद्यमियों, निवेशकों के लिए लैंड बैंक बनाने के लिए नवीन शासनादेश जिसमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत विकास के लिए ग्रामसभा की 5 एकड़ अथवा उससे अधिक चिह्नित भूमि एक स्थान पर उपलब्ध होने पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग को निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी एवं विभाग द्वारा उसे औद्योगिक आस्थान के रूप में विकसित करते हुए उद्यमियों को उपलब्ध कराये जाएंगे। इसके अन्तर्गत तहसीलों के माध्यम से जनपद में उपलब्ध ऐसी जगहों का चिह्नांकन कर शीघ्र प्रस्ताव तैयार किए जाएं। जिससे लैंड बैंक बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने मंत्री को आश्वस्त किया कि आप द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कराया जाएगा।

### एसआई पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप

**फतेहपुर।** एक युवती ने दरोगा के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत को लेकर शुक्रवार को पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। युवती का आरोप है कि वह मामला दर्ज कराने के लिए पिछले दस दिनों से थाने के चक्कर काट रही है, पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। धाता कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 18 वर्षीय युवती शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंची। युवती ने एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 29 सितंबर को सुबह वह घर पर अकेली थी। माता पिता खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान गांव का रहने वाला एक एसआई शराब के नशे में धुत घर के अंदर घुस आया। एसआई ने पीछे से पीड़िता को पकड़कर मुंह दबा दिया, इसके बाद खींचते हुए कमरे के अंदर ले गया। जहां आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने पिता को जानकारी दी। जब पिता घर पहुंचे तो एसआई ने उन्हें देखकर भागने का प्रयास किया। पिता ने पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी ने उन्हें भी पीटा। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। युवती ने बताया कि उसने धाता कोतवाली में एसआई के खिलाफ लिखित शिकायत दी। इसके बाद 30 सितंबर की शाम को आरोपी एसआई फिर से घर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। बीच बचाव करने में पिता को घायल कर दिया। मामले में अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### घर का ताला तोड़कर लाखों का माल किया पार

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष के घर का ताला तोड़कर चोर तीन लाख के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की है। थरियांव थाना क्षेत्र के हाईवे उपकेंद्र के पास रहने वाले श्याम बरन उर्फ मनीष मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि ससुराल में रामायण का आयोजन था। दो दिन पहले पत्नी रन्नो देवी अपने मायके कल्यानपुर थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव गई थी। वह भी शामिल होने गए थे। वह पत्नी के साथ रात करीब 11 बजे घर लौटे। घर का बाहरी दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे। अंदर कमरों के दरवाजे खुले देखकर होश उड़ गए। उनके कमरे में रखी अलमारी खुली और लॉकर टूटा था। आंगन का जाल भी खुला था। चोर पड़ोसी की छत से चढ़कर आंगन के जाल से कमरों तक पहुंचे। चोरी के बाद सीढ़ियों का दरवाजा खोलकर छत के रास्ते से भाग निकले। अलमारी का लॉकर तोड़कर चोर तीन लाख के सोने-चांदी के जेवरात व 15 हजार नकदी चोरी कर ले गए हैं।

नवरात्र — देवी मंदिरों व पंडालों में पूजन करने के लिए उमड़े भक्त

# अंतिम दिन हवन-पूजन कर कन्याओं को कराया भोजन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की जिले में विधि विधान से भक्तों ने पूजा अर्चना की। मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ उमड़ी। घरों में कन्या पूजन के साथ ही जगह-जगह देवी जागरण व भंडारों के भी आयोजन किए गए। शहर के दुर्गा मंदिर में हवन, कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया।

शारदीय नवरात्र शुक्रवार को हवन व कन्या भोज के साथ संपन्न हो गए। नवमी पर देवी भक्तों ने शक्ति के नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। शहर के देवी मंदिरों में व पांडालों में माता की पूजा अर्चना के लिए भोर से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। जगह जगह हवन पूजन के साथ कन्या व लंगूरों को भोज कराया गया। इस बार शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व था। नवरात्र के नौ दिनों में विशेष योग भी पड़े। इन योगों का अपने आप में विशेष महत्व था। लोगों की भीड़ प्रमुख देवी मंदिरों के साथ दुर्गा पंडालों में नजर आया। सुबह शाम हुई माता की आरती के समय तो तिल रखने की भी जगह नहीं थी। नवमी पर माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। आचार्यों का कहना है कि मार्कण्डेय पुराण के अनुसार माता के पास आठ प्रकार की सिद्धियां पाई जाती हैं जिस साधक ने इन सिद्धियों को प्राप्त कर लिया समझो व सुख समृद्धि का प्रतीक बन गया। माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना के साथ साथ कन्या भोज और यज्ञ का भी विशेष फल मिलता है।


नवरात्र के अंतिम दिन हवन करते यजमान। अमृत विचार

# आज मनाया जाएगा दशहरा, तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

● बिंदकी नगर में दो दिन पूर्व ही शुरू हो चुका है दशहरा महोत्सव

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र शुक्रवार से समाप्त हो गए। शनिवार को असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व मनाया जाएगा। दशहरा के दिन के लिए रावण-मेघनाद के पुतलों को कारीगर शुक्रवार को अंतिम रूप देते नजर आए। मुस्लिम समुदाय के कारीगर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले तैयार कर रहे हैं।

दोआबा के बिंदकी नगर में दशहरा महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। दो दिन पूर्व ही मेले की शुरुआत हो चुकी है। शनिवार को पूरे विधि-विधान के साथ रावण दहन कार्यक्रम होगा। जिसमें जिलाधिकारी-एसपी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रहती है। महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए यहां पर एक माह पहले से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। करीब 60 फीट से अधिक लम्बाई का रावण तैयार कराया गया है। इसके अलावा किशनपुर, कुंवरपुर आदि स्थानों में भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

# शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

**फतेहपुर।** शादी का झांसा देकर एक युवती से तीन साल से युवक ने शारीरिक शोषण किया। शादी का दबाव बनाने पर शादी से इंकार कर दिया। गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने बताया कि शहर के आवास विकास मोहल्ला निवासी शिवम विश्वकर्मा ने उसे प्रेम जाल में तीन साल पहले फंसाया था। झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। उसने छह माह पहले शादी का दबाव बनाया। उसे युवक ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर शादी से इंकार कर दिया। उसने मामले की कोतवाली पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने सुनवाई नहीं की।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 -7000 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15300-15400 अरहरस्पेशल 11700-11800 चनादाल 8500-8600 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7200-7250 मसूरदाल 7400-7450 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1670-1720 सूजी 1700-1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570-1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11300 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400- 11500 बटाली 8500 -11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14800-14900 अलसी 12600-12800 अण्डी 13800-14000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 975-1989 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1975-1974 मयूर 1975-1974 मंगलौर लड्डू 4800 देशीभेली 4400-4500 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4260 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77675 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57900-58100 |

# दिव्यांगों के लिए भुगतान प्रणाली आसान बनाएं बैंक : आरबीआई

## केंद्रीय बैंक ने कहा- लोग तेजी से अपना रहे डिजिटल भुगतान प्रणाली

मुंबई, एजेंसी



- बैंक और गैर-बैंक भुगतान तथा पॉइंट-ऑफ-सेल मशीनों में कर सकते हैं बदलाव

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों से कहा कि वे भुगतान प्रणालियों तक दिव्यांगों की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा करें। केंद्रीय बैंक ने परिपत्र में कहा कि दिव्यांगों सहित सभी वर्ग तेजी से डिजिटल भुगतान प्रणाली को अपना रहे हैं। प्रभावी पहुंच को बढ़ावा देने, भुगतान प्रणाली प्रतिभागियों (पीएसपी अर्थात बैंक तथा अधिकृत गैर-बैंक भुगतान प्रणाली प्रदाता) को सलाह दी जाती है कि वे दिव्यांग लोगों की पहुंच के संदर्भ में अपनी भुगतान प्रणालियों/उपकरणों की समीक्षा करें।

आरबीआई ने कहा कि समीक्षा के आधार पर बैंक और गैर-बैंक भुगतान प्रणाली प्रदाता पॉइंट-ऑफ-सेल मशीन जैसे उपकरणों में आवश्यक बदलाव कर सकते हैं, जिससे दिव्यांग इसका आसानी से इस्तेमाल कर पाएंगे। केंद्रीय बैंक ने उनसे फरवरी में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सुगम्यता मानकों पर गौर करने को कहा है। इसके लिए समाधानों का चयन करते समय यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि संशोधन या संवर्द्धन से प्रणालियों के सुरक्षा पहलुओं से समझौता न हो। पीएसपी को एक महीने के भीतर भारतीय रिजर्व बैंक को अपनी उन प्रणाली/उपकरणों का ब्यौरा प्रस्तुत करने को कहा गया है जिनमें बदलाव की आवश्यकता है।

### लघु वित्त बैंकों की लाभप्रदता में कमी का अनुमान

नई दिल्ली। परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) के आधार पर मापी जाने वाली लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) की लाभप्रदता चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 0.4 प्रतिशत घटकर करीब 1.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी मुख्य वजह शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में कमी तथा ऋण लागत में वृद्धि है। एसएफबी की लाभप्रदता वित्त वर्ष 2023-24 में 2.1% रही थी।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड : निवेश का स्मार्ट तरीका

इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प हैं, जो शेयर बाजार में निवेश का सरल और प्रभावी तरीका हैं। ये फंड विविध कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं, जिससे उच्च रिटर्न की संभावना होती है। पेशेवर फंड मैनेजर्स द्वारा प्रबंधित, ये फंड बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटने में मदद करते हैं। हालांकि, इनमें कुछ जोखिम भी होते हैं, जैसे बाजार की वोलैटिलिटी। सही रणनीति और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ, इक्विटी म्यूचुअल फंड आपको अपनी पूंजी में वृद्धि और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता कर सकते हैं। निवेश की दुनिया में कदम रखने के लिए यह एक प्रभावशाली विकल्प है! आइए इस पर जरा ध्यान दिया जाए...



### जोखिम पर रखें नजर

- **बाजार :** शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से आपके निवेश की कीमत में कमी आ सकती है। यदि बाजार में गिरावट आई तो आपके फंड का मूल्य भी गिर सकता है।
- **उच्च वोलैटिलिटी :** इक्विटी फंड अक्सर अधिक वोलैटाइल होते हैं। यह बाजार परिवर्तन के कारण होता है, जिससे निवेश की कीमतें तेजी से बढ़ या घट सकती हैं।
- **लंबी अवधि की अनिश्चितता :** जबकि लंबे समय में इक्विटी में रिटर्न उच्च हो सकते हैं, फिर भी यह सुनिश्चित नहीं है कि आपकी पूंजी की सुरक्षा होगी।
- **प्रबंधन :** फंड मैनेजर का चयन और उनके निर्णय भी आपके निवेश के प्रदर्शन पर प्रभाव डाल सकते हैं। यदि फंड मैनेजर गलत निर्णय लेते हैं, तो यह फंड के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है।
- **महंगाई का जोखिम :** यदि रिटर्न महंगाई की दर से कम होते हैं, तो आपकी वास्तविक खरीद शक्ति कम हो सकती है।

### विशेषताएं

- **उच्च रिटर्न की संभावना :** इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने से आपको बाजार के उतार-चढ़ाव के अनुसार उच्च रिटर्न प्राप्त हो सकते हैं।
- **विविधता :** इक्विटी म्यूचुअल फंड विभिन्न कंपनियों में निवेश करते हैं, जिससे जोखिम फैलता है। यदि एक कंपनी का प्रदर्शन खराब होता है, तो अन्य कंपनियों के अच्छे प्रदर्शन से उसे संतुलित किया जा सकता है।
- **लंबी अवधि का निवेश :** ये फंड अक्सर लंबी अवधि के लिए सबसे बेहतर माने जाते हैं, क्योंकि शेयर बाजार में दीर्घकालिक रुझान सकारात्मक होते हैं।
- **पेशेवर प्रबंधन :** फंड मैनेजर्स बाजार के रुझानों और कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हैं, जिससे आपको निवेश करने में मदद मिलती है।
- **लिक्विडिटी :** आप आवश्यकतानुसार अपने निवेश को आसानी से भुना सकते हैं, जिससे आपको अपने पैसे की जरूरत पड़ने पर त्वरित पहुंच मिलती है।
- **टैक्स लाभ :** कुछ इक्विटी म्यूचुअल फंड, जैसे ईएलएसएस, में निवेश करने पर आप टैक्स बचत कर सकते हैं।
- **सुविधा :** म्यूचुअल फंड में निवेश करना आसान है, और आपको खुद से शेयर चुनने की आवश्यकता नहीं होती।

## देश का औद्योगिक उत्पादन 0.1% घटा

नई दिल्ली। दो साल बाद अगस्त में देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई है। खनन और बिजली क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब होने के साथ विनिर्माण क्षेत्र के स्थिर रहने से अगस्त में औद्योगिक उत्पादन में 0.1% की गिरावट आई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को ये आंकड़े जारी किए। अगस्त, 2023 में औद्योगिक उत्पादन 10.9% बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित वृद्धि को जुलाई के लिए संशोधित कर 4.7% कर दिया है। पहले इसके 4.8% रहने का अनुमान लगाया गया था।

## सोना 1,150 तो चांदी 1,500 रुपये मजबूत

नई दिल्ली, एजेंसी



- विक्रेताओं की लिवाली से दोनों धातु की कीमतों में आया उछाल

वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से शुक्रवार को सोने का भाव 1,150 रुपये बढ़कर 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इस तरह सोने का भाव अपने उच्चतम स्तर के करीब है। गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 1,500 रुपये के उछाल के साथ 93,000 रुपये प्रति किलो हो गयी। चांदी की कीमतों में दूसरे दिन भी तेजी रही।

तीन दिन की गिरावट के बाद 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,150 रुपये उछलकर 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले बंद भाव में सोने की कीमत 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। व्यापारियों ने कहा कि स्थानीय मांग में तेजी के साथ सकारात्मक वैश्विक रुख से सोने की कीमतों में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का अनुबंध 613 रुपये बढ़कर 75,910 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष - जिंस और मुद्रा जतीन त्रिवेदी ने कहा कि मौजूदा रुझान की वजह अमेरिकी आंकड़े हैं, जो ब्याज दरों में कटौती जारी रखने का समर्थन करते हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 701.18 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 12.58 अरब डॉलर चढ़कर 704.88 अरब डॉलर पहुंचा था। रिजर्व बैंक के अनुसार समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.51 अरब डॉलर घटकर 612.64 अरब डॉलर रह गईं। मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

# चालू वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 18% बढ़कर 11.25 लाख करोड़ पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- 5.98 लाख करोड़ का व्यक्तिगत आयकर और 4.94 लाख करोड़ का कॉरपोरेट कर संग्रह
- प्रतिभूति लेनदेन कर 30,630 करोड़ रहा जबकि अन्य करों से 2,150 करोड़ प्राप्त हुए

चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 10 अक्टूबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.3% बढ़कर 11.25 लाख करोड़ रुपये रहा है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के अनुसार, इसमें 5.98 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर संग्रह और 4.94 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर संग्रह शामिल है।

प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 30,630 करोड़ रुपये रहा, जबकि अन्य करों (समानीकरण शुल्क व उपहार कर) से 2,150 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। आयकर विभाग ने एक साल पहले 9.51 लाख करोड़ का प्रत्यक्ष कर संग्रह जुटाया था। एक अप्रैल से 10 अक्टूबर के बीच 2.31 लाख करोड़ का रिफंड जारी हुआ, जो 46% की वृद्धि है। सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.3% बढ़कर 13.57 लाख करोड़ रुपये हो गया। संग्रह में 7.13 लाख करोड़ का पीआईटी (व्यक्तिगत आयकर) और 6.11 लाख करोड़ का कॉरपोरेट कर शामिल है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 22.07 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### असम की जेल से पांच कैदी फरार, तलाश जारी

मोरीगांव। असम की मोरीगांव जिला जेल से शुक्रवार तड़के पांच विचाराधीन कैदी फरार हो गए। मोरीगांव के जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने बताया कि कैदियों के जेल से भागने की घटना रात एक और दो बजे के बीच हुई। पांचों कैदी पॉक्सो के आरोपी हैं। उन्हें मोरीगांव और सोनितपुर जिलों से गिरफ्तार किया गया था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कैदियों ने लोहे की सलाखें तोड़ दी और फिर चादर, कंबल तथा लुंगी को रस्सी के रूप में इस्तेमाल करके वे जेल की 20 फुट ऊंची दीवार से नीचे उतर गए। फरार कैदियों को गिरफ्तार करने के लिए तलाश अभियान चल रहा है। शर्मा ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गये हैं।

### गाय से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में पुलिस ने गाय से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि कथित घटना थाना फेस-दो क्षेत्र के सेक्टर 110 की है। पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम-1960, 11 (1) (ए) के तहत मामला दर्ज किया है। थाना फेस-दो के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नोएडा में फेस-दो क्षेत्र के सेक्टर 110 की निवासी राजबाला सिंह पत्नी रोहित सिंह ने गुरुवार रात प्राथमिकी दी थी। राजबाला ने बताया कि 9 और 10 अक्टूबर की रात दो बजे उनके घर मनीष चौहान पहुंचे और उन्होंने उनको बताया कि अज्ञात व्यक्ति (जिसका नाम पंचदेव बताया जा रहा है) को उनकी गाय से दुष्कर्म करते पकड़ा गया है।

### व्यक्ति की हत्या और शव फेंकने में दंपती गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 24 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर उसके शव को प्लास्टिक की थैली में भरकर गांव में फेंकने के आरोप में दंपती को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि जिला ग्रामीण पुलिस ने चार अक्टूबर को हुई हत्या में आरोपी मोहम्मद सिराज अंसारी और उसकी पत्नी रजिया को गिरफ्तार किया गया। मृतक आरोपी का सौतेला भाई था।

### हैदराबाद में दुर्गा प्रतिमा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त

हैदराबाद। हैदराबाद के नामपल्ली में शुक्रवार को उपद्रवियों ने पंडाल में दुर्गा प्रतिमा को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि उपद्रवियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त ए चंद्रशेखर के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों ने तड़के मूर्ति के एक हाथ को क्षतिग्रस्त कर दिया। मूर्ति को उसके मूल स्वरूप में पुन: स्थापित कर दिया गया है और देवी की पूजा-अर्चना जारी है। हमने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

# बारी-बारी से नेता प्रतिपक्ष बनाने पर हो रहा विचार

## भाजपा का दावा- विपक्ष के घटक दलों को लगता है राहुल गांधी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

- सांसद बांसुरी स्वराज बोलीं - विपक्ष के कई नेता सक्षम, लेकिन उनका ये आंतरिक मामला



भाजपा ने शुक्रवार को दावा किया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दल इस बात पर विचार कर रहे हैं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी बारी-बारी से सभी को मिले। पार्टी ने कहा कि अगर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया को लगता है कि राहुल गांधी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे हैं तो उन्हें इस तरह के निर्णय के साथ आगे बढ़ना चाहिए। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों में कई नेता हैं जो विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी संभालने में सक्षम हैं लेकिन फैसला उन्हें लेना है क्योंकि यह उनका आंतरिक मामला है। स्वराज ने कहा कि हां बिल्कुल। मैंने भी यह सुना है कि विपक्ष के नेता के पद को बारी-बारी से करने की बात चल रही है। लेकिन मैं विनम्रता से कहूंगी कि यह विपक्ष का आंतरिक मामला है। भाजपा के इस दावे पर विपक्षी दलों की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्वराज ने अपनी बात जारी रखते हुए आगे कहा कि विपक्ष के दलों में ऐसे कई नेता हैं जो नेता प्रतिपक्ष का कार्यभार संभालने के लिए काफी सक्षम हैं। अगर इंडिया गठबंधन को लगता है कि राहुल पूरी कर्तव्यनिष्ठा से अपना पद नहीं संभाल पा रहे हैं तो यह निर्णय उन्हें लेना है।

### सबसे बड़ी विपक्षी दल के नेता को ही दी जाती है मान्यता, जिसने 10% सीट चुनाव में जीते हो

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को सदन में नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दी जाती है, जिसने सदन की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीट चुनावों में जीती हो। राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया है और कांग्रेस सदन में बड़ी विपक्षी पार्टी है। बारी-बारी से (गठबंधन घटक दलों में से) विपक्ष का नेता बनाए जाने पर लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचारी ने कहा कि सदन में सबसे बड़े विपक्षी दल के एक सांसद को ही विपक्ष के नेता के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा विपक्षी दल जिस व्यक्ति को विपक्ष का नेता नियुक्त करना चाहता है, वही उसके द्वारा चुना जाता है। आचारी ने कहा कि इसमें न तो सरकार और न ही लोकसभा अध्यक्ष की कोई भूमिका है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष केवल उसी व्यक्ति को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देते हैं जिसका नाम सबसे बड़े विपक्षी दल द्वारा आगे बढ़ाया जाता है।

## लड़कियों को मिले अवसर, नारे से बदलाव नहीं आएगा : खरगे



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि लड़कियों को नेतृत्व करने का अवसर मिलना चाहिए और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। केवल नारे लगा देने से वास्तविक बदलाव नहीं आ सकता। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक्स पर कहा कि सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास के लिए लैंगिक समानता आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को बदलाव की अग्रिम पंक्ति में रखकर निर्णय में शामिल करके उन्हें नेतृत्व का समान अवसर मिल सके।

# कर्नाटक सरकार ने हुबली दंगा केस लिया वापस

बेंगलुरु, एजेंसी

- तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है कांग्रेस : केंद्रीय मंत्री जोशी
- भाजपा झूठे मुद्दों पर प्रदर्शन करती है, सच्चे पर नहीं : सिद्धारमैया



कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने हुबली में 16 अप्रैल 2022 को पुलिसकर्मियों पर पत्थरों से हमला करने वाली भीड़ के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने का फैसला किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह उन 43 मुकदमों में से एक है, जिन्हें राज्य मंत्रिमंडल ने गुरुवार को बैठक में वापस लेने का फैसला किया।

अंजुमन-ए-इस्लाम ने गृह मंत्री जी. परमेश्वर को एक अर्जी दी थी, जिसके बाद मुकदमा वापस लेने का फैसला किया गया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि दुर्भाग्य से कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। उन्होंने यूएपीए मामले के तहत दर्ज मुकदमे लेकिन फिर भी उन्होंने इसे वापस ले लिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार के पास कुछ मुकदमों को वापस लेने का अधिकार है। सिद्धारमैया ने भाजपा द्वारा विरोध प्रदर्शन करने की योजना पर मैसुरु में कहा कि भाजपा हमेशा झूठे मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन करती है, सच्चे मुद्दों पर नहीं।

# कांग्रेस ने मादक पदार्थ के कारोबार पर मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- उपमुख्यमंत्री देवरा के करीबी के मादक पदार्थों के व्यापार में शामिल होने का लगाया आरोप

कांग्रेस ने भोपाल के बाहरी इलाके में स्थित फैक्टरी से भारी मात्रा में मादक पदार्थों के बरामद होने के कुछ दिन बाद शुक्रवार को आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवरा का करीबी सहयोगी राज्य में मादक पदार्थों के व्यापार में शामिल है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर भी सवाल उठाया।

कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के प्रमुख जितेंद्र पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर साल दो करोड़ नौकरियां न देकर हर साल दो करोड़ नशे के आदी पैदा किए। कांग्रेस के इन आरोपों पर भाजपा या देवरा की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पटवारी ने कांग्रेस मुख्यालय में कहा कि भोपाल में जिस गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है उसके तार कई राज्यों से जुड़े थे और मोदी सरकार इसके लिए जवाबदेह है। मोदी सरकार ने संसद में रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें जिक्र किया गया था कि देश में 40 करोड़ लोगों ने मादक पदार्थों का सेवन किया। उन्होंने दावा किया कि देश में नशे के आदी लोगों की संख्या हर साल 2.10 करोड़ की दर से बढ़ रही है। पटवारी ने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री का करीबी इसकारोबार में शामिल है। उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया।

## आरएसएस ने दी केरल विस में अपमानजनक टिप्पणी पर चेतावनी

तिरुवनंतपुरम। केरल में आरएसएस ने विधानसभा में सत्तारूढ़ और विपक्षी सदस्यों द्वारा संगठन के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। दक्षिणपंथी संगठन ने कहा कि यह निंदनीय है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग सदन में और बाहर यह निराधार आरोप लगा रहे हैं कि इस साल त्रिशूर पूरम में व्यवधान पैदा करने के पीछे संघ का हाथ था। त्रिशूर पूरम त्रिशूर में होने वाला वार्षिक हिंदू मंदिर उत्सव है। यह हर साल पूरम के दिन वडक्कुनाथन मंदिर में आयोजित किया जाता है।

# चिकित्सकों की मांगे मानना सरकार का दायित्व

## आरजी कर मामला

- आईएमए ने की डाक्टरों से विरोध प्रदर्शन का तरीका बदलने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

आईएमए ने शुक्रवार को कहा कि कोलकाता में जूनियर चिकित्सकों की भूख हड़ताल से पैदा हुई स्थिति को संभालने के लिए उनकी मांगों को मानना पश्चिम बंगाल सरकार का दायित्व है। आईएमए ने डाक्टरों से विरोध प्रदर्शन का तरीका बदलने की अपील की।

आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने समेत कई मांग कर रहे चिकित्सकों के साथ एकजुटता दिखाते हुए भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने कहा कि वे अपने बलिदान और दृढ़ संकल्प के दम पर न्याय के इस आंदोलन को इस स्तर तक ले आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भूख हड़ताल शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रही, जबकि गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराए चिकित्सक की हालत गंभीर है। सभी राज्य और शाखा अध्यक्षों, सचिवों और पदाधिकारियों को भेजे संदेश में आईएमए ने कहा कि देश की चिकित्सा बिरादरी उनके के साथ है।

### आईएमए ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखा पत्र

कोलकाता। आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए आईएमए ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा और उनसे हस्तक्षेप की मांग की। पत्र में आईएमए अध्यक्ष आरवी अशोकन ने कहा कि बंगाल सरकार उनकी मांगों को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है। एक सप्ताह से चिकित्सक आमरण अनशन पर हैं। आईएमए उनकी जायज मांगों का समर्थन करता है।

### नौ मेडिकल छात्रों की गिरफ्तारी की प्रोफेसरों ने की आलोचना

दुर्गा पूजा के पंडाल के पास प्रदर्शन कर रहे नौ छात्रों की गिरफ्तारी की प्रोफेसरों के दो संगठनों ने शुक्रवार को आलोचना की। यादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ और अखिल बंगाल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने गिरफ्तार विद्यार्थियों और चिकित्सकों को समर्थन देने की अपील की। इन नौ विद्यार्थियों को दक्षिण कोलकाता में त्रिधारा सम्मिलनी के दुर्गा पूजा पंडाल के पास नारे लगाने के लिए गिरफ्तार किया गया।

## कोर्ट ने बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत पर ईडी से मांगा जवाब

- शिक्षकों और गैर शिक्षकों की भर्ती में अनियमितता के आरोप में हुई है गिरफ्तार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों और गैर शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब दाखिल करने को कहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने एक अक्टूबर को नोटिस जारी किया और 17 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने साथ निर्देश दिया कि सीबीआई मामलों की विशेष अदालत को अधिसूचित किया गया है, दैनिक आधार पर जमानत पर सुनवाई करे और 10 दिनों में फैसला कर अनुपालन रिपोर्ट भेजेगी।

# मप्र : थाने में रखा विसरा चूहों के चट करने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

इंदौर, एजेंसी



- कोर्ट ने कहा- पुलिस महानिदेशक सभी थानों के मालखानों में रखे सामान की लें सुध

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर के थाने में रखा विसरा और 28 अन्य नमूनों को चूहों द्वारा नष्ट करने पर नाराजगी जताई है। न्यायालय ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि वह राज्य के सभी थानों के मालखानों में रखे सामान की सुध लें ताकि आइंदा ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए यह निर्देश दिया। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि मामले में शहर के विजय नगर थाने में प्लास्टिक की बोतल में रखा विसरा बारिश में चूहों द्वारा बर्बाद कर दिया गया है, नतीजतन वह नष्ट हो गए और इसकी हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट हासिल नहीं हो सकी है। न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने आदेश में कहा कि इस घटना से पता चलता है कि थानों में रखे सामनों की कितनी दयनीय स्थिति है।

## वांगचुक की भूख हड़ताल जारी, हुई जांच

नई दिल्ली। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों की भूख हड़ताल दिल्ली के लद्दाख भवन में शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रही। रविवार दोपहर से भूख हड़ताल पर बैठे जलवायु कार्यकर्ताओं की नियमित चिकित्सा जांच की गई। वांगचुक ने हाल में कहा था कि जो लोग दिल्ली के लद्दाख भवन में जारी उनकी भूख हड़ताल का समर्थन करना चाहते हैं, वे 13 अक्टूबर को उपवास रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिलने आए लोगों ने पूछा कि किस तरह समर्थन दे सकते हैं।

# घुसपैठ की फिराक में हैं करीब 150 आतंकवादी : बीएसएफ

श्रीनगर, एजेंसी

- सर्दियों के नजदीक आते बढ़ जाती है सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि सर्दियों का मौसम नजदीक होने के साथ ही कश्मीर घाटी में घुसपैठ के लिए करीब 150 आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार विभिन्न लांच पैड पर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा बल ऐसी किसी भी कोशिश को विफल कर देंगे। बीएसएफ के महानिरीक्षक (कश्मीर फ्रंटियर) अशोक यादव ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश जारी हैं। विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त सूचनाओं पर हम सीमा पर नियंत्रण की योजना बनाने के लिए सेना के साथ समन्वय करते हैं। उन्होंने कहा कि हम लांचिंग पैड पर आतंकवादियों की संख्या को भी ध्यान में रखते हैं, जिससे हमें अपनी रणनीति बनाने और आतंकियों को काबू करने की योजना को आकार देने में मदद मिलती है ताकि हम किसी भी साजिश को विफल कर सकें।

